भोपाल

बुधवार, 1 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-2
वर्ष : 13, अंक : 90
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

डॉक्टर्स-डे आज

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## अमरनाथ यात्रा 2026

### कल एलजी मनोज सिन्हा पहले जत्थे को दिखाएंगे हरी झंडी

# 55 हजार श्रद्धालुओं के 'ठहरने' की पुख्ता व्यवस्था

# 3 जुलाई से दोनों रूटों पर एक साथ शुरू होगी यात्रा

**समुद्र तल से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के लिए 57 दिनों की यह यात्रा**

**दो मार्ग**

1. अनंतनाग जिले का पारंपरिक और सुगम 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग
2. गांदरबल जिले का छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग

एजेंसी ▶▶ जम्मू

वार्षिक अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को प्रशासन ने बताया कि यात्रा के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ करीब 55,000 तीर्थयात्रियों के ठहरने का व्यापक इंतजाम किया गया है। बाबा बर्फानी के भक्तों का पहला जत्था 2 जुलाई को सुबह 4 बजे जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर (बेस कैंप) से रवाना होगा, जिसे श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा हरी झंडी दिखाएंगे। समुद्र तल से 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा ▶▶ शेष पेज 6 पर


पहलगाम में श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए टेंट

### यात्रियों के लिए ये निर्देश

- **समय की पाबंदी:** सुबह 6 से 8 बजे के बीच लखनपुर पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को ही सुरक्षा घेरे में जम्मू ले जाया जाएगा। सुबह 8 बजे के बाद आने वालों को सुरक्षा कारणों से वहीं रुकना होगा।
- **वैकल्पिक रास्तों पर रोक:** तीर्थयात्रियों को केवल जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) से ही यात्रा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुगल रोड और धर रोड जैसे वैकल्पिक रास्तों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी।
- **काफिले में आवा-जाही:** उधमपुर और बनिहाल के बीच तय समय-सारणी के अनुसार छोटे-छोटे सुरक्षित जत्थे चलेंगे। श्रद्धालुओं को यातायात विभाग के समय और मौसम संबंधी निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### भारतीय सेना में एक नए युग की शुरुआत

## जनरल धीरज कुमार सेठ बने देश के 31वें सेना प्रमुख

- ▶▶ चुनौतीपूर्ण मोर्चों पर कमान संभालने का अनुभव
- ▶▶ जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना में एक नए युग की शुरुआत हुई है। जनरल धीरज कुमार सेठ ने मंगलवार को भारतीय सेना के 31वें थल सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। ▶▶ शेष पेज 6 पर


धीरज कुमार सेठ


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### कफ सिरप कांड में दो आरोपियों को जमानत

**जबलपुर।** प्रदेश के बहुचर्चित परासिया कफ सिरप तस्करी मामले में मप्र हाईकोर्ट से आरोपियों को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने आरोपी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सतीश वर्मा और उनके साथी शैलेश पांड्या की जमानत याचिका मंजूर करते हुए उनकी रिहाई के आदेश जारी किए हैं। 26 अक्टूबर 2025 को दोनों को गिरफ्तार किया था।



### सीबीडीटी के चेयरमैन का बढ़ाया कार्यकाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी। रवि अग्रवाल अब अनुबंध के आधार पर 1 जुलाई 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे।



### शताब्दी एक्सप्रेस में टिकट चेक कर रहा था फर्जी टीटीई

**अलीगढ़।** प्रीमियम ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस के कोच सी-11 में फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे दुर्गेश कुमार नाम के शख्स को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अलीगढ़ स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर बिना टिकट यात्रियों से पेनल्टी के नाम पर पैसे ऐंठ रहा था। इसी दौरान कोच में असली टीटीई आ गए। आरपीएफ ने आरोपी को दबोच लिया।



## सीएम ने भैंसवा माता, राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में कहा

# इस वर्ष कम बारिश का अनुमान, अब जल स्त्रोतों का 'संरक्षण' निरंतर होगा

सीएम ने कहा कि पिछले 19 मार्च से लगभग 100 दिन चले अभियान में जल संवर्धन के 10 हजार 514 करोड़ की लागत से 3 लाख 63 हज़ार कार्य कराए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल से ही प्रकृति का उद्भव और जीवन का विकास है। इस साल अलनीनो के प्रभाव से कम वर्षा का अनुमान है, इसलिए प्रदेश में अमृत सरोवर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नदी संरक्षण जैसे जल स्त्रोतों के संरक्षण कार्य निरंतर जारी रहेंगे। पिछले 19 मार्च से लगभग 100 दिन प्रदेश में चले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल संवर्धन के 10 हज़ार 514 करोड़ की लागत से 3 लाख 63 हज़ार कार्य कराए गए। इन कार्यों में भरपूर जन समर्थन एवं जन सहयोग मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को राजगढ़ जिले के भैंसवा माता क्षेत्र में प्रदेश में चले जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण के समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 252 करोड़ 65 लाख रुपए के 31 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने भैंसवा माता क्षेत्र के विकास के लिए 20 करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन का अभियान चल रहा है। मप्र में पिछले 3 वर्षों ▶▶ शेष पेज 6 पर

**हितग्राहियों को 21 करोड़ 38 लाख वितरित**


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री पटेल

- **तीसरे चरण में** जल संवर्धन के 10 हजार 514 करोड़ के 3 लाख 62 हजार कार्य पूर्ण
- **252 करोड़** 65 लाख रुपए के 31 विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन एवं लोकार्पण
- **भैंसवा माता** क्षेत्र के विकास के लिए 20 करोड़ रुपए की घोषणा की

### किसानों की समृद्धि का आधार सिंचाई की सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की समृद्धि का आधार सिंचाई की सुविधा है। पिछले 20 वर्षों में हमारी सरकारों में प्रदेश में सिंचाई के रकबे में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारी सरकार किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दे रही है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि विश्व का सबसे बड़ा मेला, हमारी सनातन संस्कृति का प्रतिबिंब, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पानी की प्रत्येक बूंद का संरक्षण करें: मंत्री पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में हुए सभी कार्य प्रामाणिकता के साथ हुए है। हम सभी को पानी की एक-एक बूंद संचित कर भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करना है। राज्य सरकार और सभी अधिकारी-कर्मचारी जनभागीदारी से जल संरक्षण के प्रयास कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के लिए किए भगीरथी प्रयास

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाएं को बढ़ाने के लिए भगीरथी प्रयास किए हैं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। जल संरक्षण के इस अभियान में पंचायतों ▶▶ शेष पेज 6 पर

### देश के 700 जिलों में अच्छा काम हुआ, मप्र के 6 जिले भी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश के 700 जिलो में सबसे अच्छा काम हुआ है। इनमें 6 जिले मप्र के हैं। उनमें राजगढ़ भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि पुराने नदी, तालाब, कुए, बावड़ी, झरनों, उद्गमों को संवारे व नए भी बनाएं। दोनों को जोड़कर जल गंगा संवर्धन अभियान की कल्पना ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रतलाम का हेड कॉन्स्टेबल राजस्थान में रिश्वत लेते गिरफ्तार

## भीलवाड़ा के होटल से 50 हजार रुपए के साथ एसीबी ने दबोचा

**जांच में रियायत देने के बदले मांगी थी 1 लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम/भीलवाड़ा

रतलाम पुलिस का एक हेड कॉन्स्टेबल राजस्थान के भीलवाड़ा में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ है। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल तपेश गोसाई को भीलवाड़ा के एक होटल से ट्रैप किया। यह मामला धोखाधड़ी की एक जांच से ▶▶ शेष पेज 6 पर


टीशर्ट में तपेश गोसाई (आरोपी)

### एसीबी ने ऐसे बिछाया जाल

आरोपी हेड कॉन्स्टेबल 10 हजार रुपए पहले ही एडवांस ले चुका था। शेष बची राशि में से 50 हजार रुपए लेने के लिए उसने फरियादी को भीलवाड़ा के एक होटल में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 14 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

## सीबीआई ने गिरिबाला और समर्थ का वॉयस सैंपल मांगा


गिरिबाला सिंह

**लैपटॉप का पासवर्ड भी तलब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए आरोपी रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे अधिवक्ता समर्थ सिंह का वॉयस सैंपल लेने तथा समर्थ के जब्त लैपटॉप का पासवर्ड उपलब्ध कराने की अनुमति अदालत से मांगी है। मामले में दोनों आरोपियों की न्यायिक ▶▶ शेष पेज 6 पर




### सागर: अस्पताल की लापरवाही मामला

## मासूम ने खोई रोशनी, अब जांच टीम पर ही धमकाने का आरोप



**जांच के बहाने घर जाकर धमकाया बनाया दबाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले के बंडा सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां गलत इलाज के कारण 19 महीने के एक मासूम बच्चे की आंखों की रोशनी चली गई। यह मामला 29 मई 2026 का है। भोपाल एम्स के डॉक्टरों के मुताबिक गलत ड्रॉप डालने से फैले संक्रमण के कारण बच्चे की आंखों की रोशनी गई है। हैरानी की बात यह है कि एक महीना बीत जाने के बाद भी पीड़ित बच्चे को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मैट्रिमोनियल वेबसाइट से फ्रॉड

## 28 लाख ठगने वाला नोएडा का इंजीनियर दिल्ली में धरा



**बीमारी का बहाना बनाकर महिला से ऐंठे थे रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए महिला से 28 लाख रुपए की ठगी करने वाले शातिर आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस के अनुसार वह यूरोप भागने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान जीतू उर्फ जितेंद्र (पुत्र राकेश छोनकर) निवासी नोएडा के रूप में हुई ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ट्रंप को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटका

## यूएस में जन्मे बच्चों को मिलती रहेगी जन्मसिद्ध नागरिकता



**6-3 के बहुमत से ट्रंप का इमिग्रेशन ऑर्डर रद्द**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी को बड़ा झटका देते हुए जन्मसिद्ध नागरिकता को सीमित करने वाले उनके कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया है। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए उस ऐतिहासिक सिद्धांत की पुनः पुष्टि की, जिसके तहत अमेरिकी धरती पर जन्म लेने वाले लगभग सभी बच्चों को स्वतः नागरिकता का ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 1950 का रिकॉर्ड बनेगा जांच का आधार

## जाति प्रमाण पत्र विवाद मामले में राज्य मंत्री बागरी को नोटिस


प्रतिमा बागरी

**6 जुलाई को छानबीन समिति के सामने होना होगा पेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। अनुसूचित जाति विकास विभाग की राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने मंत्री को नोटिस जारी कर 6 जुलाई 2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। समिति ने उनसे जाति प्रमाण पत्र की वैधता से जुड़े सभी मूल दस्तावेज मांगे हैं। यह कार्रवाई मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ के उस निर्देश के बाद तेज हुई है, जिसमें अदालत ने छानबीन समिति को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राजधानी में करीब 90 मिमी अधिक बारिश के साथ जून महीना विदा

## सागर-जबलपुर पहुंचा मानसून, भोपाल में दो दिन का इंतजार, इस महीने 450 मिमी से अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार से मानसूनी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं, लेकिन मानसून ऑनसेट के लिए एक से दो दिन का समय और लग सकता है। मानसून प्रदेश में कुछ आगे बढ़कर अब सागर, जबलपुर तक पहुंच गया है। अगले दो दिन इसके आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल हैं। इस बीच भोपाल में जून महीने की विदाई के साथ बारिश के आंकड़े सामान्य से करीब 90 मिमी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**गुरुवार तक मानसून भोपाल तक ऑनसेट हो सकता है**


राजधानी में छाए रहे बादल, शाम 6:34 बजे एयरपोर्ट रोड का दृश्य

### प्रदेश में आकाशीय बिजली और बाढ़ से 5 की मौत

प्रदेश में तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली और बाढ़ का कहर देखने को मिला है। हरदा में बिजली गिरने से किसान प्रदीप राठौर (32) और खरगोन में राधेश्याम (30) व केनू (30) की मौत हो गई। वहीं, बैतूल के चुना गोसाई ▶▶ शेष पेज 6 पर

### महाधिवक्ता की कानूनी राय के बाद जीएडी का पत्र जारी

## 10 साल बाद खुले प्रमोशन के रास्ते, सरकार ने विभागों को प्रक्रिया शुरू करने के दिए निर्देश

**कोर्ट के अंतिम फैसले के अधीन होंगे पदोन्नति आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। करीब दस वर्षों से रुकी पदोन्नति (प्रमोशन) प्रक्रिया अब शुरू होने जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सोमवार को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को पत्र जारी कर महाधिवक्ता की कानूनी राय के आधार पर पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं।



**हरिभूमि ने पहले ही बताया था**

ज्ञात हो कि 'हरिभूमि' ने 26 जून के अंक में '4.50 लाख सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का फिर से होगा प्रमोशन' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें बताया था कि प्रमोशन की प्रक्रिया दोबारा शुरू होने वाली है। इससे करीब 4.50 लाख सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को लाभ होगा।


4.50 लाख सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का फिर से होगा प्रमोशन

जीएडी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 को लेकर लंबित याचिकाओं के संबंध में महाधिवक्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन की कानूनी राय उपलब्ध कराई है। इसी राय के आधार पर विभागों को विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) की बैठकें आयोजित कर आगे की कार्रवाई करने को कहा गया है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### विभागों में बड़ी संख्या में उच्च पद रिक्त

सरकार ने कानूनी राय में यह भी उल्लेख किया है कि लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने के कारण विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में उच्च पद रिक्त पड़े हैं। कई विभाग लगभग 40 प्रतिशत स्वीकृत क्षमता पर काम कर रहे हैं, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और निचले पदों पर नई भर्तियां भी अटकी हुई हैं।

# DOCTOR'S


चर्म रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ

डॉ. पूर्वा शारदा
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
(डर्मोटोलॉजी, वेनेरीयोलॉजी एवं लेप्रोलॉजी)

त्वचा, बाल एवं नाखून संबंधित बीमारियों का इलाज

- सभी प्रकार के चर्म रोग जैसे की दाद, खाज, खुजली, एलर्जी व फोड़े-फुंसी का इलाज
- कील-मुहासो व गड्ढो का इलाज
- सफेद दाग का इलाज
- मस्से व तिल का इलाज
- झाईयां व काले पन का इलाज
- आंखों के नीचे आए काले घेरे का उपचार
- एक्जीमा एवं सोरासिस
- योन रोग
- स्टेच मार्कस हटाना
- बालो का झड़ना व डेन्ड्रफ
- गंजेपन का इलाज
- लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना
- बच्चो एवं बुजूगो के चर्म रोग
- नाखूनो के रोग

Medical and Cosmetic Dermatology
Derm Atelier

Procedures
- Laser Hair Removal
- Dermaroller Therapy
- Microdermabrasion
- Chemical Peeling
- Mesotherapy • Co2 Laser
- PRP • Tattoo Removal
- Allergy Testing • Skin Lightening
- Dermapen Therapy
- Radio Frequency Ablation
- Wart Removal
- Acne Scar Surgeries

परामर्श हेतु अपॉइन्मेंटः +91-9977085132

Clinic 1 - DermAtelier - Medical and Cosmetic Dermatology
Sharda Hospital - 189-A, Aardhana Nagar, Kotra, Bhopal
Timing - 1.00PM to 8.00PM
Clinic 2 - DermAtelier - Medical and Cosmetic Dermatology
Dr. Poorva's Skin & Hair Clinic, E-74, BDA Colony, Koh-e-fiza, Bhopal
Timing - Morning 11.00 AM to 12.30 PM & Evening 8.00 PM to 9.30 PM



डॉक्टर-डे
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभेच्छु


## वीडियो ब्रांकोस्कोपी



**डॉ. पी. एन. अग्रवाल**
(एम. डी, डीएम)
श्वांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ

फेफड़ो एवं श्वांस नलिकाओं (Lung & Airways) का दूरबीन पद्धति से किये जाने वाला अध्ययन जो कि सुरक्षित, उपयोगी व कम खचीर्ला होता है। आधुनिक चिकित्सा की इस सदी में Fibre Optic Video Bronchoscopy श्वांस रोगों के उपचार में एक वरदान साबित हुई है। यह विधि पूर्णतः सुरक्षित है और अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है।

ब्रांकोस्कॉपी : निम्न बीमारियों/लक्षणों के सही डायग्नोसिस करने में बहुत उपयोगी है।

चेस्ट इन्फेक्शन जैसे- (1) टी.बी (2) निमोनिया (3) कैंसर (4) सारकोयडोसिस (5) लंबी खांसी एवं खांसी में खून आना (6) इलाज के बावजूद चेस्ट एक्स-रे के धब्बे या खराबी का ठीक न होना (7) आवाज में परिवर्तन तथा वोकल कॉर्ड की बीमारियां जैसे (Polyp, Growth, Nodule & Paralysis) आदि। ब्रांकोस्कॉपी के द्वारा Secretions, Biopsy, Needle Aspirate और Lung biopsy tissue प्राप्त किया जाता है जिसका Microscopic अध्ययन विभिन्न रोगों के डायग्नोसिस में सहायक होता है। ब्रांकोस्कॉपी द्वारा जो मरीज वेंटीलेटर पर है या गंभीर बीमारी से ग्रसित है उनकी श्वांस नलिकाओं में फंसे खून के थक्के, गाढ़े सीक्रीशन व म्यूकस प्लग निकाले जाते हैं। इस विधि के द्वारा श्वसन मार्ग में फंसे सुपाड़ी के टुकड़े, चना, मूंगफली के दाने, सीताफल और इमली के बीज, पिन, कीलें, प्लास्टिक की सीटी एवं पेन के ढक्कन आदि निकाले जाते हैं। (समय पर नहीं निकाले जाने की स्थिति में Airway foreign body बच्चों में जानलेवा हो सकती है)

विधि : इस जांच के लिए मरीज को 4 घंटे खाली पेट रहना अनिवार्य होता है, जांच शुरू करने से पहले नाक व गले की आंतरिक सतह को जाइलोकेन जैली व स्प्रे के द्वारा सुन्न (Anaesthetise) किया जाता है इसके बाद Bronchoscope को नाक के रास्ते से (कभी-कभी मुंह से) प्रवेश कराया जाता है। क्रमशः गला व वोकल कॉर्ड ट्रेकिया व ब्रोंकियल ट्री का अध्ययन मॉनीटर पर करते जाते हैं और जरूरी फोटो व वीडियो को रिकार्ड करते जाते हैं। इस दौरान माइक्रोस्कोपिक अध्ययन के लिये सैम्पल भी इकट्ठे किये जाते हैं। इस पूरी विधि में मरीज का आक्सीजन सेचुरेशन, हार्ट बीट लगातार मॉनीटर की जाती है और जरूरत पड़ने पर आक्सीजन सपोर्ट दिया जाता है। इस पूरी विधि में 10-15 मिनट का समय लगता है।

फायदे Advantage: (1) OPD Procedure इसके लिए मरीज को भर्ती नहीं होना पड़ता है। (2) कम समय में फेफड़ो की गंभीर बीमारियों का सही डायग्नोसिस होता है। (3) कम खचीर्ली है और अन्य मंहगी जांचो व बड़े आपरेशन से बचाती है। (4) इस विधि का प्रयोग हर उम्र के मरीजों में किया जाता है। (5) इस विधि से श्वांस नलियों के स्वस्थ व विकृत भाग के फोटो व वीडियो प्राप्त होते हैं जोकि भविष्य में Reference और Record के काम आते हैंऔर चिकित्सकीय सलाह के लिये उपयोगी होते हैं।

**निम्न अवस्थाओं में ब्रांकोस्कोपी करना सुरक्षित नहीं होता है:** (1) जब पिछले 3-4 सप्ताह में हार्ट अटैक आया हो, (2) हार्ट फेल्यर (सी.सी. एफ.) की स्थिति में, (3) जो मरीज कोमा में हो, (बेहोश हो), (4) जो मरीज मानसिक रूप से तैयार न हो। (5) जिनके शरीर में आक्सीजन की मात्रा (सैचुरेशन) बहुत कम हो।

- लेखक अग्रवाल हॉस्पिटल के संचालक


माँ सा ख्याल आखों का
'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया'
42 वर्षों का अनुभव एवं विश्वास का नाम
जैसी दृष्टि - वैसी सृष्टि
ISO 9001 : 2015 Certified
माताश्री नेत्रालय
लेसिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी नेत्र अस्पताल
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा — वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक
डॉ. वाहवीर सिंह बिन्द्रा — रेटिना विशेषज्ञ
डॉ. प्रीति बिन्द्रा — फेको, कॉर्निया एवं लेसिक विशेषज्ञ
First In Bhopal
PHOCO SYSTEM
JOHNSON VERITAS
रेटिना के लिए विश्वप्रसिद्ध
"Constellation Vision System"
मोतियाबिंद ऑपरेशन की आधुनिक तकनीक उपलब्ध
एल्कॉन सेंचुरियन विज़न तकनीक
(Alcon Centurion Vision System)
समय : सुबह 10.30 से 6.30 बजे तक (रविवार अवकाश)
जी-2, मनोरा होम्स के पास, ऑरा माल के पीछे, गुलमोहर, भोपाल
फोन- 0755-2562222, 33, 9826084896 (सुबह 10.30 से 12)
मीनाल सेंटर – 4 नं. गेट के पास, मो. नं. 9826084986 (शाम 5. से 7.30)
माता मंदिर – 1/4 संजय काम्पलेक्स, फोन– 0755 277726 (सुबह 10.30 से 12)



अग्रवाल अस्पताल
Estd. in 2002
सभी तरह के श्वांस रोगों (साधारण एवं गंभीर) की जांच, डायग्नोसिस एवं भर्ती के लिए सर्व सुविधायुक्त अस्पताल
एन.ए.बी.एच. प्रमाणित
NABH ACCREDITED HOSPITAL
विशेषताएँ :
- क्रिटिकल केयर एवं वेंटिलेटर केयर
- निमोनिया / इंफेक्शन / सेप्सिस एवं मल्टी ऑर्गन फेलियर का उपचार
- दमा (अस्थमा), एलर्जी, सी.ओ.पी.डी., ब्रांकाइटिस, क्षय रोग (टी.बी.), प्लूरिसी का उपचार
- फेफड़े का कैंसर, लंग फाइब्रोसिस, स्लीप एपनिया (O.S.A.) का उपचार
- लंबी खांसी, सांस फूलना, खांसी में खून आना, सीने में दर्द के लिए परामर्श एवं उपचार

डॉ. प्रियनाथ अग्रवाल
एम.डी., डी.एम., एफ.सी.सी.पी.
श्वांस रोग विशेषज्ञ

प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी सभी समस्याओं की जांच, उपचार एवं सर्जरी नवीनतम तकनीक द्वारा
विशेषताएँ :
- हाईरिस्क प्रेगनेंसी • नार्मल डिलीवरी एवं
- सभी मेजर एवं माइनर ऑपरेशन • दूरबीन/लैप्रोस्कोपी विधि से बच्चेदानी निकलना
अन्य विशेषताएँ :
निम्न रोगों पर फिजिशियन द्वारा परामर्श एवं उपचार
- हाइपरटैंशन (High B.P) • डायबिटीज (High Blood Sugar)
- जोड़ों की समस्यायें • मिर्गी • सरदर्द एवं चक्कर का उपचार
- पाचन संबंधी रोगों का उपचार

डॉ. नीलिमा अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
स्त्री रोग विशेषज्ञ

यूट्यूब चैनल के लिए इस QR कोड को स्कैन करें
YouTube Type Dr. P.N. Agrawal
लोकेशन देखने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें
ई-3/34, अरेरा कॉलोनी, वीर सावरकर फ्लाई ओवर एवं गणेश मंदिर के पास, भोपाल (म.प्र.)
फोन : 89594 44999, 0755- 2462233, 4283383, 4278190
info@agrawalhospital.com | Website : www.agrawalhospital.com



डॉक्टर-डे
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभेच्छु



सेवाऐं :- ओजस हॉस्पिटल
- 24X7 पैथोलॉजी
- 24X7 दवाईयाँ
- फिजियोथैरिपी
- मेडी क्लेम एवं टीपीए डेस्क
- जनरल एवं लेपेरोस्कोपीक सर्जरी
- ई.एन.टी. सर्जरी
- जनरल एवं इन्टरनल मेडिसिन
- ओब्स एवं गायकनोलॉजिस्ट विथ लेबर रूम
- पेडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी
- ऑर्थोपेडिक्स, जॉईंट रिप्लेस्मेंट एवं स्पाईन सर्जरी
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर विथ सी-आर्म
- लैपरास्कोप, ऐनेस्थीसिया वर्कस्टेशन
- 10 बैड आईसीयू एवं 6 बैड एनआईसीयू
- डिजीटर एक्स-रे (300एम.ए) एवं पॉटेबल एक्स-रे

OJAS HOSPITAL
प्लॉट नं. -10-11, अरविन्द विहार
सेन्ट्रल प्लाज़ा के पीछे, बागमुगलिया
मेन रोड, भोपाल, (म.प्र.) -462043
PH.: 6232160222, 9074783228, 0755-4255255

## विदेशी चमक-दमक के बीच जीएमसी के पूर्व छात्रों की 'घर वापसी'

### हमीदिया अस्पताल को वर्ल्ड क्लास बनाने में जुटे 1100 डॉक्टर

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

- अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में करियर बनाने के बाद भी मातृसंस्था को नहीं भूले
- अपनी विशेषज्ञता और आर्थिक सहयोग से मरीजों व जूडा का भविष्य संवार रहे

आज डॉक्टर्स-डे है। यह दिन उन चिकित्सकों के प्रति आभार जताने का है, जो निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करते हैं। इस मौके पर मिलिए गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के उन पूर्व डॉक्टरों से, जिन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देशों में सफल करियर बनाने के बाद भी मातृसंस्था से नाता नहीं तोड़ा।

ये डॉक्टर न केवल अस्पताल के विकास में आर्थिक सहयोग दे रहे हैं, बल्कि अपनी विशेषज्ञता से हमीदिया के मरीजों और जूनियर डॉक्टरों का भविष्य भी संवार रहे हैं।

### करियर की ऊंचाइयों के बीच नहीं भूले गांधी मेडिकल कॉलेज के अपने दिन




आमतौर पर यह देखा जाता है कि पढ़ाई पूरी कर विदेश में बसने के बाद डॉक्टर अपने पुराने संस्थानों को भूल जाते हैं, लेकिन गांधी मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्रों ने इस धारणा को बदला है। बरसों से विदेशों में सेवाएं देने के बावजूद वे अपने कॉलेज और हमीदिया अस्पताल की जरूरतों से लगातार जुड़े हुए हैं। इन डॉक्टरों ने न केवल अस्पताल के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में रुचि दिखाई है, बल्कि जूनियर डॉक्टरों के शोध कार्यों (रिसर्च) को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी ली है। विदेशों में हो रहे नए ट्रीटमेंट और तकनीकों की जानकारी ये विशेषज्ञ यहां के डॉक्टरों के साथ साझा कर रहे हैं, ताकि अस्पताल आने वाले आम मरीजों को भी आधुनिक इलाज मिल सके।

### 1100 डॉक्टरों का मजबूत नेटवर्क 600 सुपर स्पेशलिस्ट दे रहे सेवाएं

जीएमसी के पूर्व छात्रों का यह नेटवर्क आज बेहद मजबूत हो चुका है, जिसमें मध्यप्रदेश से जुड़े करीब 1100 डॉक्टर शामिल हैं। ये सभी अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे देशों के नामी अस्पतालों में कार्यरत हैं। गर्व की बात यह है कि इनमें से लगभग 600 डॉक्टर सुपर स्पेशलिस्ट हैं। इन सभी डॉक्टरों का मुख्य उद्देश्य यही है कि उनके अनुभव और विशेषज्ञता का सीधा लाभ जीएमसी के छात्रों और मरीजों को मिले।

### 70वीं वर्षगांठ पर कॉलेज के विकास के लिए आगे आए हाथ

जीएमसी एलुमनी के सचिव डॉ. अजय मेहता ने बताया कि इस वर्ष गांधी मेडिकल कॉलेज स्थापना की 70वीं (प्लेटिनम) वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर जब विदेश में रह रहे पूर्व छात्रों से कॉलेज की बेहतरी के लिए सहयोग मांगा गया, तो उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। गोल्डन, डायमंड और प्लेटिनम श्रेणियां तय की, जिसके तहत पूर्व छात्र क्रमशः एक लाख, ढाई लाख और पांच लाख रुपए तक की आर्थिक मदद भेज रहे हैं।

### बुनियादी सुधार और रिसर्च में योगदान दे रहे ये डॉक्टर

- **डॉ. रजनीश जैन (अमेरिका)** प्रदेश में सिकलसेल बीमारी के इलाज को बेहतर बनाने के लिए जीएमसी के साथ मिलकर रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।
- **डॉ. शुभ्रा घोष (अमेरिका)** जीएमसी ऑडिटोरियम की छत की मरम्मत के बाद अब उसके पूरे जीर्णोद्धार में सहयोग कर रही हैं।
- **डॉ. दीपिका सिंह (अमेरिका)** कॉलेज के क्लासरूम और अन्य जरूरी हिस्सों की मरम्मत व रिनोवेशन के लिए आर्थिक मदद दे रही हैं।
- **डॉ. मनीषा खरे (ब्रिटेन)** छात्रों की रिसर्च गतिविधियों, सामाजिक कार्यों और कॉलेज परिसर के रख-रखाव के लिए फंड उपलब्ध करा रही हैं।
- **डॉ. सलमा खान (कनाडा)** पैसे की कमी के कारण किसी छात्र की रिसर्च न रुके, इसके लिए फंडिंग और जरूरी संसाधन जुटा रही हैं।
- **डॉ. लीना गुप्ता (अमेरिका)** जूनियर डॉक्टरों में रिसर्च की रुचि बढ़ाने के लिए आर्थिक मदद और अन्य सुविधाएं मुहैया करा रही हैं।
- **डॉ. हेमंत ओझा (ब्रिटेन)** किडनी की बीमारियों के आधुनिक इलाज और उससे जुड़े शोध कार्यों के लिए वित्तीय सहायता दे रहे हैं।

---

### तीन सीढ़ी तालाबों के किनारे कचरे से फैल रही बदबू, निगम प्रशासन का ध्यान नहीं

## शहर की वाटर बॉडी का निरीक्षण करने आएगी वाटर प्लस की टीम, लेकिन तालाबों के बुरे हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- नवाब सिद्दीकी हसन और बाग मुंशी हुसैन खां तालाब गंदगी से घिरे
- लेंडिया तालाब भी बदहाली से घिरा कचरे, जलकुंभी से पट गया है

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण पूरा होने के बाद अब वाटर प्लस की टीम जल्द भोपाल पहुंचेगी। यह टीम शहर के तालाबों के अलावा आसपास डैम और वाटर बाडी का सर्वेक्षण करेगी। जबकि बीते साल टीम शहर के जिन तालाबों का सर्वेक्षण करने पहुंची थी, उनकी सफाई की ओर निगम प्रशासन का ध्यान नहीं है।

मंगलवार को तीन सीढ़ी तालाब जिनमें मोतिया तालाब, बाग मुंशी हुसैन खां और नवाब सिद्दीक हसन तालाब की हरिभूमि की टीम ने स्थिति देखी तो तालाब के किनारे पानी में गंदगी तैरती मिली और बदबू फैल रही थी। यह लापरवाही उस समय जब शहर की वाटर बाडी का सर्वेक्षण होना बाकी है।

सबसे अधिक गंदगी से नवाब सिद्दीकी हसन और बाग मुंशी हुसैन खां तालाब घिरे हैं, जबकि लेंडिया तालाब भी बदहाली से घिरा है। इसके आसपास नगर निगम ने सुरक्षा दीवार जरूर बनवाई है, लेकिन आए दिन यह जलकुंभी से पट जाता है। शहर के कलियासोत डैम, बड़ा तालाब, कोलार आदि स्थानों पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर लगातार स्वच्छता मुहिम चला रहे हैं।

### महापौर ने अपना वाहन रोककर करवाई थी सफाई




नवाब सिद्दीक हसन तालाब के किनारे फैला कचरा।

पिपलानी इलाके में बीते दिनों महापौर ने तालाब किनारे गंदगी देखकर तत्काल अपना वाहन रुकवाकर मौके पर अधिकारियों को बुलाया और सफाई करवाई। महापौर ने कलियासोत डैम पहुंचकर श्रमदान भी किया था। इसके बावजूद पुराने शहर के तालाबों की अनदेखी की जा रही है।

### मेयर का तर्क-तालाबों के संरक्षण-संवर्धन पर पूरा ध्यान

मेयर मालती राय ने कहा कि तालाब हमारे शहर की पहचान हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन पर पूरा फोकस है। तालाब और उनके आसपास लगातार सौंदर्यीकरण हो रहा है। तालाबों में सफाई में अगर कहीं लापरवाही हो रही है तो सख्त कार्रवाई होगी और तुरंत झील संरक्षण प्रकोष्ठ के अधिकारियों से चर्चा करके सफाई करवाई जाएगी।



बाग मुंशी हुसैन खां के किनारे कचरे का ढेर।

### कहीं पाइप खराब को कहीं सिस्टम केवल दिखावा, 7 दिन की मोहलत आज होगी खत्म

दिल्ली और लखनऊ की इमारतों में आगजनी के बाद राजधानी में बहुमंजिला इमारतों में फायर सिस्टम की जांच शुरू की गई। अब तक 150 से ज्यादा भवनों और कोचिंग सेंटरों की जांच फायर टीमें कर चुकी हैं, जिनमें अधिकांश में कमियां पाई गईं। ऐसे 100 से ज्यादा भवन संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिन्हें सात दिन दी गई मोहलत बुधवार को खत्म हो रही है। फायर टीमें दोबारा उन भवनों का निरीक्षण करेंगी और कमियां दूर नहीं करने पर सख्त कार्रवाई तय होगी। नगर निगम की फायर शाखा ने शहर के हमीदिया अस्पताल सहित 100 से ज्यादा हाईराइज बिल्डिंग और 50 से ज्यादा कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं। यह नोटिस फायर सिस्टम बंद मिलने और वेंटीलेशन सहित आने-जाने का एक ही रास्ता होने पर मिले हैं। टीम को ज्यादातर बहुमंजिला इमारतें जांच में ऐसी मिल रही हैं जिनमें फायर सेफ्टी का पालन नहीं किया जा रहा है।



एमपी नगर में स्थित बिल्डिंग।

### संस्थानों में कमियां मिली

लखनऊ की एक कोचिंग में हुई अगजनी की घटना के बाद के शहर के एमपी नगर, पिपलानी, न्यू मार्केट, टीटी नगर, कोलार और संत नगर में संचालित कोचिंग संस्थानों की जांच की। जिनमें कमियां पाई गईं। नगर निगम के फायर ऑफिसर सौरभ पटेल के मुताबिक फायर कंट्रोल समय-समय पर मॉल, हाईराइज बिल्डिंग, होटल, सिनेमा हॉल सहित सरकारी-निजी अस्पताल, कोचिंग संस्थानों की जांच करता है। इसमें देखा जाता है कि फायर सिस्टम काम कर रहे हैं या नहीं? आगजनी के समय लोग आसानी से बाहर निकल सकते हैं या नहीं? यह सब देखा जाता है। फायर सेफ्टी रूल्स के मुताबिक 15 मीटर के भवन के लिए फायर एनओसी लेना अनिवार्य है।

---

### निगम ने सुनवाई के बाद कलेक्टर को भेजी आपत्तियां

## किनारे की बिल्डिंगों को बचाने दोबारा तालाब का सीमांकन

**निगम, टीएंडसीपी और जिला प्रशासन ने किया था सर्वे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच महीने पहले जोर-शोर से किए गए बड़े तालाब के सीमांकन पर सवाल खड़े हो गए हैं, जिसकी वजह से निजी जमीनों पर बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दायरे में बने पक्के और आलीशान मकान एक बार फिर कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि चिन्हित 21 अतिक्रमणों को हटाने के पहले ही आपत्तियों के आधार पर दोबारा सर्वे करने की बात कही गई है। इसमें सबसे ज्यादा अतिक्रमण टीटी नगर और बैरागढ़ क्षेत्र में हैं।

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दायरे में नो-कंट्रक्शन जोन को लेकर जिला प्रशासन ने 347 अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाने का काम शुरु किया था, जिसमें कच्चे अतिक्रमणों को हटा दिया गया, लेकिन पक्के और आलीशान बंगलों को तोड़ने से पहले आपत्तियां पेश कर दी गई हैं। हालांकि जिला प्रशासन के अफसरों का कहना है कि जिन अतिक्रमणकारियों ने आपत्तियां पेश की हैं, उनका दोबारा से सर्वे करा लिया जाएगा। इसके बाद अतिक्रमण को हटाया जाएगा।



तालाब के किनारे स्थित मकान।

### टीटी नगर में 59 बैरागढ़ में 37 निजी अतिक्रमण

शहर के बड़े तालाब के सीमांकन में बैरागढ़ सर्कल में 37 निजी अतिक्रमण मिले हैं। इधर टीटी नगर में 127 अतिक्रमण चिन्हित किए हैं, जिसमें 59 निजी और 78 सरकारी अतिक्रमण हैं। यह अतिक्रमण वीआईपी रोड, खानूगांव, बोरवन, सेवनिया गौंड और प्रेमपुरा में हैं। इधर वन विहार के पास जॉक रेस्टॉरेंट, लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन में बनी 26 दुकान, विंड्स एंड वेब, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कांपलेक्स, लहर जिम को अतिक्रमण में दर्ज किया गया है।

### आपत्तियों का करेंगे निराकरण

बड़े तालाब के सीमांकन को लेकर किसी की कोई आपत्ति है तो सीमांकन के नियमों के अनुसार राजस्व अधिकारी द्वारा आपत्ति का निराकरण किया जाएगा।

प्रियंक मिश्रा, कलेक्टर

---

### सोशल मीडिया पर हंगामे का वीडियो वायरल

## रातीबड़ में महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप थाने में हंगामा, ट्रैवल संचालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र में महिलाओं से कथित छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति रात के समय क्षेत्र में हंगामा करता दिखाई दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिलाएं शिकायत दर्ज कराने रातीबड़ थाने पहुंचीं। इस दौरान थाने में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। महिलाओं ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में ट्रैवल संचालक अमित मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो सकें। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चा का माहौल है।



### एसीपी उमेश तिवारी होंगे प्रभारी

## भोपाल डबल मर्डर केस की जांच के लिए एसआईटी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बहुचर्चित डबल मर्डर मामले की जांच अब विशेष जांच दल (एसआईटी) करेगी। पुलिस कमिश्नरेट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन कर दिया है। हबीबगंज एसीपी उमेश तिवारी को एसआईटी का प्रभारी बनाया गया है।

गौरतलब है कि 26 जून को शहर में बारीक दंपती के शव मिले थे। घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। पुलिस ने अब एसआईटी गठित की है। नई टीम तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और अन्य पहलुओं की दोबारा गहन पड़ताल करेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही अहम खुलासे की उम्मीद है।

### सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी, पुलिस की तलाश जारी

## अशोका गार्डन से 9 वर्षीय बच्ची का अपहरण कुछ घंटों में अरेरा हिल्स से सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र से मंगलवार सुबह नौ वर्षीय बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया। एक बाइक सवार युवक बच्ची को अपने साथ ले गया था। जानकारी मिलते ही पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। कुछ ही घंटों बाद बच्ची को अरेरा हिल्स क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। हालांकि, आरोपी युवक फरार हो गया।

### फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान

पुलिस के मुताबिक, बच्ची को बाइक पर ले जाते हुए आरोपी की पूरी गतिविधि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश देने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बच्ची से भी पूछताछ कर रही है कि आरोपी उसे किस उद्देश्य से साथ ले गया था।

### गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दी गई है। मामले में सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और अन्य सुरागों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

---

### सतर्कता से टला बड़ा हादसा

### ट्रेन के मैनेजर ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ट्रेन के ब्रेक लगा दिए

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंसी... बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- ब्रेकवान से प्रेशर ड्रॉप कर ट्रेन को तत्काल रोक दिया
- प्लेटफार्म 4 की घटना, रेलवे स्टाफ ने निकाला बाहर

भोपाल रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। अमरकंटक एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में एक महिला यात्री का पैर फिसल गया। वह प्लेटफॉर्म और चलती ट्रेन के बीच गिर गई। इस दौरान ट्रेन के मैनेजर की तत्परता दिखाते हुए तुरंत ट्रेन के ब्रेक लगा दिए। इससे महिला को नया जीवनदान महिला गया।

भोपाल मंडल में कार्यरत ट्रेन मैनेजर अभिषेक परसाई की सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण मंगलवार को एक महिला यात्री की जान बच गई। उनकी सूझबूझ से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टल गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार अभिषेक परसाई गाड़ी संख्या 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस में ट्रेन मैनेजर के रूप में मंगलवार को ड्यूटी कर रहे थे।

### पैर फिसलने के कारण कोच के नीचे जाने लगी तो रोक दी ट्रेन




घायल महिला यात्री और उसके परिजन।

ट्रेन तय समय पर शाम 4 बजे भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-4 से रवाना हुई। इस दौरान एक महिला यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, तभी उसका पैर फिसल गया और वह कोच के नीचे जाने लगी। इस गंभीर स्थिति पर ट्रेन मैनेजर की नजर पड़ते ही उन्होंने बिना किसी विलंब के अपने ब्रेकवान से प्रेशर ड्रॉप कर ट्रेन को तत्काल रोक दिया। इसके बाद प्लेटफॉर्म-ट्रेन के बीच में फंसी महिला को अन्य यात्रियों व रेलवे स्टॉफ ने महिला यात्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके चलते ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से टला बड़ा हादसा टल गया।

### अधिकारियों को सूचना दी

घटना में घायल महिला यात्री सीमा ठाकुर भोपाल से पिपरिया की यात्रा कर रही थीं।



ट्रेन मैनेजर अभिषेक परसाई।

महिला व परिजन से बात करने के बाद चलती ट्रेन में ही ब्रेकवान में लाकर प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) प्रदान किया गया। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को तत्काल दी गई। इसके बाद इलाज के लिए इटारसी स्टेशन पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए मैसेज भेजा गया। जहां पर महिला का इलाज कराया गया।

---

### बिजनेस साइट

## मल्टीकैप निवेश -मार्केट के अलग-अलग हिस्सों में मौकों का फायदा उठा सकते हैं निवेशक

**भोपाल।** इक्विटी मार्केट में बहुत उतार-चढ़ाव होता है, और किसी भी समय लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप कंपनियों के बीच लीडरशिप बदल सकती है। बिज़नेस साइकिल के अलग-अलग दौर में अलग-अलग तरह के स्टॉक बेहतर प्रदर्शन करते हैं, और निवेशकों के लिए हर समय मुनाफ़े वाले निवेश खोजना मुश्किल हो सकता है। यहीं पर मल्टीकैप निवेश काम आ सकता है।

मल्टीकैप अप्रोच में एक डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाना शामिल है, जिसमें लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप साइज़ की कंपनियों की इक्विटी में कम से कम 25% का एलोकेशन होता है। लार्ज-कैप में आमतौर पर वे कंपनियां शामिल होती हैं जिनका बिज़नेस रिकॉर्ड स्थिर होता है, फाइनेंशियल स्थिति मज़बूत होती है और जो मुश्किल समय में भी डटी रहती हैं। वे पोर्टफोलियो में एक सुरक्षित निवेश की तरह काम करती हैं।

दूसरी ओर, मिड-कैप में आमतौर पर स्थिरता और ग्रोथ की संभावना दोनों होती हैं। इनमें वे कंपनियां शामिल होती हैं जिन्होंने अपने खास सेक्टर में खुद को साबित किया है, लेकिन अब वे अपने लाइफ साइकिल के एक नए चरण में बढ़ रही हैं। इसीलिए कई मिड-कैप कंपनियों में ज़बरदस्त ग्रोथ की संभावना होती है।

स्मॉल-कैप को शामिल करने से निवेश पोर्टफोलियो में एक बिल्कुल नया आयाम जुड़ता है। स्मॉल-कैप कंपनियाँ अक्सर खास क्षेत्रों या उभरते उद्योगों में काम करती हैं और लंबे समय में बहुत ज़्यादा मुनाफ़ा कमाने की क्षमता रखती हैं। हालांकि उनमें बहुत उतार-चढ़ाव होता है, लेकिन हमेशा यह संभावना रहती है कि वे बड़ी एसेट्स बना सकती हैं।



**अभिषेक असाटी**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

मल्टीकैप निवेश रणनीति का मुख्य फ़ायदा यह है कि इसमें अलग-अलग मार्केट सेगमेंट में निवेश को डायवर्सिफ़ाई किया जा सकता है। अपना सारा पैसा एक ही तरह के स्टॉक में लगाने के बजाय, इसमें संभावित रिटर्न देने वाले कई तरह के फैक्टर शामिल होते हैं।

लंबे समय के नज़रिए से, निवेशक बढ़ती भारतीय बाज़ार का फ़ायदा उठाने और एक मज़बूत पोर्टफोलियो बनाने के लिए मल्टीकैप रणनीतियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

भारत का सबसे पुराना मल्टीकैप फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टीकैप फंड, जिसे अक्टूबर 1994 में लॉन्च किया गया था, लार्ज-कैप में निवेश करके स्थिरता और मज़बूती देता है, और मिड व स्मॉल-कैप में निवेश करके ग्रोथ के मौके बढ़ाता है। यह स्ट्रक्चरल और साइक्लिकल रणनीतियों के ज़रिए लार्ज-कैप की स्थिरता और मिड व स्मॉल-कैप की ग्रोथ के बीच संतुलन बनाता है। फंड का लक्ष्य बेंचमार्क के मुकाबले पोर्टफोलियो होल्डिंग्स के वेटेज को सक्रिय रूप से मैनेज करना है। 30 मई, 2026 तक, इसने 19.67% (3 साल), 16.51% (5 साल) और 15.01% (शुरुआत से) का सीएजीआर दिया है।

वार्ड 10, 11 और 12 के हजारों रहवासी प्रतिदिन अंडरब्रिज से करते हैं आवागमन

# अर्जुन नगर अंडरब्रिज में भरा बारिश का पानी, जलभराव से बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर स्थित वार्ड 10, 11 और 12 के हजारों रहवासी प्रतिदिन अंडरब्रिज से होकर आवागमन करते हैं, लेकिन बारिश शुरू होते ही यह अंडरब्रिज जलभराव की गंभीर समस्या से जूझने लगा है।

अंडरब्रिज में लगातार पानी भरा रहने से लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज में जमा गंदे पानी में सांप और बिच्छू भी दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटना और जनहानि का खतरा बना रहता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है, जिन्हें इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है।

**अंडरब्रिज में जमा गंदे पानी में सांप और बिच्छू भी दिखाई दे रहे**



अंडरब्रिज में भरा बारिश का पानी।

### अधिकारी और नप जनप्रतिनिधि नहीं लेते जायजा

रहवासियों का आरोप है कि है कि संबंधित अधिकारी और नगर परिषद के प्रतिनिधि मौके पर आकर स्थिति का जायजा तक नहीं लेते और न जल निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था की जा रही है। नागरिकों ने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि अंडरब्रिज से तत्काल पानी की निकासी कराई जाए तथा स्थाई राहत दिलाने के लिए उचित ड्रेनेज व्यवस्था बनाई जाए। उनका कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

### लोगों ने की जल भराव की निकासी व्यवस्था की मांग

बारिश के शुरुआती दौर में ही सामने आई इस समस्या ने नगर परिषद की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अर्जुन नगर के नेता वचन लोधी, पदम चौहान, आरती यादव, माखन सेन, राहुल प्रजापति, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लेश यादव, रवि शंकर राय, मुकेश कहार, रईस खान आदि ने मांग की है कि अंडरब्रिज जल भराव की निकासी की व्यवस्था की जाए और ऐसी व्यवस्था हो कि भविष्य में पानी न भरे और रहवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

क्राइम ब्रांच ने 1.95 ग्राम स्मैक की जब्त

# गोविंदपुरा में स्मैक की डील से पहले दबोचे गए दो तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने गोविंदपुरा में स्मैक की डील करने पहुंचे दो युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1.95 ग्राम स्मैक और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दो युवक कस्तूरबा अस्पताल के सामने स्थित सब्जी मंडी में स्मैक की खरीद-फरोख्त के लिए आने वाले हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अशोक मरावी के नेतृत्व में टीम ने हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सागर गोहिया (23) निवासी एम-सेक्टर अयोध्या नगर और प्रेम लोधी (24) निवासी क्रेशर बस्ती, नर्मदा कॉलोनी, अयोध्या नगर के रूप में बताई। तलाशी लेने पर सागर गोहिया के कब्जे से 1.95 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

## डॉ. नागर, परमार यादव नप अध्यक्ष पद के दावेदार!

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज और भाजपा में चर्चा है कि मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ पार्षद दीपू परमार एवं भाजपा मंडल के महामंत्री माधव यादव तीनों मित्र हैं। इधर, तीनों नगर परिषद अध्यक्ष के दावेदार है और प्रयासरत है। पार्षद दीपू परमार पिछली बार टिकट से रह गए। मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर जितने सक्रिय हैं, उससे ऐसा महसूस जनता कर रही है कि अगले नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर हो सकते हैं। महामंत्री माधव यादव यादवों में सक्रिय है और वे धीरे-धीरे अध्यक्ष पद के लिए मजबूत हो रहे हैं। इन तीनों की राजनीति की चर्चा नगर में है।







**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 226 | 06 | 880 |
| रात: | 466 | 69 | 117 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 230 | 57 | 458 |
| रात: | 670 | 31 | 489 |

साइबर जालसाजों ने महिला समेत दो लोगों को बनाया निशाना

# बिजली काटने और ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर 3.38 लाख रुपए ठगे


**बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर कारोबारी के खाते से रकम उड़ा ली**

**घर बैठे कमाई का लालच देकर महिला को शिकार बनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से झांसा देकर दो लोगों से 3 लाख 38 हजार रुपए की ठगी कर ली। एक मामले में घर बैठे कमाई का लालच देकर महिला को शिकार बनाया गया, जबकि दूसरे मामले में बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर कारोबारी के खाते से रकम उड़ा ली गई। दोनों मामलों की जांच के बाद साइबर क्राइम ने एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रकरण को कोलार रोड थाना भेज दिया है।

पहले मामले में मंदाकिनी कॉलोनी निवासी जया मालवीय ने शिकायत दर्ज कराई है। जालसाजों ने खुद को एक निजी कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उनसे संपर्क किया और घर बैठे ऑनलाइन काम कर कमाई करने का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में कुछ लाभ दिखाकर विश्वास जीता गया। इसके बाद अधिक मुनाफा दिलाने और



खाते को अपग्रेड करने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में 1 लाख 95 हजार रुपए जमा करा लिए गए। बाद में न तो पैसा वापस मिला और न ही कोई लाभांश।

दूसरे मामले में आर्चर्ड रेसिडेंसी निवासी 58 वर्षीय व्यवसायी देवाशीष दास को मोबाइल पर बिजली कंपनी के नाम से संदेश मिला। संदेश में निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं करने पर बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई थी। घबराकर उन्होंने दिए गए नंबर पर संपर्क किया, जहां साइबर ठगों ने तकनीकी प्रक्रिया के बहाने उनके खाते से 1 लाख 43 हजार रुपए निकाल लिए।

### अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर भरोसा न करें

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर भरोसा न करें। नौकरी, निवेश या बिजली बिल से संबंधित किसी भी सूचना की पहले आधिकारिक माध्यमों से पुष्टि करें। साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

### एसबीआई से 1,266 करोड़ की धोखाधड़ी: ईडी ने 3.66 करोड़ की विदेशी बीमा पॉलिसियां कुर्क कीं

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फर्जी मर्चेंटिंग ट्रेड लेन-देन के जरिए 1,266.63 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मेसर्स एडवांटेज ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड (एओपीएल) और उसके प्रमुख श्रीकांत भासी से जुड़ी 3.66 करोड़ रुपये की दो निवेश आधारित जीवन बीमा पॉलिसियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

- फर्जी ट्रेडिंग और हवाला के जरिए धन विदेश भेजने का आरोप जांच जारी

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई दोनों इन्वेस्टमेंट लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों का सरेंडर मूल्य 3,87,814.42 अमेरिकी डॉलर (करीब 3.66 करोड़ रुपये) है। ये पॉलिसियां ज्यूरिख इंटरनेशनल लाइफ लिमिटेड में संचालित थीं और इन्हें विदेशी बैंक खातों के माध्यम से खरीदा गया था। एजेंसी को जानकारी मिली थी कि इन पॉलिसियों को सरेंडर कर राशि भारत लाने की तैयारी चल रही थी, जिसके चलते धन हस्तांतरण रोकने के लिए पीएमएलए की धारा 5(1) के तहत कार्रवाई की गई। ईडी के मुताबिक, इस मामले में अब तक करीब 166 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। इनमें दुबई (यूएई) में लगभग 51.70 करोड़ रुपये मूल्य की नौ अचल संपत्तियां तथा भारत में करीब 111 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य संपत्तियां शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अवैध धन के नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

पैसों के विवाद में वारदात, दोनों घायल अस्पताल में भर्ती

# मजदूरी मांगने पर खूनी हमला, तीन भाइयों ने तलवार और डंडों से दो युवकों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कजलीखेड़ा इलाके में मजदूरी के पैसे मांगना एक मजदूर को भारी पड़ गया। बकाया रकम मांगने पर तीन सगे भाइयों ने मिलकर मजदूर और उसके साथी पर तलवार व डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक,



कजलीखेड़ा निवासी इमरत तोमर मजदूरी करता है। कुछ समय पहले उसने आरोपी दिनेश अहिरवार के कहने पर काम किया था, लेकिन मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। रविवार देर रात इमरत ने दिनेश से अपने पैसे मांगे, जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। मौके पर मौजूद संजीव ने बीच-बचाव क मामला शांत करा दिया। कुछ देर बाद दिनेश ने अपने भाइयों ज्ञान सिंह और राहुल को बुला लिया। तीनों आरोपियों ने मिलकर इमरत और संजीव पर तलवार और डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह मजदूरी के पैसों का विवाद सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस करेगी तलब

# नौकर से मारपीट मामलाः रिटायर्ड डीजी, क्रिकेटर बेटे और वाहन चालक को भेजे जाएंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रातीबड़ थाना क्षेत्र में घरेलू नौकर से मारपीट के मामले में पुलिस अब रिटायर्ड पुलिस महानिदेशक (डीजी), उनके क्रिकेटर बेटे और ड्राइवर को नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराएगी। तीनों आरोपियों के बयान लेने के बाद उन्हें थाने से ही मुचलके पर रिहा किया जाएगा। जांच पूरी होने पर पुलिस न्यायालय में चालान पेश करेगी। पुलिस के अनुसार, रीवा निवासी 31 वर्षीय पिंटू सिंह तोमर कुछ समय पहले रिटायर्ड डीजी शैलेष सिंह के घर खाना बनाने के लिए काम पर रखा गया था। उसे 15 हजार रुपए मासिक वेतन तय किया गया था। पीड़ित का आरोप है कि काम शुरू करने के कुछ ही घंटों बाद उससे लगातार अन्य काम भी कराए जाने लगे। विरोध करने पर उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया और जबरन काम कराया गया। शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बाद में उसे कमरे में बंद कर दिया गया। इस दौरान रिटायर्ड डीजी शैलेष सिंह, उनके क्रिकेटर बेटे शशांक सिंह और ड्राइवर ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद भी उसका मोबाइल वापस नहीं किया गया। पीड़ित की शिकायत के आधार पर रातीबड़ थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि अब सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर बयान दर्ज किए जाएंगे।

चिल्ड्रन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में सम्मान समारोह

# राज्य मेरिट को 51 एवं जिला मेरिट छात्रा को 21 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित अग्रणी शिक्षण संस्था चिल्ड्रन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधी नगर में सत्र 2025-26 के शैक्षणिक उत्कृष्टता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, सचिव घनश्याम बूलचंदानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारमानी, विद्यालय की प्राचार्या प्रिया जैन, कोऑर्डिनेटर लता तीर्थानी, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोह लिया।




छात्रा को सम्मानित करते सिद्ध भाऊ।

### गार्गी, सिमरा, अनन्या को किया सम्मानित

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं गार्गी जैन, सिमरा जमील एवं अनन्या शर्मा को जीव सेवा संस्थान ने इक्यावन हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। भोपाल जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गाथा जैन को इक्कीस हजार रुपए प्रदान किए। सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। शिक्षिका शिल्पी गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षा तिवारी ने किया।

बीएचईएल थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी का मामला

# ट्रॉली बैग के फैसले पर उठने लगे सवाल 'सर्वसम्मति' के दावे को लेकर बना विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी में सदस्यों को दिए जाने वाले उपहार के चयन को लेकर नया विवाद सामने आया है। विभिन्न समाचार पत्रों में ट्रॉली बैग के चयन को संचालक मंडल का सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय बताया गया है, जबकि कुछ संचालकों द्वारा इस निर्णय का विरोध किए जाने की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान ट्रॉली बैग के प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी तथा विरोध को बैठक की कार्रवाई (मिनट्स) में दर्ज करने का आग्रह भी किया गया था। ऐसे में निर्णय को सर्वसम्मति से लिया गया बताया जाना चर्चा का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार लगभग 1500 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर 4500 के गिफ्ट वाउचर, एयर फ्रायर अथवा सिम्फनी टावर कूलर जैसे विकल्प उपलब्ध कराने की मांग की है। यह भी चर्चा में है कि प्रारंभिक स्तर पर सिम्फनी टावर कूलर पर सहमति बनी थी, लेकिन उसकी एमआरपी का हवाला देकर उसे अंतिम चयन से बाहर कर दिया गया। वहीं अब अधिक एमआरपी वाले ट्रॉली बैग को कम खरीद मूल्य पर उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है, जिससे निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। सोसाइटी के लगभग 1500 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर मांग की है कि सदस्यों को 4500 का गिफ्ट वाउचर, एयर फ्रायर अथवा सिम्फनी टावर कूलर जैसे उपयोगी विकल्प उपलब्ध कराए जाएं। सदस्यों की इस भावना के बावजूद केवल ट्रॉली बैग पर निर्णय लिया जाना अनेक प्रश्न खड़े करता है। संचालक मंडल की प्रारंभिक बैठक में सिम्फनी टावर कूलर पर सहमति बनी थी, लेकिन उस समय यह कहकर प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया कि उसकी एमआरपी लगभग 9000 होने के कारण उसे उपलब्ध कराना संभव नहीं है। अब लगभग 15000 एमआरपी वाले ट्रॉली बैग को लगभग 4590 में उपलब्ध कराने का तर्क दिया जा रहा है, जिससे निर्णय प्रक्रिया की समानता और पारदर्शिता पर प्रश्न उठ रहे हैं। इसके अतिरिक्त पहले सदस्यों से तीन ट्रॉली बैग देने का वादा किया गया था, जबकि अब केवल एक पॉलीकार्बोनेट ट्रॉली बैग देने का निर्णय लिया गया है।

सदस्यों का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम भी यही ब्रांड उपयोग करती है जैसे प्रचारात्मक तर्कों से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि सदस्यों की वास्तविक आवश्यकता और उनकी पसंद को प्राथमिकता दी जाए और पारदर्शिता अपनायी जाये

# गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सिख धर्म के 6वें गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व उमरिया गुरुद्वारे में मनाया गया। सभी संगत में गुरुद्वारे में मत्था टेका और गुरु की वाणी श्रवण की। गुरुद्वारे के ज्ञानीजी ने गुरु हरगोबिंद साहिब पर प्रकाश डाला। इसके बाद उपरांत गुरु का लंगर अटूट हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान नरेंद्र सिंह गिल, राजेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह काके हरजीत सिंह मंगू, गुलशन सिंह,



इंद्रपाल सिंह, बब्बन गुरपाल सिंह, देवेंद्र सिंह राजू, शिवराज सिंह, शम्मी भैया और महिला भक्त सत्संग में शामिल हुई। अरदास कर सुख-शांति की प्रार्थना की।

# वार्ड 12 में शिव महापुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड 12 में चल रही शिव महापुराण कथा के चौथे दिन बाणासुर प्रसंग का वर्णन किया गया। कन्यादान का महत्व बताया गया। आयोजन में आरती यादव, अनीता पांडे, वचन लोधी, इंग्लेश यादव, धनु चौरसिया, मोहन योगी, रवि शंकर राय, माखन सेन, राहुल प्रजापति एवं जयप्रकाश शर्मा ने आरती की। महिला शक्ति में महावीर कॉलोनी श्रीराम महिला मंडल की मातृशक्ति ने भाग लिया।



यह कथा स्व. पिता, दादा, चाचा, चाचा की स्मृति में कराई जा रही है। इस अवसर पर आरती यादव प्रभात फेरी मंडल और ग्यारस महिला मंडल निर्मला शर्मा, अनीता शर्मा और माताएं उपस्थिति रही।

मंडीदीप से लेकर औबेदुल्लागंज तक 2 माह में 30 से ज्यादा हादसों में 9 लोगों ने गंवाई जान

# 529 करोड़ के बने भोपाल-जबलपुर हाईवे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

वैसे तो मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा भोपाल से जबलपुर तक के लिए 529 करोड़ रुपए का हाईवे का निर्माण कराया गया है, जिससे दुर्घटनाओं में लगाम लग सके और सफर आसान हो परन्तु अभी बारिश सही से शुरू भी नहीं हुई और इससे पहले ही हाईवे जोखिम भरे हो गए।

आए दिन हादसे हो रहे हैं और मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। मंडीदीप समेत सतलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीब 30 से अधिक हादसे हुए, जिसमें बस, ऑटो, दो पहिया वाहन, लोडिंग वाहन समेत कई दुर्घटनाओं के चपेट में आ चुके है। कई लोगों को चोट लग चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन और एमपीआरडीसी के आला अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



सड़क हादसे में दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### रोड पर न संकेतक बोर्ड न सिग्नल

विभाग के द्वारा अभी तक सर्विस रोड में न तो संकेतक बोर्ड लग पाए है न ही ट्रैफिक सिग्नल, जिसके कारण आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। वही हाईवे के सर्विस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं, जिससे दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

### शाम होते ही हांफने लगता है ट्रैफिक

मंडीदीप में शाम होते ही हाईवे में जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारी, उद्योगपति, छात्र-छात्राएं एवं रोजमर्रा के कामगार जाम में घंटों परेशान होते हैं।

### ब्लैक स्पॉट को अभी तक नहीं किया चिन्हित

लगातार होते सड़क हादसों को लेकर अभी तक न तो पुलिस और न ही जिम्मेदार विभाग के अधिकारी ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर कोई संकेतक बोर्ड लगा पाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

### इन जगहों पर हो रही ज्यादा दुर्घटनाएं

मंडीदीप के जिलेटिन चौराहा, सतलापुर थाने के पास, नयापुरा, वर्धमान चौराहा पर सबसे ज्यादा दुर्घटना हुई है, जिससे कई मौतें भी हुई हैं।

### आरसीसी की हों सड़कें

एमपीआरडीसी को सबसे पहले तो उद्योगों से जुड़ने वाली सड़के आरसीसी की करनी चाहिए जिससे सड़क हादसों में कमी हो सके। दूसरी लाइटें बंद पड़ी है उन्हें शुरू करना चाहिए, जिससे राहगीर को आसानी से सामने वाले को दिखाई दे। बढ़ते ट्रैफिक को लेकर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

**नीरज जैन, सचिव एसोसिएशन ऑफ आल इंडस्ट्रीज मंडीदीप**

विभाग द्वारा सर्विस रोड पर संकेतक बोर्ड लगाया जाए जिससे हादसों में कमी हो सके विगत महीने में हादसों में बढ़ोत्तरी हुई है, जिसमें कई लोगों ने अपने जान भी गंवा चुके है।

**रंजीत सराठे, थाना प्रभारी, मंडीदीप**

# 10 दिवसीय रोग निवारण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

आरोग्य केंद्र द्वारा आयोजित रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला अंतर्गत 10 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा से शरीर, मन और जीवनशैली को स्वस्थ बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरोग्य केंद्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने



बताया कि शिविर की विशेषता डिजिटल डिटॉक्स है, जिसके तहत प्रतिभागियों को मोबाइल, लैपटॉप एवं डिजिटल उपकरणों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने 'लोकमाता अहिल्याबाईः राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना' पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'लोकमाता अहिल्याबाईः राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना' पुस्तक का समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में विमोचन किया। मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में बताया गया कि लोकमाता, पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर का जीवन और कर्म किसी आकस्मिक महानता का परिणाम नहीं, बल्कि दीर्घ सांस्कृतिक धारा का स्वाभाविक विस्तार रहा। उनकी जीवन गाथा इस तथ्य का प्रमाण है कि भारतीय नारी संत, विदुषी, योद्धा होने के साथ-साथ कुशल शासिका भी रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस पुस्तिका में कुल 19 अध्याय हैं। पुस्तक अहिल्याबाई होल्कर की दृष्टि में नारी स्वाभिमान और समाजोत्थान, सांस्कृतिक पुनर्निर्माण से राष्ट्रीय एकता, पंच परिवर्तन से समाज कल्याण, जीवन प्रबंधन की पाठशाला, बाल विवाह-सामाजिक कुरीति की चुनौतियां और समाधान पर शोध पत्रों का संकलन हैं। इसमें लोकमाता की राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना न्यायप्रियता और प्रशासनिक दक्षता, समग्र जीवन चिंतन, भारतीय हस्तशिल्प के उत्थान में लोकमाता अहिल्याबाई की भूमिका तथा महिलाओं के लिए न्याय और समानता पर शोधपरक लेख हैं।



मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी ने किया पुस्तक का प्रकाशन

'लोकमाता अहिल्याबाई : राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना' पुस्तक का किया विमोचन करते सीएम।

### लोकमाता का योगदान

भारतीय ज्ञान परंपरा में लोकमाता अहिल्याबाई के योगदान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विश्लेषण पर भी पुस्तक में एक अध्याय है। पुस्तक का मूल्य 160 रूपए मात्र है। इस अवसर पर संचालक मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी अशोक कड़ेल, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक चंद्रचारु त्रिपाठी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी उपस्थिति थे।

## मुख्यमंत्री से मिले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री

सीएम ने पं. धीरेंद्र का अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया स्वागत, शास्त्री ने सीएम को भेंट की गोमाता की प्रतिमा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मंगलवार को भोपाल पधारे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का अंगवस्त्रम ओढ़ाकर स्वागत किया, उन्हें बाबा महाकाल की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने मुख्यमंत्री को बागेश्वर धाम की ओर से संचालित संस्थानों की जानकारी दी और उन्हें कामधेनु गौमाता की प्रतिमा भेंट की।



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर से सौजन्य भेंट करते सीएम।

### पूर्व सीएम दिग्विजय और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के बीच आंतरिक कलह पर वरिष्ठ भाजपा नेता की प्रतिक्रिया

# आज गहरे नेतृत्व संकट, गुटबाजी और आंतरिक कलह से जूझ रही मध्यप्रदेश कांग्रेसः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस को एक फिर घेरा है। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस आज गहरे नेतृत्व संकट, गुटबाजी और आंतरिक कलह से जूझ रही है। पार्टी का पूरा संगठन विभिन्न गुटों में बंट चुका है और उसके नेता जनता के मुद्दों के बजाय आपसी वर्चस्व की राजनीति में उलझे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीच लंबे समय से चल रहा नेतृत्व संघर्ष अब संगठन के हर स्तर पर दिखाई दे रहा है। इस खींचतान के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति है और संगठन पूरी तरह दिशाहीन होता जा रहा है। कांग्रेस के नेता अपनी विफलताओं और गुटबाजी से ध्यान हटाने के लिए मीडिया की सुर्खियां बटोर रहे हैं।

### कांग्रेस में विश्वास और समन्वय का अभाव



हेमंत खंडेलवाल

खण्डेलवाल ने कहा कि जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस के पास प्रदेश के विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कोई सकारात्मक दृष्टि या एजेंडा नहीं बचा है। यही कारण है कि कांग्रेस अपनी आंतरिक कलह और संगठनात्मक विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए समय-समय पर दुष्प्रचार का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सार्थक और रचनात्मक विपक्ष की होती है, लेकिन कांग्रेस का पूरा ध्यान अपने आंतरिक विवादों और नेतृत्व संघर्ष तक सीमित होकर रह गया है। जब पार्टी के भीतर ही विश्वास और समन्वय का अभाव हो, तब जनता के हितों का प्रभावी प्रतिनिधित्व संभव नहीं हो सकता।

### कांग्रेस नेता बटोर रहे मीडिया की सुर्खियां

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता अपनी राजनीतिक विफलताओं और गुटबाजी को छिपाने के लिए निराधार और तथ्यहीन बयानबाजी कर मीडिया की सुर्खियां बटोरने का असफल प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश की जागरूक जनता कांग्रेस की इस राजनीति को भली-भांति समझती है और ऐसे प्रयासों को लगातार नकारती रही है।

### कांग्रेस की बैठक या अंतर्कलह का मंच

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की बैठक या अंतर्कलह का मंच? जो अपनी बैठक तक नहीं संभाल पा रहे, वे प्रदेश क्या संभालेंगे? यूथ कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में चर्चा कम और हंगामा, धक्का-मुक्की व आपसी कलह अधिक देखने को मिली। हालात ऐसे बने कि यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घंगोरिया को अपनी कुर्सी छोड़कर बीच-बचाव के लिए आगे आना पड़ा। कांग्रेस का यह दृश्य बताता है कि वहां संगठन नहीं, अंतर्कलह हावी है। जो लोग अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच अनुशासन बनाए रखने में असफल हैं, वे प्रदेश के युवाओं को नेतृत्व देने का दावा कैसे कर सकते हैं?



आशीष अग्रवाल

### दिग्विजय बोले- जीतू से कोई मतभेद नहीं

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि जमीन आवंटन से जुड़े कई तथ्य कांग्रेस के पास आए हैं और पार्टी इस मुद्दे को मिलकर उठाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले की लड़ाई कांग्रेस पूरी मजबूती से लड़ेगी। दिग्विजय सिंह ने हाल के दिनों में उनकी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीच मतभेद की चर्चाओं को भी खारिज किया। उन्होंने कहा, मैंने 'दलाल' शब्द का इस्तेमाल जीतू के लिए नहीं किया था। मैंने भूपेंद्र दलाल नाम के व्यक्ति का उल्लेख किया था, जिसकी मदद से जमीन खरीदी गई थी। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी और उनके बीच किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। जीतू पटवारी मेरे पुत्र के समान हैं।

### कांग्रेस ने किया प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन

# मुख्यमंत्री भूमि मामले पर या तो जवाब दें, या इस्तीफाः पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उज्जैन भूमि प्रकरण सहित विभिन्न आरोपों पर सार्वजनिक जवाब देने की मांग करते हुए प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने आंदोलन की रूपरेखा पेश की। जीतू पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को उज्जैन भूमि प्रकरण पर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आरोपों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है तो उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।




### जीतू ने लगाए कई आरोप

पटवारी ने आरोप लगाया कि उज्जैन भूमि प्रकरण में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में युवाओं और शिक्षा से जुड़े मुद्दे, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने में आ रही दिक्कतें तथा उज्जैन भूमि प्रकरण को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है। कांग्रेस संभाग और जिला स्तर पर पत्रकार वार्ताएं आयोजित करेगी।

### इस मुद्दे पर कांग्रेस पूरी तरह एकजुटः दिग्विजय

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर पूरी तरह एकजुट है और लोकतांत्रिक तरीके से इसे अंत तक उठाएगी। उन्होंने पार्टी के भीतर मतभेद की चर्चाओं को निराधार बताते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेगी।






## पेज एक का शेष...

### 55 हजार श्रद्धालुओं...

के लिए 57 दिनों की यह यात्रा 3 जुलाई से औपचारिक रूप से शुरू होगी। श्रद्धालु दो पारंपरिक रास्तों से यात्रा कर सकेंगे। पहला अनंतनाग जिले का पारंपरिक और सुगम 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग। दूसरा गांदरबल जिले का छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

जम्मू संभाग के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया कि लखनपुर से बनिहाल तक तीर्थयात्रियों के लिए सरकारी लॉजिंग, अस्थायी आश्रय गृह और नागरिक समाज के सहयोग से रुकने की व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू संभाग में 55,000 यात्रियों के ठहरने की क्षमता तैयार है। मुफ्त भोजन के लिए जगह-जगह लंगर लगाए गए हैं और साफ-सफाई, परिवहन व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

### जनरल धीरज कुमार ...

उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लिया है, जो अपनी शानदार सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त (रिटायर) हो गए। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए), खड़कवासला के पूर्व छात्र रहे जनरल धीरज कुमार सेठ दिसंबर 1986 में सेना की आर्मर्ड कोर में कमीशन हुए थे। लगभग 40 साल के अपने गौरवशाली सैन्य करियर में उन्होंने रणनीतिक, ऑपरेशनल और सेना के आधुनिकीकरण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारतीय सेना की युद्ध क्षमताओं को निखारने और उसे भविष्य के लिए तैयार करने में उनकी अहम भूमिका रही है। जनरल सेठ ने रेगिस्तानी इलाकों में बख्तरबंद (आर्मर्ड) रेजिमेंट और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी बल का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में उन्होंने सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली और बाद में दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) के रूप में सेवाएं दीं। वे भारतीय सेना के उन चुनिंदा अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर दो परिचालन सेना कमानों दक्षिण पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान का नेतृत्व किया है।

**पूर्व सेना प्रमुख द्विवेदी को गार्ड ऑफ ऑनर:** पद छोड़ने से पहले निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारतीय सेना के एडीजी पब्लिक इन्फॉर्मेशन ने सोशल मीडिया पर उनकी निस्वार्थ सेवा, प्रेरणादायक नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनरल धीरज कुमार सेठ एक अनुभवी सैनिक और अत्यंत सक्षम लीडर हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारतीय सेना अपनी गौरवशाली परंपराओं, प्रोफेशनलिज्म और संकल्प को बनाए रखते हुए सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

### इस वर्ष कम ...

से यह अभियान वृहद रूप से जन सहयोग से चलाया जा रहा है। बड़ी संख्या में जल संरचनाओं का संरक्षण एवं पुनरुद्धार किया गया है। आज यहां जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम रखा गया है। डॉ. यादव ने हितग्राहियों को 21 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक की राशि के लाभ और वित्तीय सहायता के चेक वितरित किए।

### किसानों की समृद्धि ....

सिंहस्थ उज्जैन मप्र में आयोजित होता है। इसे भव्य, दिव्य बनाने उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। प्रयास है कि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा नदी में स्नान एवं तीर्थ के दर्शन हो सकें।

### मुख्यमंत्री ने जल...

को जोड़कर जनभागीदारी से कुए, बावड़ी, तालाब, नदियों की सफाई और प्राचीन जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया गया है। राज्यमंत्री टेटवाल ने सांदीपनि विद्यालय, पीकेसी परियोजना से पानी, भैंसवा माता लोक निर्माण सहित अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### देश के 700 ....

की गई। बड़े राज्यों में सबसे बड़ा राज्य मप्र है। इसमें शीर्ष पर पहुंचा है। अब तो बारिश का पानी छत पर आए तो उसको सहजने, नालों की सफाई का काम चल रहा है।

### भीलवाड़ा के होटल ...

जुड़ा है। भीलवाड़ा निवासी मोहम्मद लियाकत पर रतलाम में जमीन सौदे के नाम पर 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है, जिसकी जांच हेड कॉन्स्टेबल तपेश गोसाई कर रहा था। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल लियाकत को गिरफ्तार कर भीलवाड़ा लाया था। उसने लियाकत के भाई को धमकी दी कि यदि रुपए नहीं दिए, तो वह आरोपी के साथ मारपीट करेगा और उसे हथकड़ी पहनाकर पूरे शहर में घुमाएगा। मामले को रफा-दफा करने और जांच में रियायत देने के बदले उसने 1 लाख 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

### एसीबी ने ऐसे ....

बुलाया। फरियादी ने इसकी शिकायत पहले ही राजस्थान एसीबी से कर दी थी। शिकायत का सत्यापन होने के बाद, एसीबी की टीम ने होटल में जाल बिछाया और जैसे ही तपेश गोसाई ने रिश्वत की रकम हाथ में ली, उसे दबोच लिया।

### सीबीआई ने गिरिबाला ....

हिरासत 14 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। मंगलवार को दोनों की भोपाल की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत में दो अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किए। जांच एजेंसी ने कहा कि समर्थ सिंह का लैपटॉप पहले ही जब्त किया जा चुका है, लेकिन वह पासवर्ड से सुरक्षित होने के कारण उसकी फॉरेंसिक जांच पूरी नहीं हो पा रही है। डिजिटल साक्ष्यों की जांच के लिए पासवर्ड आवश्यक है। वहीं, दोनों आरोपियों के वॉयस सैंपल लेने की अनुमति भी मांगी गई है। अदालत ने इस संबंध में आरोपी पक्ष से जवाब तलब किया है। दोनों आवेदनों पर 3 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्विशा पक्ष के अधिवक्ता शुभांग दीक्षित ने बताया कि डिजिटल साक्ष्यों की जांच मामले की सच्चाई तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण है। दूसरी ओर, बचाव पक्ष ने अदालत से अनुरोध किया कि रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को उनके घर में हाल ही में हुई चोरी के मामले में घटनास्थल ले जाने की अनुमति दी जाए, ताकि चोरी गए सामान की जानकारी दी जा सके। सीबीआई ने इस मांग का विरोध करते हुए कहा कि चोरी का मामला अलग है और उसका ट्विशा शर्मा की मौत की जांच से कोई संबंध नहीं है। इसके बाद अदालत ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 जुलाई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

### मासूम ने खोई....

उचित इलाज नहीं मिला है। मामला तूल पकड़ने पर सीएमएचओ ने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति दुबे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। पीड़ित पिता का आरोप है कि सोमवार शाम जांच टीम दल-बल के साथ उनके घर पहुंची और सांत्वना देने के बजाए उल्टा उन्हें ही धमकाने लगी। पीड़ित पिता के अनुसार अधिकारी इस बात से नाराज थे कि मामले की शिकायत पुलिस में क्यों की गई।

### 28 लाख ठगने ...

है। इंजीनियरिंग कर चुका जीतू रूस के मॉस्को में कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर है। उसने जीवनसाथी डॉट कॉम पर खुद को भारतीय सेना का अधिकारी बताकर फर्जी प्रोफाइल बनाई थी। इसी प्रोफाइल के जरिए उसकी मुलाकात इंदौर की एक महिला से हुई। शादी की बात आगे बढ़ने पर आरोपी ने वर्ष 2024 में खुद को गंभीर बीमार बताकर इलाज के नाम पर महिला से अलग-अलग किस्तों में 28 लाख रुपए हड़प लिए और बाद में शादी से मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जब क्राइम ब्रांच ने पड़ताल की, तो आरोपी के विदेश में होने का पता चला। हाल ही में जब वह परिवार से मिलने दिल्ली आया और वहां से यूरोप भागने की तैयारी कर रहा था, तभी पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### यूएस में जन्म लेने ...

अधिकार मिलता है। चीफ जस्टिस जॉन जी. रॉबर्ट्स जूनियर ने बहुमत का फैसला लिखते हुए स्पष्ट किया कि ट्रंप का यह आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का सीधा उल्लंघन करता है। कोर्ट के अनुसार, माता-पिता चाहे अवैध प्रवासी हों या अस्थायी वीजा (जैसे छात्र, कामकाजी या पर्यटक) पर अमेरिका में रह रहे हों, उनकी संतान यदि अमेरिकी भूमि पर जन्म लेती है, तो वह जन्म के साथ ही वहां की वैध नागरिक होगी।

**पहले ही दिन ट्रंप ने लिया था फैसला :** गौरतलब है कि ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन (20 जनवरी 2025) अमेरिकी नागरिकता के अर्थ और मूल्य की रक्षा शीर्षक से यह आदेश जारी किया था। इसके तहत अवैध प्रवासियों और अस्थायी विदेशी नागरिकों के बच्चों को स्वतः मिलने वाली नागरिकता पर रोक लगा दी गई थी, जिसे अब अदालत ने असंवैधानिक करार दिया है।

### जाति प्रमाण पत्र ...

पूरी करने और प्रमाण पत्र की वैधता तय करने को कहा था। जांच प्रक्रिया में वर्ष 1950 के रिकॉर्ड को मुख्य आधार माना जाएगा। समिति इस बात की बारीकी से पड़ताल करेगी कि क्या मंत्री का परिवार उस दौर में सतना जिले का मूल निवासी था। इसके लिए प्रतिमा बागरी को राजस्व अभिलेख सहित अन्य प्रामाणिक सबूत पेश करने होंगे।

### सागर-जबलपुर पहुंच ...

अधिक दर्ज हुए हैं। भोपाल में जून में कुल 237 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 89.8 मिमी अधिक है। अब जुलाई में यहां औसत से अधिक बारिश की उम्मीद है। राजधानी में इस महीने औसतन करीब 15 दिन में 367.7 मिमी तक बारिश होती है, जबकि इस साल 450 मिमी से अधिक बारिश की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा आगे बढ़कर सूरत, इंदौर, सागर, सीधी, आजमगढ़, अयोध्या, बरेली, देहरादून, मंडी से गुजर रही है। अगले दो दिन में और आगे बढ़ेगा। राजधानी में अब तक के ऑल टाइम रिकार्ड के अनुसार सर्वाधिक बारिश 1031.4 मिमी वर्ष 1986 में दर्ज हुई है।

**अभी मानसूनी करंट ठीक :** मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार तक मानसून की उत्तरी सीमा आगे बढ़कर सागर, जबलपुर, सीधी, इंदौर से और आगे तक पहुंच रही है। अभी मानसूनी करंट ठीक है, इसलिए पूरी उम्मीद है कि गुरुवार तक मानसून भोपाल तक ऑनसेट हो सकता है। 2 जुलाई को नया डब्ल्यूडी आने से अब बारिश में और बढ़त होगी। मानसून प्रदेश को अब तेजी से कवर करेगा। बुधवार को मंडला, डिंडोरी, बालाघाट में कुछ जगह अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा,सतना, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में कुछ जगह मध्यम हवाओं के साथ मध्यम से हल्की बारिश होगी।

### प्रदेश में आकाशीय ....

गांव में बिजली की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। बैतूल के चिचोली में उफनती चंपा नदी के रपटे को पार करते समय बाइक सवार राजेश और दद्दू बह गए, जिनके शव बुधवार सुबह बरामद हुए। देवास में नाले में गिरी दो लड़कियों को सुरक्षित बचा लिया गया। सीहोर के इछावर में जलभराव से प्रदर्शन भी हुए।

### 10 साल बाद खुले ...

कानूनी राय के अनुसार, हाईकोर्ट ने प्रमोशन नियम-2025 पर कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई है। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा सुनवाई के दौरान दिया गया आश्वासन न्यायालय के आदेश का हिस्सा नहीं था। ऐसे में वर्तमान परिस्थितियों में सरकार अपने वैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए पदोन्नति प्रक्रिया आगे बढ़ा सकती है। हालांकि, सभी पदोन्नतियां हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं.: एस.जी.-डी.एस.ई.-टी.-ओ.टी.-05-26 वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। 1. कार्य का नाम एवं स्थान: प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरा फॉर मॉनीटरिंग ऑफ यार्ड्स एट 07 स्टेशंस (आई.ई. गया, पहलेजा, सासाराम, भभुआ, सोन नगर, कुदरा, एण्ड जपला) ओवर डीडीयू डिविजन। 2. कार्य का अनुमानित मूल्य: रू. 23615733.00/- (दो करोड़ छत्तीस लाख पन्द्रह हजार सात सौ तैंतीस रूपये मात्र)। 3. धरोहर राशि : रू. 472300/- (चार लाख बहत्तर हजार तीन सौ रूपये मात्र)। 4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.07.2026 को 12.30 बजे तक। 5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

मं.सं. एवं दू.सं.अभि.,
पूर्व मध्य रेल, पं.दी.द.उपा.

पीआर/0474/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26-27/28



**// जाहिर सूचना //**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार नंदकिशोर सेन पुत्र श्री रामचरन सेन निवासी वार्ड नं. 23 दाहोद रोड से अन्दर अन्य क्षेत्र मण्डीदीप तह० गौहरगंज जिला रायसेन म०प्र० आधार नं. 4619 7999 1036 के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान जो कि स्थित वार्ड नं. 23 दाहोद रोड मण्डीदीप तह० गौहरगंज जिला रायसेन म०प्र० पर स्थित है, जो कि क्रय सम्पत्ति है. जो कि उपपंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज के दस्तावेज कंमाक 277 ग्रंथ नं. 941 दिनांक 18/06/1997 पर पंजीकृत है, जिसका भूखण्ड साईज 20 गुणित 37 740 वर्ग फिट (अर्थात 68. 77) वर्ग मी. है जो कि भूतल व प्रथम तल पर आर.सी.सी. छत का पक्का निर्मित तथा वर्णित मकान खसरा क्रमांक 449/1/3/2 का अंश हैं, जिसकी चतुर्थ सीमाएः पूर्व में:-श्री साहब सिंह का मकान, पश्चिम खाली प्लाट उत्तर दिशा में:- रोड कालोनी, दक्षिण दिशा में खाली जगह है। जिसे मेरे पक्षकार श्री ओमप्रकाश सेन पुत्र श्री नंदकिशोर सेन निवासी वार्ड नं. 23 दाहोद रोड से अन्दर अन्य क्षेत्र मण्डीदीप तह० गौहरगंज जिला रायसेन म०प्र० आधार नं. 6426 0552 9129 ने क्रय करने हेतु ब्याना राशि उपरोक्त मकान के स्वामी को अदा कर दी है, तथा रजिस्ट्री कराना शेष है, उक्त मकान के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग फायनेंस संस्था, वित्तीय संस्थान, फर्म शासकीय व गैर शासकीय, कार्यालय को किसी भी प्रकार आपत्ती हो या उक्त वर्णित संपत्ति कही अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकासन के 07 दिन की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ती स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करे, उक्त अवधि में आपत्ती प्रस्तुत न करने के उपरांत मेरे पक्षकार संपूर्ण राशि अदा कर उक्त वर्णित मकान का पंजीयन / नामान्तरण अपने पक्ष में करा लेगा ऐसी स्थिति में कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

भवदीय-
विमल कुमार साकल्ले
साकल्ले लॉ चेम्बर स्टेशन रोड मण्डीदीप तह0गौहरगंज जिला रायसेन म0प्र0 ।
मो0न0 9827014278



**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्र. 1544 निर्वाह / 2026 — राजगढ़, दिनांक 25/06/2026

:: चतुर्थ ई- निविदा सूचना :: वर्ष 2026-27 ::

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एंव म.प्र. भण्डर क्रय एंव सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिये खाद्यान्न सामग्री के क्रय हेतु वार्षिक निविदा (अल्पकालिक) ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से आंमत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्र | विवरण | दिनांक व समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रीं-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 02.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. हेतु |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की दिनांक अंतिम तिथि | 16.07.2026 शाम 06:00 बजे | वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगें। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 16.07.2026 शाम 06:00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी। |
| 4. | नमूना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 16.07.2026 शाम 06:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ (ब्यावरा) म.प्र. |
| 5. | नमूना गुणवत्ता परीक्षण | दिनांक 17.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ (ब्यावरा) म.प्र. |
| 6 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन) खोलने की तिथि- | दिनांक 20.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ (ब्यावरा) म.प्र. |
| 7 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ (ब्यावरा) म.प्र. |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एंव उससे संबंधी समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित बेबसाइट पर किया जावेगा जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ द्वारा की जावेगी।

G-15061/26

जेल अधीक्षक
जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.



हरिभूमि क्लासीफाइड — आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन — संपर्क सूत्र : 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय — बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE: B.A., BCA, BBA, BPES, BSC, B.Com (Economics/Computer)
PG COURSE: M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS, POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK; M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT; B.Lib: (Librarian Science); B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE: PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION; D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com



भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ — क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है — DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री — और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी — ONLY LIBRARY 299/- — भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय) PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL — M. 86027-11111

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर — साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद — सफेद दाग — सफल ईलाज का 40 वर्षों का अनुभव — Timing 10:30 am to 8:00 pm — Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC — कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409 — 5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम VEDANT ANIRUDH KHATRI था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर VEDANT ANIRUDHD KHATRI हो गया है। जो कि मेरे सभी दस्तावेज में है। अत: अब मुझे मेरे इसी सही नाम VEDANT ANIRUDHD KHATRI से ही जाना पहचाना जाए। ADDRESS-LOTUS SUPREME 12 AIRPORT ROAD SUN CITY INDRAPRAASTH, Bhopal PIN:462030, Madhya Pradesh

हरिभूमि — आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm — अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm — 1 अप्रैल 2025 से लागू — बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

आवश्यकता — भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500- रू1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R-5,6,7,10,11,12,19,20,21,25,26/6/26, 01,02,05,06,08

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष:** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक:** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6272




**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 6271 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6282



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल - 6281 का हल



MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### एजिस फेडरल ने हासिल की शीर्ष रैंक

**नई दिल्ली।** एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2025-26 के ताज़ा सार्वजनिक आंकड़ों के अनुसार व्यक्तिगत (रिटेल) क्लेम सेटलमेंट रेशियो में 99.82 फीसदी के साथ इंश्योरेंस सेक्टर में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, ग्रुप क्लेम्स कैटेगरी में कंपनी ने 99.96 फीसदी क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कंपनी के अनुसार यह उपलब्धि उसके लगातार जारी परिवर्तन और ग्राहक-केंद्रित रणनीति का परिणाम है। एजिस फेडरल ने दावा किया है कि उसने पिछले एक वर्ष में ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई सुधार किए हैं।

### एयू स्मॉल बैंक को सर्वश्रेष्ठ स्थान मिला

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा जारी सूची 'भारत की सर्वश्रेष्ठ कंपनियां 2026' में शीर्ष 10 कंपनियों में स्थान मिला है। यह मान्यता कार्यस्थल उत्कृष्टता और मजबूत संगठनात्मक संस्कृति के आधार पर दी जाती है। मुंबई में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान बैंक की ओर से ग्रुप हेड मनोज तिब्रेवाल ने प्राप्त किया। बैंक को यह पहचान उसके ऐसे कार्यस्थल के लिए मिली है, जहां कर्मचारियों के बीच विश्वास, गर्व और सौहार्द की भावना को बढ़ावा दिया जाता है।

### वनप्लस ने लांच किया नया एन6 स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड वनप्लस ने भारतीय बाजार में अपना नया स्मार्टफोन वनप्लस एन6 लांच कर दिया है। कंपनी का दावा है कि 25 हजार रुपए के सेगमेंट में आने वाला यह स्मार्टफोन 8,000एमएएच की बड़ी बैटरी के साथ पेश किया गया है, वनप्लस एन6 दो स्टोरेज वेरिएंट में उपलब्ध होगा।4जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 22,999 रुपए रखी गई है। 2,000 रुपये के बैंक डिस्काउंट के बाद इसकी प्रभावी कीमत 20,999 रुपए होगी।

### टाटा एआईए लाइफ का कैंसर प्लान लांच

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने संपूर्ण केयर - कैंसर' लांच किया है। यह टाटा एआईए का पहला ऐसा कैंसर प्लान है, जो बीमारी के दौरान कमाई रुकने पर भी घर खर्च को रुकने नहीं देता और नियमित आमदनी की तरह आर्थिक सहारा बनता है। इसमें पैसे मिलने के लचीले विकल्प मिलते हैं, जिन्हें हर परिवार अपनी जरूरत के हिसाब से कस्टमाइज़ कर सकता है। इसके साथ ही, 'सम्पूर्ण केयर - कैंसर फंड' का विकल्प भी है और हेल्थ सेविंग्स फंड जोड़ने की सुविधा देता है ।

### टीवीएस ने लांच की नई टीवीएस एनटॉर्क रेंज

**बेंगलुरु।** टीवीएस वेनु के एक भाग और दुनिया भर में दो-पहिया और तीन-पहिया वाहनों की जानी-मानी निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने टीवीएस एनटॉर्क 125 डिस्क और रेस एडिशन वेरिएंट्स के लिए नए रंगों और ग्राफिक्स को पेश की। नए कलर और स्टाइल में टीवीएस एनटॉर्क 125 डिस्क और रेस एडिशन वेरिएंट टीवीएस मोटर की सभी डीलरशिप पर क्रमशः 82,500 और 87,950 रु. की शुरुआती कीमत है। टीवीएस एनटॉर्क रेस एक्सपी में किए गए फ़ीचर अपग्रेड के बाद यह नया अपडेट टीवीएस एनटॉर्क पोर्टफोलियो को नया रूप देता है।

### आईआईटी शोध में नए वैज्ञानिक आयाम पेश

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण शोध के जरिए चेतना और बेहोशी की दवा के प्रभाव को समझने की दिशा में नई संभावनाएं प्रस्तुत की हैं। शोध में पाया गया कि बेहोशी की दवा दिए जाने पर पौधों की कोशिकाएं भी एक निश्चित क्रम में प्रतिक्रिया करती हैं। यह निष्कर्ष इसलिए भी खास है क्योंकि पौधों में न तो मस्तिष्क होता है और न ही तंत्रिका तंत्र। यह शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिकाओं एडवांस्ड बायोलॉजी और केमिकल व बायोमेडिकल इमेजिंग में प्रकाशित हुआ है।

देशभर के नवाचार और उद्यमियों की खोज करने वाली पहल में निभाएंगे भूमिका

# 'वंदे भारतम' के ब्रांड एंबेसडर और होस्ट बने राजीव खंडेलवाल

## कार्यक्रम का समापन स्वतंत्रता दिवस के आसपास अहमदाबाद में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले के साथ होगा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी की देशव्यापी पहल 'वंदे भारतम' के ब्रांड एंबेसडर और होस्ट के रूप में अभिनेता, टेलीविजन होस्ट और उद्यमी राजीव खंडेलवाल को नियुक्त किया गया है। इस पहल का उद्देश्य देश के छोटे शहरों, ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों से उभर रहे नवाचारकर्ताओं और उद्यमियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। होस्ट के रूप में राजीव खंडेलवाल वंदे भारतम की यात्रा के प्रमुख चरणों का संचालन करेंगे। इस दौरान वे फाइनलिस्ट, मेंटर्स और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के साथ संवाद करेंगे। कार्यक्रम का समापन स्वतंत्रता दिवस के आसपास अहमदाबाद में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले के साथ होगा।

### भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है: गौतम अडाणी



राजीव खंडेलवाल

गौतम अडाणी ने इस पहल की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन अवसर हर क्षेत्र तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि 'वंदे भारतम' का उद्देश्य ऐसे इनोवेटर्स, उद्यमियों और समस्या-समाधानकर्ताओं को पहचान देना है, जिनके विचार देश और समाज में बदलाव ला सकते हैं। देशभर के युवाओं से इस पहल में भाग लेने का आह्वान भी किया। राजीव खंडेलवाल ने इस पहल से जुड़ने पर खुशी जताते हुए कहा कि उनके लिए उन अनसुनी कहानियों को देश के सामने लाना गर्व की बात होगी, जो छोटे शहरों और गांवों से निकलकर बदलाव की नई मिसाल बन सकती हैं। 'वंदे भारतम' के तहत देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 800 से अधिक जिलों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

## अडाणी ने बेची पोर्ट्स कंपनी की बड़ी हिस्सेदारी,13000 करोड़ रुपए में हुआ सौदा, समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** गौतम अडाणी अपनी कंपनी अडाणी पोर्ट्स की बड़ी हिस्सेदारी विदेशी कंपनी को बेचने जा रही है। अडाणी पोर्ट्स ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने एमएससी ग्रुप के साथ एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस डील के बाद मंगलवार को अडाणी पोर्ट्स के शेयर में तेजी आई। इस डील के तहत एमएससी की कंटेनर टर्मिनल संचालन और निवेश कंपनी टर्मिनल इंवेस्टमेंट लिमिटेड , अडाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए करीब 13 हजार करोड़ का निवेश करेगी। यह समझौता भारत के बंदरगाह क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निजी निवेश माना जा रहा है। इसके साथ ही विझिंजम पोर्ट हिंद महासागर क्षेत्र में एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि विझिंजम पोर्ट बहुत कम समय में एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 18 महीनों के भीतर विझिंजम पोर्ट ने 20 लाख टीईयू कार्गो हैंडलिंग का आंकड़ा पार कर लिया है।


अडाणी पोर्ट्स

आज से पेट्रोल-डीजल बिक्री पर लगी पाबंदी हटाने के फैसले का स्वागत

# परिवहन, निर्माण, कृषि और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर लागू पाबंदी 1 जुलाई से हटाए जाने के फैसले का कमर्शियल खरीदारों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि इस निर्णय से परिवहन, निर्माण, कृषि और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

कमर्शियल खरीदारों के अनुसार, पाबंदी के कारण ईंधन की उपलब्धता को लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा था। अब प्रतिबंध समाप्त होने से ईंधन की आपूर्ति सामान्य होगी और व्यावसायिक कार्यों का संचालन सुचारु रूप से हो सकेगा। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौर ने कहाकि सरकार भविष्य में भी ऐसे फैसले लेते समय व्यावसायिक जरूरतों का ध्यान रखेगी, ताकि उद्योग और परिवहन क्षेत्र पर अनावश्यक दबाव न पड़े। खरीदारों का मानना है कि इस फैसले से बाजार में सकारात्मक माहौल बनेगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

अनिश्चितता खत्म होगी, समय पर काम होंगे पूरे

परिचालन लागत और समय दोनों की बचत होगी

### पाबंदी हटने से कृषि कार्यों में आसानी होगी




भोपाल कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता भागीरथ पाटीदार ने कहा कि पाबंदी हटने से परिवहन, निर्माण, औद्योगिक और कृषि कार्यों में आसानी होगी। ईंधन की उपलब्धता को लेकर बनी अनिश्चितता खत्म होगी और समय पर काम पूरे किए जा सकेंगे। इस फैसले से परिचालन लागत और समय दोनों की बचत होगी, जिससे व्यवसाय को गति मिलेगी।

### कालाबाजारी रोकने लगाई गई थी पाबंदी

सरकार ने आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव और जमाखोरी की आशंका को देखते हुए कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए रिटेल आउटलेट्स से डीजल खरीदने की सीमा प्रति वाहन 200 लीटर प्रतिदिन तय कर दी थी। यह व्यवस्था जून 2026 में लागू की गई थी ताकि पेट्रोल-डीजल की समान उपलब्धता बनी रहे और ईंधन की कालाबाजारी व दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके। चूंकि सरकार ने अब हालात सामान्य होने और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के बाद यह प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है।

इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर, औद्योगिक इकाइयां और अन्य व्यावसायिक उपभोक्ता फिर से रिटेल पेट्रोल पंपों से अपनी आवश्यकता के अनुसार ईंधन खरीद सकेंगे।

### पेट्रोकेमिकल आयात पर कस्टम ड्यूटी छूट 15 जुलाई तक बढ़ी उद्योगों को राहत

केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों के आयात पर दी जा रही शून्य कस्टम ड्यूटी छूट की अवधि को बढ़ाकर अब 15 जुलाई तक कर दिया है। यह फैसला वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में जारी दबाव और कच्चे माल की उपलब्धता को स्थिर बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह राहत विशेष रूप से उन पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर लागू होगी जो उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में उपयोग किए जाते हैं। सरकार ने यह कदम पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे प्रभावित वैश्विक सप्लाई चेन की स्थिति को देखते हुए उठाया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2 अप्रैल को पहली बार यह अस्थायी और लक्षित छूट लागू की थी, ताकि घरेलू उद्योगों को कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में बाधाओं से राहत मिल सके। करीब 40 प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर दी गई यह छूट पहले 30 जून को समाप्त होने वाली थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 15 जुलाई तक लागू रखने का निर्णय लिया गया है। सरकार का मानना है कि इस कदम से उद्योगों को निरंतर कच्चा माल उपलब्ध होगा और उत्पादन पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सकेगा।




5जी फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड में पकड़

## जियो फाइबर और जियो एयरफाइबर से ब्रॉडबैंड में जियो को मिली नई रफ्तार

एक्टिव मोबाइल यूजर्स के मामले में भी जियो आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रॉडबैंड बाजार में रिलायंस जियो को जियो फाइबर और जियो एयरफाइबर जैसी सेवाओं से नई रफ्तार मिल रही है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राई की मई 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक फिक्स्ड वायर्ड ब्रॉडबैंड में जियो फाइबर 1.44 करोड़ ग्राहकों के साथ आगे है। वहीं 5जी फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड में भी जियो एयरफाइबर की पकड़ मजबूत बनी हुई है। 5जी फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड यानी 5जी एफडब्ल्यूए उन ग्राहकों के लिए अहम साबित हो रहा है, जिन्हें बिना पारंपरिक वायरिंग के तेज ब्रॉडबैंड कनेक्शन चाहिए। इसका इस्तेमाल घरों के साथ-साथ दफ्तरों, दुकानों, स्कूलों और छोटे कारोबार में भी किया जा सकता है। मई 2026 के अंत में जियो के 5जी एफडब्ल्यूए ग्राहकों यानी जियो एयरफाइबर की संख्या करीब 89.68 लाख पहुंच गई।

जियो एयरफाइबर ने फिक्स्ड वायरलेस ब्रॉडबैंड सेगमेंट में कंपनी की बढ़त को और मजबूत किया है। ट्राई के मुताबिक मई में जियो ने एफडब्ल्यूए सेगमेंट में करीब 4 लाख ग्राहक जोड़े, जबकि निकटतम प्रतिस्पर्धी एयरटेल की बढ़त करीब 10 हजार रही। कुल एफडब्ल्यूए बाजार में जियो की हिस्सेदारी करीब 78.4 प्रतिशत बताई गई है। फिक्स्ड वायर्ड ब्रॉडबैंड में भी जियो की स्थिति लगातार मजबूत बनी हुई है। ट्राई रिपोर्ट के अनुसार मई 2026 के अंत में जियो के फिक्स्ड वायर्ड ब्रॉडबैंड ग्राहक 1.44 करोड़ रहे, जबकि एयरटेल के 1.09 करोड़ ग्राहक थे।


यह सेगमेंट जियो फाइबर जैसी सेवाओं से जुड़ा है, जहां ग्राहक स्थिर और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन चाहते हैं। देश में ब्रॉडबैंड का कुल आधार भी लगातार बढ़ रहा है। ट्राई के मुताबिक मई 2026 के अंत में कुल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 108.01 करोड़ पहुंच गई है। इनमें जियो 52.96 करोड़ ग्राहकों के साथ पहले स्थान पर है।

दूसरे स्थान पर एयरटेल 37.61 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ दूसरे नंबर पर है। हालांकि मई माह में एयरटेल ने करीब 29.2 लाख तो जियो ने 21.5 लाख सब्सक्राइबर जोड़े। मोबाइल सेवाओं में भी जियो की सक्रिय ग्राहक हिस्सेदारी मजबूत रही।

सरकारी बैंकों ने सरकार की तिजोरी भरी

## केनरा बैंक, बीओबी, पीएनबी और इंडियन बैंक ने दिया लाभांश

सरकार को कुल 9,439 करोड़ रुपए का डिविडेंड सौंपा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के चार प्रमुख बैंकों केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और इंडियन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को कुल 9,439 करोड़ रुपए का डिविडेंड सौंपा है।

सभी बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश के चेक सौंपे। इस दौरान वित्तीय सेवा सचिव संजय लोहिया भी मौजूद रहे।केनरा बैंक ने सरकार को 2,397 करोड़ रुपए का डिविडेंड दिया। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति शेयर 4.20 रुपए (अंकित मूल्य 2 रुपए पर 210 फीसदी) का लाभांश घोषित किया है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 2,416 करोड़ रुपए का लाभांश सरकार को सौंपा। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 2,811 करोड़ रुपए का डिविडेंड दिया। बैंक ने प्रति इक्विटी शेयर 8.50 रुपए (अंकित मूल्य 2 रुपए पर 425फीसदी) का लाभांश घोषित किया है। इंडियन बैंक ने केंद्र सरकार को 1,815.05 करोड़ रुपए का लाभांश दिया।

### डाबर ग्लूकोप्लस-सी का सौरव गांगुली के साथ अभियान लांच

**नई दिल्ली।** डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय ब्रांड डाबर ग्लूकोप्लस-सी के लिए इस गर्मी एक नया अभियान लांच किया है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को शामिल किया गया है। 'दादाज पावर कोचिंग कैंप' नामक यह अभियान जेनरेटिव एआई की मदद से एक अनूठा और व्यक्तिगत कोचिंग अनुभव प्रदान करता है। यह अभियान पारंपरिक सेलिब्रिटी विज्ञापनों से एक कदम आगे बढ़ते हुए सौरव गांगुली को केवल ब्रांड एंबेसडर के बजाय देशभर के युवा खिलाड़ियों के व्यक्तिगत मार्गदर्शक (मेंटॉर) के रूप में प्रस्तुत करता है। कई दशकों से सेलिब्रिटी-आधारित विज्ञापन एकतरफा संवाद के मॉडल पर आधारित रहे हैं, जहां एक प्रसिद्ध चेहरा लाखों लोगों तक एक ही संदेश पहुंचाता है।

मानसून की देरी से बिगड़ा बजटः सब्जियों के दाम आसमान पर, टमाटर 60 रुपए किलो

## मंडी में टमाटर, गिलकी, लौकी, पालक और बैंगन जैसी रोजमर्रा सब्जियों की आवक हो गई कम

महंगाई का सीधा असर आम लोगों की रसोई पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और मानसून की धीमी रफ्तार का सीधा असर आम लोगों की रसोई पर देखने को मिल रहा है।

हरी सब्जियों की आवक घटने से बाजारों में कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है, जिससे घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। सब्जी मंडियों में इस समय टमाटर, गिलकी, लौकी, पालक और बैंगन जैसी रोजमर्रा की सब्जियों की आवक बेहद कम हो गई है। मांग के मुकाबले सप्लाई घटने से दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं।


हाट बाजार में बिक रहीं सब्जियां

### मंडियों में आधी रह गई आवक

मंडी में सामान्य दिनों की तुलना में सब्जियों की आवक में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जहां पहले रोजाना छोटी-बड़ी 100 से 150 गाड़ियां सब्जियां आती थीं, वहीं अब केवल 50 से 70 गाड़ियों में सीमित हो गई है। कम आपूर्ति और अधिक मांग के कारण बाजार में कीमतों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। कारोबारी मो.वसीम का कहना है कि जब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं होता, तब तक सब्जियों की आवक और कीमतों में स्थिरता की संभावना कम है। ऐसे में आने वाले दिनों में आम जनता को महंगाई से राहत मिलना मुश्किल दिख रहा है।

### टमाटर और हरी सब्जियों के दामों में तेजी

करोंद सब्जी मंडी स्थित सब्जी कारोबारी मो.सलीम और राजेंद्र सैनी के अनुसार टमाटर के दाम अचानक बढ़कर 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। इसके साथ ही गिलकी करीब 60 रुपए, लौकी 40 से 50 रुपए, पालक 40 से 50 रुपए और बैंगन भी 60 रुपए प्रति किलो के आसपास बिक रहा है। व्यापारियों का कहना है कि मौजूदा मौसम की अनिश्चितता के कारण आने वाले दिनों में कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। मंडी के थोक सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी के दाम बढ़ने के बारे में कहते हैं कि मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों में तापमान बढ़ने से सब्जियों की पैदावार प्रभावित हुई, जिस कारण मंडी में टमाटर, गिलकी, लौकी, पालक और बैंगन जैसी रोजमर्रा सब्जियों की आवक कम हो गई है। है। खासकर टमाटर की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

करदाताओं को मिली बड़ी राहत, समय सीमा 31 जुलाई तक बढ़ी

# तकनीकी दिक्कतों और पोर्टल पर बढ़ते दबाव के चलते सरकार ने एक महीने का अतिरिक्त समय दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) में अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई, 2026 कर दी है। पहले यह समयसीमा 30 जून, 2026 निर्धारित थी।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न हितधारकों के अनुरोध और पोर्टल पर बढ़ते दबाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 15 दिनों में 30,000 से अधिक अपीलें दाखिल की गईं, जबकि एक दिन में रिकॉर्ड 5,500 अपीलें दर्ज हुईं। अधिक संख्या में अपीलें आने के कारण करदाताओं को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सरकार ने करदाताओं को अंतिम समय का इंतजार न करने और समय रहते अपील दाखिल करने की सलाह भी दी है। सरकार अब तक जीएसटीएटी की 31 राज्य पीठों और दिल्ली स्थित प्रधान पीठ को अधिसूचित कर चुकी है। फिलहाल अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष 4.80 लाख से अधिक मामले लंबित हैं, जिनके जीएसटीएटी में आने की संभावना है।




### सरकार के फैसले का स्वागत किया

गौरतलब है कि जीएसटी लागू होने के बाद कर विवादों का निपटारा उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में होता था, जिससे मामलों के समाधान में काफी समय लगता था। सितंबर 2025 से जीएसटीएटी के संचालन शुरू होने के बाद विवादों के निपटारे की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। कर विशेषज्ञों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के प्रबंध साझेदार रजत मोहन ने इसे व्यावहारिक कदम बताते हुए कहा कि इससे करदाताओं के अपील के अधिकार की रक्षा होगी। वहीं, केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख अभिषेक जैन के अनुसार, समयसीमा बढ़ने से करदाताओं और पेशेवरों को नए जीएसटीएटी तंत्र के अनुरूप खुद को तैयार करने का पर्याप्त समय मिलेगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक /3643 न०पा०/निर्माण/2026 टीकमगढ, दिनांक 25/6/2026

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत "अ-श्रेणी" विद्युत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावअधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_517553_1 दिनांक 29.06.2026 को शायं 05:00 बजे से | Supplying & Installation & Testing of High Mast Light at Different Places Tikamgarh | 1. 03 माह 4171452.00 | 5000/- 31285 | 31.07.2026 सायं 05:30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र कं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है। नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा । शर्ते :- 1. विद्युत संबंधी कार्य में वही संविदाकार प्रतिभागी होगे जिसके पास म.प्र.पू.क्षे.वि.कं.लि. का अ. श्रेणी का लाईसेंस एवं A4 या इससे ऊपर श्रेणी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। 2. ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई.सी सर्टिफिकेट के साथ पूरे वर्ष का चालान ही मान्य होगा। 3. संविदाकार द्वारा सुपरवीजन की राशि जी.एस.टी सहित विद्युत कंपनी में जमा करना होगा जिसे नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा भुगतान के समय देय होगा। 4. लेबर इन्शोरेन्स की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 5. संविदाकार द्वारा म.प्र. के किसी भी नगरीय निकाय में निविदा राशि या इससे अधिक राशि का हाई मास्ट और विधुत पोल स्थापना का कार्य पूर्व के वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-2026 में पूर्ण किया हो जिसका अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। 6. संविदाकार की फर्म आई.एस.ओ प्रमाणित होनी चाहिए। 7. कायार्देश में उल्लेखित समय-सीमा में सतप्रतिशत करना अनिवार्य होगा कार्य पूर्ण न करने की स्थिति में शेष कार्य के प्रतिशत अनुसार बिल में कटोती की जावेगी। 8. जी.एस.टी अलग से देय होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

चिंतन

# मानसून राहत के साथ चुनौती भी

उत्तर भारत में मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए यह राहत का संदेश है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी मानसून अपने साथ खुशियां और संकट दोनों लेकर आया है। बंगाल की खाड़ी से जम्मू-कश्मीर तक फैली करीब 1,500 किलोमीटर लंबी मानसून ट्रफ इस बात का संकेत है कि इस बार मानसून की गति कुछ दिनों तक धीमी रही, जिससे कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। अब एक साथ भारी बारिश की संभावना मौसम की चरम घटनाओं की ओर इशारा करती हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में व्यापक बारिश होगी। यह बारिश खेतों के लिए अमृत साबित हो सकती है, लेकिन यदि तैयारी अधूरी रही तो यही पानी बाढ़, जलभराव और जनहानि का कारण भी बन सकता है। भारत में मानसून केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी है। देश की लगभग 42 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है और 60 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि आज भी वर्षा आधारित है। समय पर और संतुलित मानसून किसानों के लिए बेहतर उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती और खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करता है। अच्छी फसल का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। मानसून जल सुरक्षा का भी सबसे बड़ा आधार है। वर्षा का पानी नदियों, झीलों, तालाबों और भूजल स्रोतों को पुनर्जीवित करता है। जलविद्युत परियोजनाओं को ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त पानी मिलता है और पूरे वर्ष पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। मानसून का दूसरा चेहरा भी उतना ही कठोर है। असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़, हिमाचल प्रदेश में फ्लैश फ्लड, उत्तर प्रदेश में पेड़ गिरने से हुई मौतें और मुंबई जैसे महानगरों में जलभराव यह बताते हैं कि भारत आज भी मानसून का पूरी तरह सामना करने के लिए तैयार नहीं है। हर वर्ष एक जैसी घटनाएं दोहराई जाती हैं, लेकिन समाधान स्थायी नहीं बन पाते। शहरों में नालों की सफाई समय पर नहीं होती, अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक जल निकासी बाधित रहती है और थोड़ी सी तेज बारिश भी पूरे शहरी तंत्र को ठप कर देती है। कृषि क्षेत्र में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। यदि मानसून कमजोर पड़ जाए या बारिश का वितरण असमान हो तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होती है। अल नीनो जैसी वैश्विक मौसमी घटनाएं कई बार सूखे की स्थिति पैदा कर देती हैं, जिससे उत्पादन घटता है और महंगाई बढ़ती है। मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ जाते हैं। दूषित पानी से डायरिया, टाइफाइड और पीलिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, सड़कें टूटती हैं, यातायात बाधित होता है और उद्योगों की उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ता है। यानी मानसून का प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। ऐसे में किसानों और आमजन को भी वर्षा जल को संरक्षित करना होगा। शहरी क्षेत्रों में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने होंगे। आपदा प्रबंधन तंत्र को केवल राहत कार्य तक सीमित न रखकर पूर्व तैयारी पर अधिक ध्यान देना होगा। मानसून प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है, लेकिन यह तभी वरदान बन सकता है जब उसकी प्रत्येक बूंद का सम्मान किया जाए। यदि वर्षा जल संरक्षण, वैज्ञानिक जल प्रबंधन, मजबूत शहरी अवसंरचना और प्रभावी आपदा प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए, तो मानसून केवल मौसम नहीं, बल्कि भारत के सतत विकास की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।



पुनर्जागरण
प्रणय कुमार

# भारत केवल नाम नहीं, सभ्यतागत पहचान

न्यास से जुड़े भारतीय भाषा मंच ने देशभर के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं के समक्ष निरंतर यह प्रश्न रखा कि किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसके अपने नाम से होती है। वस्तुतः भारत केवल एक भौगोलिक सीमा या राजनीतिक व्यवस्था का नाम नहीं है। वह एक प्राचीन सभ्यता, जीवंत संस्कृति और निरंतर प्रवाहित राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। हजारों वर्षों की ज्ञान-परंपरा, दर्शन, अध्यात्म, साहित्य, विज्ञान, लोकजीवन, संघर्ष और आत्मबल ने उसकी पहचान निर्मित की है। इंडिया' से 'भारत' की यह यात्रा किसी शब्द-परिवर्तन का अभियान नहीं, बल्कि स्वत्व, स्वाभिमान, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत पुनर्जागरण की पुनर्प्रतिष्ठा है।

देश के अनेक विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की उपाधियों, अंकपत्रों, पत्राचार, निमंत्रण-पत्रों, साइन-बोर्डों तथा अन्य आधिकारिक अभिलेखों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' लिखने का निर्णय केवल एक प्रशासनिक परिवर्तन नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक स्मृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के पुनर्जागरण का उद्घोष है। यह परिवर्तन उस वैचारिक मंथन का परिणाम है, जो लंबे समय से शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रश्न पर देशभर में चल रहा है।

हाल ही में मध्य प्रदेश के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर तथा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने अपने सभी आधिकारिक दस्तावेजों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' लिखने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर की कार्यपरिषद ने भी अपने आधिकारिक अभिलेखों में 'भारत' लिखने का प्रस्ताव पारित किया। 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' के अनुसार मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा महाराष्ट्र के कम-से-कम सत्रह विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों ने इस दिशा में औपचारिक संकल्प पारित किए हैं। स्पष्ट है कि यह अब किसी एक विश्वविद्यालय का निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना से प्रेरित एक व्यापक शैक्षिक अभियान का स्वरूप ग्रहण कर रहा है। इन निर्णयों के पीछे शैक्षिक क्षेत्र में सक्रिय 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' की वर्षों की सतत वैचारिक साधना और संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। न्यास से जुड़े भारतीय भाषा मंच ने देशभर के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और नीति-निर्माताओं के समक्ष निरंतर यह प्रश्न रखा कि किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसके अपने नाम से होती है। वस्तुतः भारत केवल एक भौगोलिक सीमा या राजनीतिक व्यवस्था का नाम नहीं है। वह एक प्राचीन सभ्यता, जीवंत संस्कृति और निरंतर प्रवाहित राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। हजारों वर्षों की ज्ञान-परंपरा, दर्शन, अध्यात्म, साहित्य, विज्ञान, लोकजीवन, संघर्ष और आत्मबल ने उसकी पहचान निर्मित की है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हर भाषा की अपनी प्रकृति, परंपरा और सांस्कृतिक स्मृति होती है। शब्द केवल ध्वनियां नहीं होते; वे इतिहास, भाव, मूल्य, अर्थ और पहचान के वाहक होते हैं। इसी कारण किसी व्यक्ति, स्थान अथवा राष्ट्र की संज्ञा का सामान्यतः अनुवाद नहीं किया जाता। नाम केवल संबोधन नहीं होता, बल्कि अस्तित्व और अस्मिता का प्रतीक होता है। भाषा की इसी संवेदनशीलता की उपेक्षा के कारण अंग्रेज़ीकरण की प्रवृत्ति ने अनेक विकृतियां उत्पन्न की हैं। राम का 'रामा', कृष्ण का 'कृष्णा', शिव का 'शिवा' और तनुज का 'तनुजा' आदि कर देने से केवल उच्चारण ही नहीं बदलता, बल्कि कई बार शब्द का अर्थ और लिंग भी परिवर्तित हो जाता है। यदि व्यक्तियों के नामों के साथ ऐसा परिवर्तन स्वीकार्य नहीं हो सकता, तो करोड़ों लोगों की सभ्यतागत पहचान वाले राष्ट्र के नाम के साथ यह असावधानी कैसे स्वीकार की जा सकती है?

'भारत' कोई सामान्य शब्द नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता का स्वनाम है। इसकी जड़ें हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा में हैं। ऋग्वैदिक साहित्य, महाभारत, विष्णु पुराण



तथा अनेक प्राचीन ग्रंथों में 'भारत' और भारतवर्ष' का उल्लेख मिलता है। भारतीय परंपरा के अनुसार इस राष्ट्र का नामकरण चक्रवर्ती सम्राट महाराज भरत के नाम पर हुआ। इसके विपरीत 'इंडिया' एक बाह्य नाम है, जिसकी उत्पत्ति सिंधु (इंडस) के विदेशी उच्चारण से हुई और जिसे औपनिवेशिक शासन ने आधिकारिक रूप से स्थापित किया। विश्व के अनेक देशों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद अपने मूल नामों और सांस्कृतिक प्रतीकों को पुनः प्रतिष्ठित किया। पड़ोस के देश सीलोन ने श्रीलंका व बर्मा ने म्यांमार कहे जाने में गर्व की अनुभूति की। वस्तुतः प्रत्येक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने स्वनाम को अपनी सांस्कृतिक पहचान का आधार मानता है। ऐसे में भारत द्वारा अपने वास्तविक नाम 'भारत' को प्रतिष्ठित करने का आग्रह न तो असामान्य है और न ही अभूतपूर्व; यह प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का स्वाभाविक अधिकार है। यह भी उल्लेखनीय है कि संविधान सभा में 'भारत' नाम को लेकर गंभीर और सार्थक चर्चा हुई थी।

अनेक सदस्यों ने आग्रह किया था कि संविधान में राष्ट्र का मूल नाम 'भारत' ही होना चाहिए। यद्यपि तत्कालीन ऐतिहासिक परिस्थितियों में अनुच्छेद 1 में 'इंडिया दैट इज भारत' का स्वरूप स्वीकार किया गया, तथापि संविधान सभा की बहस यह स्पष्ट करती है कि 'भारत' केवल एक भाषाई विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता का प्रश्न था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अनेक अवसरों पर कहा है कि 'भारत' एक विशिष्ट संज्ञा है, उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता। जैनाचार्य विद्यासागर महाराज भी निरंतर यह प्रश्न उठाते रहे कि जब मद्रास का चेन्नई, कलकत्ता का कोलकाता, बॉम्बे का मुंबई, गुरुगांव का गुरुग्राम हो सकता है, तो 'इंडिया' का 'भारत' क्यों नहीं? उनके अनुसार यह केवल नाम परिवर्तन का नहीं, बल्कि मानसिक दासता से मुक्ति का प्रश्न है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी जनमानस की वाणी 'भारत' ही थी। 'भारत माता की जय', 'वन्दे मातरम्' और 'जय हिन्द' जैसे उद्घोष राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बने। प्रश्न है कि कोई यदि 'इंडिया माता की जय' कहे तो क्या उससे वही भाव प्रकट होगा जो 'भारत माता की जय' से होता है? इससे स्पष्ट है कि राष्ट्र की आत्मा सदैव 'भारत' नाम से ही स्वयं को अभिव्यक्त करती रही है। हाल के वर्षों में भी राष्ट्रीय जीवन में 'भारत' के प्रयोग की प्रवृत्ति निरंतर बढ़ी है। जी-20 शिखर सम्मेलन के निमंत्रण-पत्रों में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का प्रयोग हो अथवा अनेक सरकारी दस्तावेजों और संस्थानों द्वारा 'भारत सरकार' तथा 'भारत' शब्द को प्राथमिकता देना, ये सभी संकेत इस बात के द्योतक हैं कि देश की सांस्कृतिक चेतना अपने वास्तविक नाम की ओर स्वाभाविक रूप से लौट रही है। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं होती; वह राष्ट्रीय चेतना का निर्माण भी करती है। जब किसी विद्यार्थी को मिलने वाली उपाधि, अंकपत्र या प्रमाण-पत्र पर 'भारत' अंकित होगा, तो वह केवल एक शब्द नहीं पढ़ेगा, बल्कि अपनी सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान का भी बोध करेगा। आवश्यकता इस बात की है कि विश्वविद्यालयों द्वारा आरंभ किए गए इस ऐतिहासिक अभियान का अनुसरण अन्य शैक्षणिक संस्थान, विश्वविद्यालय, राज्य सरकारें और केंद्र सरकार भी करें।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि भारत केवल हमारे देश का नाम नहीं है; वह हमारी सभ्यता की स्मृति, संस्कृति की चेतना, इतिहास की निरंतरता और राष्ट्रीय आत्मा का स्वर है। इसलिए 'इंडिया' से 'भारत' की यह यात्रा किसी शब्द-परिवर्तन का अभियान नहीं, बल्कि स्वत्व, स्वाभिमान, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सभ्यतागत पुनर्जागरण की पुनर्प्रतिष्ठा है।

( लेखक शिक्षाविद एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# आज 'थैंक्यू , डॉक्टर साहब!' कहिए तो याद कीजिए...

आज नेशनल डॉक्टर्स डे है यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस। मरीजों के प्राण व स्वास्थ्य की रक्षा के प्रयत्नों में डॉक्टरों द्वारा प्रदर्शित समर्पण के लिए उनका सम्मान करने, उनके प्रति कृतज्ञता जताने और उन्हें धन्यवाद देने का दिन, जो 'भारतरत्न' से सम्मानित अपने वक्त के देश के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और बारह से ज्यादा वर्ष तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे डॉ. बिधानचंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन डॉ. बिधानचंद्र रॉय की जयंती भी है और पुण्यतिथि भी। 1882 में एक जुलाई को पटना के बांकीपुर में एक बंगाली कायस्थ परिवार में उनका जन्म हुआ था तो 1962 में एक जुलाई को ही निधन भी हुआ-उनके 80वें जन्मदिन पर। बहरहाल, राजनेता के रूप में काम करते हुए भी उन्होंने चिकित्सक के रूप में अपने दायित्वों के प्रति समर्पण में कोई कमी नहीं आने दी, जिसके चलते दूरदर्शी संस्था-निर्माता के रूप में सामने आये और आधुनिक भारतीय स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा शिक्षा के जनक माने जाने लगे। उन्होंने कलकत्ता में चित्तरंजन सेवा सदन, चित्तरंजन कैंसर अस्पताल, विक्टोरिया इंस्टीट्यूशन और जादवपुर टी.बी. अस्पताल जैसे प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही देश में चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर मानकों के नियमन के लिए 1939 में भारतीय चिकित्सा परिषद की स्थापना की और उसके पहले अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1928 में देश के डॉक्टरों को एक मंच पर लाने के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) के गठन में भी उनका बहुत बड़ा योगदान था। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने तो राज्य में स्वास्थ्य केंद्रों, प्रसूति केंद्रों, और कुष्ठ रोग क्लीनिकों का अभूतपूर्व विस्तार किया। मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी अनेकानेक व्यस्तताओं के बावजूद, वे प्रतिदिन दो घंटे गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा सहायता और दवाइयां देते थे। इसलिए एक जुलाई को, जो उनकी जयंती भी है और पुण्यतिथि भी, नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया और इस दिन उत्कृष्ट डॉक्टरों को सम्मानित किया जाने लगा। समय के साथ इस अवसर पर देश की पहली डिग्रीधारी महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी और उनके संघर्षों को भी याद किया जाने लगा। 1885 में पुणे (महाराष्ट्र) की आनंदीबाई गोपालराव जोशी ने डॉक्टर बनने का संकल्प लिया तो उन्हें गुलामी के साथ पितृसत्ता की जाई नाना प्रकार की रूढ़ियों, संकीर्णताओं और परम्पराओं वगैरह का भारी भरकम बोझ भी उठाना पड़ा था। उन्होंने इंच-इंच संघर्ष कर सबको शिकस्त दी और देश की पहली डिग्रीधारी महिला डॉक्टर बनकर रहीं। अपने भीतर की मां को सदमे से उबारकर इस दृढ़ संकल्प तक पहुंचाया कि वे चिकित्सा विज्ञान पढ़कर डॉक्टर बनेंगी और अपने देखते किसी भी अन्य मां की गोद इस तरह सूनी नहीं होने देंगी। उन्होंने इस बाबत अपने पति गोपाल राव को बताया तो उन्होंने उसे पूरा करने में हर कदम पर उनका साथ देने का वचन दिया और उसे निभाया भी। उनका माता-पिता का दिया नाम यमुना था, जो विवाह के बाद एक परम्परा के तहत बदल दिया गया था और ससुराल वाले उन्हें आनंदीबाई कहकर पुकारने लगे थे। बाद में परम्परा के अनुसार अभिलेखों में उनके नाम के साथ पति का नाम जोड़ दिया गया तो उनका नाम आनंदीबाई गोपाल राव जोशी हो गया। अमेरिका में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करके वे स्वदेश लौटीं तो कोल्हापुर रियासत द्वारा संचालित अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल के महिला वार्ड में प्रभारी चिकित्सक नियुक्त हुईं। लेकिन नियति ने इस मोड़ पर भी उनका ट्रेजेडी से सामना कराना ही तय कर रखा था। पद भार संभालने के कुछ ही दिनों बाद वे तपेदिक (टीबी) की शिकार हो गईं, जो उन दिनों तक सर्वथा लाइलाज बीमारी मानी जाती थी। अंततः 26 फरवरी, 1887 को महज 22 साल की उम्र में इस असाध्य बीमारी ने उनकी जान ले ली और जिस तरह उनकी गोद सूनी हुई थी, उस तरह किसी और मां की गोद सूनी न होने देने का उनका सपना सपना ही रह गया। उनके वक्त में मुम्बई की उनकी जैसी ही बाल-विवाह पीड़िता रखमाबाई राउत (22 नवम्बर, 1864 - 25 सितम्बर,1955) ने नाना विघ्न बाधाओं के बीच लंदन स्कूल ऑफ मेडिसिन फॉर वीमेन से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर एमडी करनी चाही तो पाया कि वह संस्थान महिलाओं को एमडी ही नहीं करवाता। इसके चलते उन्हें ब्रसेल्स जाकर एमडी करनी पड़ी, जिसके बाद वे भारत की पहली महिला एमडी और पहली प्रैक्टिस करने वाली डॉक्टर बनीं। मुंबई के भीकाजी कामा अस्पताल में शुरुआती सेवाएं देने के बाद वे सूरत चली गईं और साढ़े तीन दशकों तक खुद को महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के प्रयत्नों में झोंके रखा।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।


# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### कैसे साबित करें कि हम भारतीय हैं

आज के दिन भारतीयों के पास कोई ऐसा प्रमाण या प्रमाणपत्र नहीं है जिससे वो अपना भारतीय होना साबित करें। क्या यह अफसोस और शर्म की बात नहीं है। मैं 81 वर्ष पहले यहां पैदा हुआ, दो-तीन पीढ़ियां गुजर गईं और आज हमें कहा जा रहा है कि साबित करो तुम भारतीय हो। नागरिकता प्रमाणपत्र सबको नहीं मिलता, शायद उनको दिया जाता है जो यहां के पैदाइशी नहीं हैं या जो नागरिकता के लिए आवेदन करते हैं। अगर पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पैन कार्ड आदि नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं हैं, तो नागरिकता कैसे साबित करें। हाल में अदालत ने अपने फैसले में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना। इसके बाद से नागरिकता प्रमाणपत्र को लेकर बहस छिड़ गई है।

*- विनोद पाराशर, रोहतक*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



उद्योगों के लिए पारदर्शी नीतियों, 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के ज़रिए हमारी सरकार मज़बूत औद्योगिक इकोसिस्टम बना रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' का मतलब है ऐसा भारत जो आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ा हो।
- **राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर



1.5 अरब लोगों की आबादी के लिए, हमने 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए हैं, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए मज़बूत आधार तैयार हुआ है। यहां हमने स्क्रीनिंग और बीमारी का जल्द पता लगाने वाली सेवाएँ शुरू की हैं।
- **जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शिक्षा-परीक्षा प्रणाली



शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षाएं निष्पक्ष होंगी, तो तरक्की पक्की होगी। शिक्षा के कारण हिंदुस्तानी पहचान और इंसानियत खतरे में है। हम सकारात्मक शिक्षा लाएंगे और 'भाई-राष्ट्र' बनाएंगे। 'शिक्षा-परीक्षा प्रणाली' में बदलाव देश का भविष्य संवारेगा।
- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**


### युवा खिलाड़ी



आयरलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया। आईपीएल में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाने वाले खिलाड़ी को बेंच पर बिठाना बेवकूफी है। कल अभिषेक शर्मा और वैभव से ओपनिंग करवाओ! इन युवा खिलाड़ियों को अपना जलवा दिखाने दो।
- **सुनील गावस्कर**, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

## करंट अफेयर


# एआई से बने चेहरों को पहचानना अब पहले जितना आसान नहीं



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार किए गए 'डीपफेक' चेहरे अब इतने वास्तविक दिखने लगे हैं कि वे अक्सर लोगों को धोखा दे देते हैं। कुछ शोध के अनुसार, 2027 तक डीपफेक से जुड़ी धोखाधड़ी का वार्षिक मूल्य 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। ज्यादातर लोगों के लिए एआई से बने चेहरों को पहचानना मुश्किल होता है। 2023 में हमें पता चला था कि कुछ एआई-निर्मित चेहरे इतने 'हाइपर-रियल' होते हैं कि वे वास्तविक इंसानी चेहरों से भी अधिक असली प्रतीत होते हैं। हमने यह भी पाया कि लोग अक्सर यह मानने में जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास दिखाते हैं कि वे एआई चेहरों की पहचान कर सकते हैं, जबकि सबसे अधिक आत्मविश्वासी लोग ही सबसे ज्यादा गलतियां करते हैं। डीपफेक का पता लगाने वाले सॉफ्टवेयर मौजूद तो हैं लेकिन वे यह नहीं बता पाते कि उन्होंने कैसे पता लगाया और उनमें कुछ बड़ी कमियां भी हैं। कुछ को तो बस तस्वीर का प्रारूप बदलकर जैसे पीएनजी से जेपीजी में बदलकर आसानी से धोखा दिया जा सकता है। हालांकि, यह भी सामने आया है कि अधिकतर लोग लगभग एक घंटे के अभ्यास से एआई-निर्मित चेहरों की पहचान करना सीख सकते हैं।

## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है विटामिन बी6



ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

दोनों राज्यों के हजारों लोग बेघर, हजारों करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे को नुकसान

# असम में 96 गांव बाढ़ के पानी में डूबे और अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन से 12 जिलों में हाहाकार, करीब 22 हजार लोग हो गए बेघर

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम और अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से स्थिति बिगड़ती जा रही है। दोनों राज्यों के हजारों लोग बेघर हो गए हैं और हजारों करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अरुणाचल प्रदेश के 12 जिलों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। असम में लेकू नदी के उफान से जोनाई इलाके में बाढ़ आ गई और नेशनल हाईवे 515 भी पानी में डूब गया। असम में 96 गांव बाढ़ के पानी में डूब गए हैं।

असम के छह जिलों के 22 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। सबसे ज्यादा असर धेमाजी जिले में पड़ा, जहां करीब 16 हजार लोग प्रभावित हैं। अब तक डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र की फसल खराब हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ से पैदा हुए हालात का जायजा लेने के लिए असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा और अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू से फोन पर बात की।

## गृह मंत्री अमित शाह ने हालात का जायजा लेने सीएम हिमंता सरमा और खांडू से फोन पर बात की





असम और अरुणाचल प्रदेश

कहीं मौसम की आफत तो कहीं पर लोगों को बारिश की 'चाहत'

### 2-3 दिन में पूरे देश में पहुंचेगा मानसून

उन्होंने बताया कि मॉनसून ने उत्तर प्रदेश और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र यानी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी दस्तक दे दी है और अगले दो-तीन दिनों में इसके गुजरात और राजस्थान के और हिस्सों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के बचे हुए इलाकों में भी फैलने की उम्मीद है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बाद पंजाब, हरियाणा औरएनसीआर में भी पहुंचने की संभावना है।

मुंबई के चेंबूर में बड़ा हादसा

## स्कूल बस पर गिरा पेड़, एक छात्र की मौत, कई घायल

मुंबई के चेंबूर में स्कूल बस पर पेड़ गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। बस में कुल 13 बच्चे सवार थे। घायल छात्रों को जैन अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। चार छात्रों का जैन अस्पताल में इलाज चल रहा है। चेंबूर ईस्ट में रोड नंबर 11 पर सेंट एंथोनी स्कूल के पास एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। फायर ब्रिगेड और बीएमसी की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। आपातकालीन बचाव दल ने गाड़ी के अंदर फंसे एक बच्चे को बाहर निकालने के लिए गिरे हुए पेड़ को काटा।



मुंबई। बस पर गिरा पेड़



### पीड़ित परिवार तक पहुंचकर दम लेंगे

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को अरुणाचल पहुंचे, लेकिन खराब मौसम से हवाई सर्वे नहीं कर पाए। 1 जुलाई को अरुणाचल और असम के बाढ़ प्रभावित इलाकों में ज़मीनी और हवाई दौरा करेंगे। चौहान ने कहा परिवार से मिलकर ही दम लेंगे।

मानसून ने पकड़ी रफ्तार

### उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों में तेजी से दस्तक, 3-4 दिन में होगी बारिश

जून में मानसून की सुस्त चाल के बाद अब मौसम का मिजाज पूरी तरह बदलने वाला है। विज्ञान विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून अब 'छलांग' लगाकर आगे बढ़ रहा है और अगले 3-4 दिन में उत्तर भारत के बड़े हिस्से को कवर कर लेगा। वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि बचे हुए हिस्सों को लगभग कवर कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### 20 से शुरू हो सकता है मानसून सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो सकता है। इसके लगभग 3 सप्ताह चलने की संभावना है। संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने अंतिम फैसला नहीं लिया है। आमतौर पर शीतकालीन सत्र में 20 बैठकें होती हैं और ये 4 सप्ताह तक चलते हैं। इससे पहले कम अवधि के सत्र भी आयोजित किए जा चुके हैं।



### पेट्रोकेमिकल प्लांट में आग, 20 घायल

**कोलकाता।** पूर्वी भारत के पश्चिम बंगाल स्थित एक पेट्रोकेमिकल प्लांट में आग में 20 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से 5 की हालत गंभीर है। आग हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स द्वारा संचालित प्लांट की नेफ्था पाइपलाइन में लगी थी। पूर्व मेदिनीपुर जिले में स्थित उस क्षेत्र में आग तेजी से फैल गई थी।



### बोरवेल में गिरे निर्भय की बचाने की कोशिशें जारी

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले के धनौरा में मंगलवार को 4 साल का एक लड़का 220 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया जिसे निकालने की कोशिशें जारी हैं। इससे लगभग दो दशक पहले कुरुक्षेत्र के हल्दाहेरी गांव में चार साल का बच्चा प्रिंस भी खुले बोरवेल में गिर गया था जिसे 2 दिन बाद बाहर निकाला जा सका था।



### आसाराम को गंभीर हालात में जमानत देंगे

**नई दिल्ली।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जमानत देने से इनकार कर दिया। यदि स्थिति गंभीर होती है तभी जमानत पर विचार करेंगे।



यह नीति भारत की एनर्जी सिक्योरिटी, किसानों और पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगी

केंद्र सरकार ने चिंताओं को दूर करते हुए कहा

# अभी तो चल रहा प्रयोग, अगले साल तक साफ हो जाएगी हमारी पॉलिसी






एथेनाल मिश्रण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिलाने का प्रोग्राम अभी भी एक एक्सपेरिमेंट के तौर पर चल रहा है। इस पॉलिसी का असर अगले साल तक और साफ हो जाएगा। कई लोगों को चिंता है कि इथेनॉल की ज्यादा मात्रा मिलाने से पुरानी गाड़ियों को नुकसान हो सकता है और फ्यूल की क्षमता यानी माइलेज भी कम हो सकती है।

■ पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

सरकार ने इन चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा है कि ई 20 पेट्रोल और गाड़ियों के मैकेनिकल नुकसान के बीच कोई ठोस सबूत नहीं है। यह पॉलिसी भारत की एनर्जी सिक्योरिटी, किसानों और पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगी। सुप्रीम कोर्ट, सरकारी कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा थाष यह याचिका कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने के लिए दायर की गई थी।

### सरकारी वकील ने क्या कहा ?

*वेंकटरमणी ने तर्क दिया कि अगर एक सप्लायर के एलोकेशन में बदलाव की इजाजत दी जाती है, तो दूसरे सप्लायर भी ऐसी ही मांग कर सकते हैं, जिससे कई कानूनी मामले खड़े हो सकते हैं और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इथेनॉल-ब्लेंडेड पेट्रोल प्रोग्राम को कोऑर्डिनेट कर रहे बीसीसीएल को टेंडर प्रोसेस के बाद कुल मिलाकर करीब 1,759 करोड़ लीटर की सप्लाई के ऑफर मिले थे।वेंकटरमणी ने ट्रांसफर याचिका दायर करने की इजाजत मांगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस मामले पर अक्टूबर से पहले फैसला होना जरूरी है, क्योंकि तब इथेनॉल सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट्स का नवीनीकरण यानी रिन्यूअल होना है। अगर मैं डिवीजन बेंच के पास जाता हूं और फिर दूसरे हाई कोर्ट्स में भी जाता हूं, तो इसमें देरी होगी। इसके बदलने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनियों को कितना इथेनॉल उपलब्ध कराया जाएगा, यह मांग और अन्य कारकों के आधार पर कम या ज्यादा हो सकता है।*

### मंत्रालय ने लाभ बताया

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 अप्रैल से पूरे देश में इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की सप्लाई शुरू कर दी थी। सरकार ने अब 2030 तक पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की मात्रा को 30 फीसदी तक बढ़ाने का टारगेट रखा है। मंत्रालय ने इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम को 'सुरक्षित, ग्राहकों के लिए फायदेमंद और आर्थिक रूप से फायदेमंद' बताया था। मंत्रालय ने उन चिंताओं को भी खारिज कर दिया कि व्हीकल के इंश्योरेंस कवरेज पर असर पड़ सकता है।मंत्रालय ने कहा कि इथेनॉल ब्लेंडिंग दुनिया भर में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया है और इसे अमेरिका, ब्राजील और जापान सहित कई देशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इसमें कहा गया है कि इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम ने कच्चे तेल के आयात को कम करके भारत को विदेशी मुद्रा में 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बचाने में मदद की है।

### अक्टूबर 2025 में पूरे हो गए थे कॉन्ट्रैक्ट

केंद्र की ओर से पेश होते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि इथेनॉल एलोकेशन की प्रक्रिया अक्टूबर 2025 में ही पूरी हो चुकी थी और सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट भी फाइनल हो गए थे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अलग-अलग आवंटनों को फिर से खोलने से पूरे देश में चल रहे इस प्रोग्राम में बाधा आ सकती है।



### बीपीसीएल ने कहा- असर पड़ेगा

हाई कोर्ट ने 23 जून के अपने आदेश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों बीपीसीएम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को निर्देश दिया था कि वे टेंडर प्रोसेस पूरा होने से पहले एक डिस्टिलरी के उस अनुरोध पर विचार करें, जिसमें उसने अपना इथेनॉल एलोकेशन बढ़ाने की मांग की थी।

23 दलों, 1 निर्दलीय सांसद ने लिखा पत्र

## सीजेआई ने कहा- एसआईआर वैध, आपत्तियों को किया खारिज





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

23 राजनीतिक दलों और एक निर्दलीय सांसद ने भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को एक संयुक्त पत्र भेजा है। यह पत्र निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया और चुनाव संबंधी अन्य मुद्दों पर है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी।

इस पत्र में न्यायपालिका से हस्तक्षेप की मांग की है। विपक्षी गठबंधन ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि चुनाव नतीजों को प्रभावित किया जा रहा है। रमेश ने बताया कि 21 विपक्षी राजनीतिक दलों और एक निर्दलीय सांसद ने 8 जून को हुई विपक्षी गठबंधन की बैठक में भाग लिया था।

### 5 राज्यों में एसआईआर शुरू

चुनाव आयोग ने मंगलवार से दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मेघालय और झारखंड में एसआईआर शुरू किया है। इसके तहत बीएलओ वोटर लिस्ट वेरिफाई करने के लिए घर-घर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। इस अभियान के दौरान बीएलओ 30 जून से 29 जुलाई के बीच हर घर जाएंगे और वोटर्स को एन्यूमरेशन फॉर्म देंगे और भरे फॉर्म इकट्ठा करेंगे। इस वेरिफिकेशन का मकसद पक्का करना है कि सिर्फ योग्य नागरिक रहें। अयोग्य लोगों के नाम हटा दिए जाएं। इसके बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 5 अगस्त को जारी होगी। दावे और आपत्तियां के बाद 7 अक्टूबर को फाइनल जारी होगी।

### कोई भी वास्तविक नागरिक बाहर नहीं होगा

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य अवैध घुसपैठियों के नाम हटाना है। उनका कहना है कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी वास्तविक भारतीय नागरिक मतदाता सूची से बाहर न हो। शाह ने यह भी कहा कि अवैध घुसपैठियों को व्यवस्थित प्रक्रिया से हटाया जाएगा। जहां लागू हो, उन्हें देश से निर्वासित किया जाएगा।



आईएलबीएस के कार्यक्रम में बोले नड्डा

## स्वस्थ भारत से साकार होगा विकसित भारत का सपना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

नड्डा ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए दीक्षांत समारोह को उनकी शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रा का महत्वपूर्ण अवसर बताया।उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान जैसे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और प्रतिष्ठित संस्थान से डिग्री प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। जिसे रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए विशिष्टता हासिल है। नड्डा ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्थान के योगदान का उल्लेख कर कहा कि आईएलबीएस देश भर के घर-परिवारों में जागरुकता लाई है।



अयोध्या में बड़ा हादसा

## स्नान के दौरान सेल्फी लेने के फेर में 5 महिलाएं डूबीं

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

नदी में स्नान के दौरान सेल्फी लेने के चक्कर में 5 महिलाएं डूब गईं। घटना मंगलवार को सनहा गांव की है। इनमें से 3 हिलाओं का शव नदी से निकाला गया, जबकि 2 अभी-भी लापता हैं। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। सनाहा निवासी मरियम, शाहीन, रशिदा, सजरूल एवं नाजिया मंगलवार को नदी में स्नान करने गई थीं, तभी एक-एक करपांचों गहरे पानी में डूबने लगीं। एक दूसरे को बचाने के प्रयास में पांचों नदी में समा गईं। जहां हुई वहां स्नान के लिए घाट तक नहीं है। एसडीएम सविता राजपूत ने बताया कि नदी में सेल्फी लेने के दौरान यह हादसा हुआ है। देवरकोट गांव निवासी गोताखोर जीवधारी पांडेय की मदद से मरियम, शाहीन व सजरूल को नदी से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन रास्ते में मौत हो चुकी थी।



परिवार अदालत ने गुजारा भत्ता दावे को किया था खारिज

## पत्नी को मायके का सहारा पति को गुजारा भत्ता देने से मुक्त नहीं करता

एजेंसी ▶▶ इलाहाबाद

हाईकोर्ट का कहना है कि संकट के दौरान पत्नी को मायके का सहारा मिलना, पति को उसके गुजारा भत्ता देने के दायित्व से मुक्त नहीं कर सकता। अदालत ने बुलंदशहर की परिवार अदालत के निर्णय के खिलाफ पत्नी और उसके दो नाबालिग बच्चों की ओर से दायर की गई आपराधिक पुनरीक्षण याचिका स्वीकार कर ली है। इससे पहले परिवार अदालत ने दिसंबर 2023 में पत्नी के गुजारा भत्ता दावे को खारिज कर दिया था। साथ ही हर बच्चे को प्रति माह 3,000 रुपए गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला



### अदालत ने सुनाया बड़ा फैसला

मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद ने कहा कि पत्नी को पति से गुजारा भत्ता पाने से केवल इसलिए मना नहीं किया जा सकता, क्योंकि संकट के दौरान पत्नी के माता पिता उसकी मदद करते हैं।

### पत्नी ने उत्पीड़न का लगाया था आरोप

पत्नी का आरोप था कि शादी के बाद पति और ससुरालीजन उसका उत्पीड़न करते थे। पत्नी का आरोप था कि सेना से सेवानिवृत्त उसके पति ने उसके साथ वैवाहिक रिश्ता तोड़ लिया और बाद में उसे सूचित किया कि उसने किसी अन्य महिला से विवाह कर लिया है।

विद्यार्थी समाज और देश के भविष्य को बेहतर बनाएं

## विवि एसटी के आत्मविश्वास, नेतृत्व नीति निर्माण क्षमताओं को बढ़ावा दे

एजेंसी ▶▶ अमरावती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय जनजातीय विवि आंध्र प्रदेश के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा कि केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश पर अनेक विशेष जिम्मेदारियां हैं। इससे अपेक्षा की जाती है कि यह विवि जनजातीय समाज के आत्मविश्वास, नेतृत्व और नीति निर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने का केंद्र बने। ऐसी संस्थाओं का यह दायित्व भी होता है कि वे अपने क्षेत्र के जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, आजीविका और वनाधिकारों के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करें।



### आजीविका संवर्धन के लिए नवाचार को बताया जरूरी

राष्ट्रपति ने कहा कि हर विवि में और विशेषकर, जनजातीय विश्वविद्यालय में, जनजातीय समाज की आजीविका संवर्धन के लिए ऐसी नवाचारी व्यवस्था होनी चाहिए जिसके आधार पर वन उपज, हस्त शिल्प, मिलेट, औषधीय पौधों, इको टूरिज्म और स्थानीय उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उपयोगी कार्यों को बढ़ावा मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों को अपने भविष्य के बारे में संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित करता है।

भारतीय शिक्षक मंडल की बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा

# विश्व को पूर्णता प्रदान कर रहा आरएसएस

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय शिक्षण मंडल की 3 दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत टोली बैठक का आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक समापन हुआ। बैठक में देश के 43 प्रांतों से आए लगभग 380 प्रतिनिधियों, कुलपति, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, नीति-निर्माता, शिक्षक एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। समापन सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रहे। उन्होंने कहा कि विश्व को पूर्णता प्रदान करना हमारा कार्य है। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य, मडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानन्द जोशी , महामंत्री डॉ. भरत शरण, संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद सहित कार्यकारिणी के सदस्य एवं देशभर से आए प्रांत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भारतीय शिक्षण मंडल की अखिल भारतीय प्रांत टोली बैठक का प्रेरणादायी समापन, नवीन वेबसाइट का लोकार्पण एवं 'विविभा' पुस्तक का विमोचन किया





समारोह में डॉ. भागवत

### विश्व को सही बोध देने वाली शिक्षा का निर्माण करें


डॉ. भागवत ने कहा कि आज विश्व अनेक संकटों और जटिल प्रश्नों से जूझ रहा है। वैश्विक विचारधाराएं और व्यवस्थाएं जीवन को आंशिक रूप से देखती हैं, जबकि भारत की दृष्टि जीवन, समाज, प्रकृति और समस्त सृष्टि को एकात्म रूप में समझती है। भारत की ज्ञान परंपरा प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, धर्म, संतुलन और मानवता का कल्याण है।

### मंडल एक व्यापक सभ्यतागत दायित्व का वाहक

*डॉ. भागवत ने कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल का कार्य कोई सीमित संगठनात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि भारत के व्यापक सभ्यतागत दायित्व का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह कार्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था के निर्माण का प्रयास है जो मनुष्य के समग्र विकास को केंद्र में रखती है।*

### भारत की वाणी को विश्व को सुनना ही होगा

*डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी समग्र दृष्टि के आधार पर समस्त प्राणिमात्र के कल्याण के लिए भारत की वाणी को विश्व को सुनना ही होगा। यह समय की आवश्यकता भी है और अनिवार्यता भी है।*



साल के आखिरी माह में अमेरिका जा सकते हैं पीएम मोदी

जापान की पीएम आज से 3 जुलाई तक भारत में रहेंगी

पीएम मोदी से भी मुलाकात हो सकती है

पीएम मोदी 6 से 11 जुलाई के बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के तीन अहम देशों- इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर रहेंगे

# कूटनीतिक गलियारों में 'सुपर जुलाई': जापान पीएम की मेजबानी के बाद तीन देशों के ऐतिहासिक दौरे पर निकलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

जुलाई 2026 का महीना भारत की विदेश नीति और कूटनीति के लिहाज से बेहद व्यस्त और ऐतिहासिक होने जा रहा है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में वैश्विक नेताओं की मेजबानी करेंगे, वहीं दूसरी तरफ वे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण देशों के तूफानी दौरे पर भी रवाना होंगे। इस व्यस्त शेड्यूल के केंद्र में भारत-जापान द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन और न्यूजीलैंड की 38 साल बाद होने वाली किसी भारतीय पीएम की ऐतिहासिक यात्रा शामिल है। जुलाई की शुरुआत ही बेहद हाई-प्रोफाइल कूटनीतिक गतिविधि से होगी। कुल मिलाकर, जुलाई 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शेड्यूल पूरी तरह पैक्ड रहने वाला है। वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख को देखते हुए, जापान के साथ रिश्तों को धार देने से लेकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच कूटनीतिक संतुलन साधने तक, यह हफ्ता भारत के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची 1 से 3 जुलाई तक भारत की राजकीय यात्रा पर आ रही हैं। दोनों नेता नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें रक्षा, आर्थिक सुरक्षा, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और मजबूत ग्लोबल सप्लाई चेन जैसे 8 प्रमुख स्तंभों पर समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद ताकाइची का यह पहला भारत दौरा है।

### इंडो-पैसिफिक मिशन: 3 देशों का तूफानी दौरा

*जापान की प्रधानमंत्री की विदाई के तुरंत बाद, पीएम मोदी 6 से 11 जुलाई के बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के तीन अहम देशों- इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर निकल सकते हैं। रणनीतिक और व्यापारिक लिहाज से इस दौरे का शेड्यूल काफी टाइट रहने वाला है:*

### इंडोनेशिया (जकार्ता)

*यहां पीएम मोदी इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। एजेंडे में समुद्री सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना शामिल है।*

### न्यूजीलैंड (ऑकलैंड)

*38 साल बाद भारतीय पीएम की ये ऐतिहासिक यात्रा है। इस दौरे का सबसे बड़ा आकर्षण न्यूजीलैंड की यात्रा है। साल 1986 में पूर्व पीएम राजीव गांधी के दौरे के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी। यहाँ भारतीय समुदाय द्वारा एक भव्य किया ओर मोदी कार्यक्रम की भी तैयारी की जा रही है, साथ ही हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) की समीक्षा की जाएगी।*

### ऑस्ट्रेलिया (मेलबर्न)

दौरे के आखिरी पड़ाव में पीएम मोदी ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ रक्षा सहयोग, क्वाड पहल और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) पर चर्चा करेंगे। मेलबर्न में मेलबर्न मीट्स मोदी नाम से एक विशाल प्रवासी भारतीय सम्मेलन भी आयोजित होने की उम्मीद है।

### दिसंबर में अमेरिकी दौरे पर रहेंगे पीएम

कूटनीतिक व्यस्तताओं का यह सिलसिला साल के अंत तक जारी रहेगा। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 14-15 दिसंबर को मियामी (फ्लोरिडा) में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने अमेरिका भी जा सकते हैं, जहां भारत-यूएस ट्रेड डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने की ईरानी राष्ट्रपति मसूद से बात



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान ईरानी राष्ट्रपति ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों और आगे की स्थिति को लेकर पीएम मोदी को जानकारी दी। पीएम मोदी ने क्षेत्र में बनी समझ का स्वागत किया और कहा कि भारत लगातार यह मानता रहा है कि सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही होना चाहिए। पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास जारी रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने समुद्री मार्गों पर आवागमन और व्यापार की स्वतंत्रता सुरक्षित बनाए रखने की अहमियत भी दोहराई। क्षेत्रीय संघर्ष के बावजूद ईरान के साथ भारत उच्चस्तरीय राजनीतिक संपर्क और बहुपक्षीय मंचों के जरिए संवाद बनाए हुए है।

### वैध प्रवासन के पक्ष में भारत, 26 देशों संग डील



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को एक बार फिर से यह साफ कर दिया है कि भारत पूरी दृढ़ता के साथ कानूनी प्रवासन के साथ खड़ा है। अब तक इस संबंध में नई दिल्ली ने दुनिया के कुल 26 से ज्यादा देशों के साथ 28 प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी समझौतों (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। जिनका मकसद इससे जुड़ी प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना है। कई अन्य देशों के साथ भी इस विषय को लेकर वार्ता जारी है। ह्यूमन मोबिलिटी पार्टनरशिप फोरम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने यह कहा कि सभी देशों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वह अवैध प्रवासन, शोषण करने वाली पद्धतियों, झूठे बिचौलियों और मानव तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। यह वह तमाम चुनौतियां हैं, जिनकी वजह से वैध प्रवासन से जुड़े हुई विश्वसनीयता से समझौता होता है।

---

ग्रीस में शुरू हुई भारत की यूपीआई सेवा


# बड़ी पहल:दुनिया के 10 देशों में बेधड़क डिजिटल भुगतान कर सकेंगे भारतीय

लेनदेन की लागत भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी कम हो जाएगी

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी शुरू हो गया है, जिससे योग्य ग्राहक अब तुरंत, सुरक्षित और आसान तरीके से पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके साथ ही, लेनदेन की लागत भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी कम हो जाएगी।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में यूपीआई को मिल रही स्वीकृति और सराहना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तकनीक-आधारित समाधानों की सोच पर दुनिया भरोसा कर रही है। उन्होंने कहा कि ये समाधान सीमाओं से परे जाकर मूल्य सृजित कर रहे हैं और साझा विकास व समृद्धि के लिए वैश्विक साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं। ग्रीस दौरे के दौरान पीयूष गोयल ने यूरोबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फोकियन करावियास से मुलाकात की और भारत-ग्रीस आर्थिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। गोयल ने कहा, हमने ग्रीक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रीस में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) तथा बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इस तरह भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी लाइव हो गया है। ग्रीस इस डिजिटल पेमेंट नेटवर्क से जुड़ने वाला नया देश बन गया है।




पीयूष गोयल की मौजूदगी में लाइव डेमो हुआ

### ग्रीस से पहले कंबोडिया में शुरू हुआ था यूपीआई

ग्रीस से ठीक पहले कंबोडिया इस लिस्ट में शामिल होने वाला 9वां देश बना था। इसके लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने वहां के बैंक के साथ पार्टनरशिप की थी। इससे पहले सिंगापुर, यूएई, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर और श्रीलंका को उन आठ देशों के रूप में लिस्ट किया था, जहां यूपीआई को स्वीकार किया जा रहा है। यूरोप में यूपीआई के विस्तार में फ्रांस एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। साल 2024 में पेरिस के एफिल टॉवर से यूपीआई को लॉन्च किया गया था। इसके बाद इस सर्विस का विस्तार वहां के बड़े रिटेल डेस्टिनेशंस जैसे नीस में स्थित गैलरीज लाफायेट तक किया गया।

### यूपीआई की वैश्विक स्वीकार्यता

एथेंस में यूरोबैंक के हेडक्वार्टर में यूरोबैंक और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड की पार्टनरशिप से शुरू हुई इस सर्विस का लाइव डेमो भी देखा गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एथेंस की अपनी ऑफिशियल विजिट के दौरान इस सर्विस के लाइव डेमो को देखा। उन्होंने कहा कि यूपीआई को मिल रही वैश्विक स्वीकार्यता से यह साबित होता है कि भारत की टेक्नोलॉजी पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है। यह तकनीक सीमाओं के पार भी बेहतरीन तरीके से काम कर सकती है। ग्रीस के इस नेटवर्क में शामिल होने के बाद अब दुनिया के 10 देशों में अलग-अलग रूपों में यूपीआई का इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह भारतीय यात्रियों के लिए क्यूआर-कोड आधारित मर्चेंट पेमेंट से लेकर क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस सर्विसेज (पैसे ट्रांसफर करने) तक की सुविधा देता है।

### यूपीआई सेवा का लाइव प्रदर्शन भी देखा

*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एथेंस स्थित यूरोबैंक मुख्यालय में यूरोबैंक और एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) की साझेदारी के तहत यूपीआई सेवा का लाइव प्रदर्शन भी देखा। इस दौरान यूरोबैंक के सीईओ फोकियन करावियास और फेयरफैक्स डिजिटल सर्विसेज के सीईओ संजय तुगनैत भी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि यह भारत के डिजिटल भुगतान सिस्टम के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे पहले पीयूष गोयल ने ग्रीस के उप विदेश मंत्री हैरी थियोहारिस के साथ भारत-ग्रीस बिजनेस फोरम को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में शामिल भारतीय समुदाय (डायस्पोरा) के सदस्यों से भी मुलाकात की। पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, स्थिर मैक्रोइकोनॉमिक स्थिति और लगातार हो रही आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ग्रीस के लिए निवेश और व्यापार के बड़े अवसर प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के नए अवसर खोल सकता है। केंद्रीय मंत्री ने दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने ग्रीस के उद्योगपतियों और निवेशकों से भारत के साथ सह-निर्माण (को-मैन्युफैक्चरिंग), सह-निवेश (को-इन्वेस्टमेंट) और साझेदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच निवेश, व्यापारिक संबंध और साझा समृद्धि को नई गति मिलेगी।*

---

खुफिया एजेंसियों का बड़ा खुलासा

# अमरनाथ यात्रा में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा पाकिस्तान?

3 जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा



एआई इमेज

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

आगामी अमरनाथ यात्रा को लेकर भारतीय खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बिगड़ते हालात से ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की कोशिश कर सकती है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है।

खुफिया अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान के लिए इस समय पीओके, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की स्थिति बड़ी चुनौती बनी हुई है। खासकर पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों ने इस्लामाबाद की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अधिकारियों का दावा है कि हाल ही में अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किया गया हवाई हमला भी अंदरूनी दबाव से ध्यान भटकाने की कोशिश का हिस्सा था। इस हवाई हमले में 35 लोगों की मौत हुई। भारतीय एजेंसियों के मुताबिक, इंटरसेप्ट किए गए कुछ इनपुट से संकेत मिले हैं कि पाकिस्तान भारत में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। इसके लिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई जम्मू-कश्मीर के जंगलों में छिपे कुछ आतंकियों से संपर्क स्थापित करने की कोशिश कर रही है। एजेंसियों का मानना है कि इन्हीं आतंकियों के जरिए अमरनाथ यात्रा के दौरान आतंकी हमले की साजिश रची जा सकती है। अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान, इन आतंकियों को पहलगाम जैसा बड़ा हमला करने के निर्देश देने की कोशिश कर रहा है। एक खुफिया अधिकारी के अनुसार, आईएसआई पिछले कुछ समय से पंजाब और जम्मू-कश्मीर में अपने मॉड्यूल को फिर से सक्रिय करने का प्रयास कर रही है। अधिकारी का दावा है कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत में जल्द कोई बड़ी आतंकी घटना हो, ताकि पीओके और अन्य क्षेत्रों में बगावत के हालात से लोगों का ध्यान हटाया जा सके।

### अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने अमरनाथ यात्रा मार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस ने पूरे मार्ग पर आतंकवाद रोधी तंत्र को और मजबूत किया है। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरे और अत्याधुनिक डिजिटल स्कैनिंग सिस्टम भी तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल नजर रखी जा सके।

---

भारत की समृद्ध विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प को भी वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया

# पीतल का कछुआ, कांजीवरम सिल्क और बीदर कला... पीएम मोदी ने सेशेल्स में दिए तोहफे

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के दौरान न केवल रणनीतिक और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प को भी वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया।

उन्होंने सेशेल्स के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रथम महिला और संसद अध्यक्ष को भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक शिल्पकला से जुड़े विशेष उपहार भेंट किए। पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद का प्रसिद्ध पीतल का कछुआ भेंट किया। भारतीय संस्कृति में कछुआ स्थिरता और दीर्घायु का प्रतीक है। चूंकि सेशेल्स दुनिया भर में अपने विशाल एल्डाब्रा जाइंट टॉरटॉइज के लिए जाना जाता है, इसलिए यह उपहार दोनों देशों की प्राकृतिक विरासत को जोड़ने वाला एक अनूठा प्रतीक बन गया। राष्ट्रपति की पत्नी और प्रथम महिला वेरोनिक हर्मिनी को मध्य प्रदेश की भव्य महेश्वरी सिल्क स्टोल और कर्नाटक की प्रसिद्ध बिदरी कला (जिंक-तांबे पर चांदी की महीन जड़ाई) से तैयार बॉक्स भेंट किया गया। वहीं, उपराष्ट्रपति की पत्नी लीना पिल्लई को तमिलनाडु की जीआई टैग प्राप्त पारंपरिक कांजीवरम सिल्क फैब्रिक उपहार में दी गई, जो अपनी शानदार गुणवत्ता और सुनहरी जरी के काम के लिए प्रसिद्ध है। उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्ले को सिक्किम की ऑर्किड आर्ट पेंटिंग दी गई, जिसमें भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर और सेशेल्स के राष्ट्रीय पुष्प ऑर्किड का सुंदर संगम है। नेशनल असेंबली के स्पीकर अजारेल एर्नेस्टा को तमिलनाडु की नीलगिरि पहाड़ियों की टोडा जनजाति द्वारा हाथ से तैयार की गई पारंपरिक टोडा कढ़ाई वाली शॉल भेंट की गई। कूटनीतिक मोर्चे पर, इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, अंतरिक्ष और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में 19 महत्वपूर्ण समझौते हुए। साथ ही, पीएम मोदी को सेशेल्स के सर्वोच्च सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से भी नवाजा गया।



ऑर्किड पेंटिंग और टोडा कढ़ाई शॉल

---

### नासा सैटेलाइट इमेज में दिखा वेनेजुएला में तबाही का खौफनाक मंजर



58 हजार से ज्यादा घर जमींदोज

*__काराकास।__ वेनेजुएला में पिछले हफ्ते आए दो भीषण भूकंपों ने भयंकर तबाही मचाई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) के सैटेलाइट रडार डेटा पर आधारित एक शुरुआती आकलन के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में देश की 58,870 इमारतें या तो पूरी तरह जमींदोज हो चुकी हैं या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है। ओरेगन स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह डेटा भूकंप के ठीक अगले दिन यानी 25 जून को जुटाया गया था। रिक्टर स्केल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले इस दोहरे भूकंप को पिछले 100 से अधिक सालों में देश का सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया जा रहा है। इस विनाशकारी आपदा में अब तक लगभग 1,700 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं ।*

---

यूएन में आतंकवाद रोधी सप्ताह के दौरान बोले राजदूत पी. हरीश

# आतंकवादियों को पालने-पोसने वालों का 'एफएटीएफ' से खौफ खाना स्वाभाविक

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

पाकिस्तान को एक बार फिर से भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) जैसे वैश्विक मंच पर जमकर खरी-खोटी सुनाई है। यूएन में 2026-आतंकवाद रोधी सप्ताह में भारत के वरिष्ठ राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बेहद कड़े अंदाज में कहा कि जो लोग आतंकवादियों और उनसे जुड़े हुए संगठनों को बढ़ावा देते हैं उनका वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की जांच से डरना कोई नई बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संस्था की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगाना उनके द्वारा एक प्रकार से अपनी स्वयं की जवाबदेही से बचने का कुटिल प्रयास है। हरीश ने कहा कि आतंकवाद का दुनिया में निर्यात करने वाले देशों को वैश्विक संस्थाओं पर प्रश्नचिन्ह लगाने से पहले अपनी खामियों को दूर करना चाहिए। इस कार्यक्रम का विषय 'ज्वाइनिंग फोर्सेज टू काउंटर टेररिज्म फाइनेंसिंग इन द कॉन्टेक्स्ट ऑफ इंवाल्विंग थ्रेट्स एंड इमर्जिंग टेकनोलॉजी' था।




### संस्था पर शक करने का कोई औचित्य नहीं

*हरीश ने कहा कि एफएटीएफ का मूल कार्य दुनियाभर में आतंकवाद के वित्तपोषण और धनशोधन के मामलों पर पूरी तरह से रोक लगाने का है। जिसे लेकर वह बेहद बारीकी के साथ तमाम जरूरी मानकों और व्यापक प्रक्रिया का पालन कर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में जो देश या लोग इस वैश्विक व्यवस्था और इसकी कार्यप्रणाली की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगा रहे हैं उन्हें संस्था से नहीं बल्कि इसके द्वारा की जाने वाली जांच के दायरे में आने का भय अधिक जान पड़ता है।*

---

वडोदरा में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में बोले रक्षा मंत्री


# आत्मनिर्भरता का अर्थ अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा होना, नवाचारों को शक्ति में बदलना जरूरी

विकसित भारत की यात्रा में क्षेत्रीय उद्योग भागीदार बनें

हरिभूमि ब्यूरो ⏩ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आत्मनिर्भरता के संबंध में एक जरूरी टिप्पणी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि इसके मायने किसी भी रूप में अलग-थलग पड़ जाना नहीं है।

बल्कि इसका अर्थ एक ऐसा राष्ट्र है, जो अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा हो और पूरी दुनिया के साथ एक समान भागीदार के रूप में जुड़े। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा में आयोजित किए गए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है। उनके इस बयान को रक्षा मंत्रालय ने मीडिया से साझा किया है।



### उद्योगों की बढ़नी चाहिए भागीदारी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में क्षेत्रीय उद्योगों को भागीदार बनना चाहिए। जिसका उद्देश्य महज आर्थिक विकास का लक्ष्य नहीं बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध, प्रौद्योगिकी की दृष्टि से सक्षम और सामाजिक रूप से मजबूत राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है। क्षेत्रीय शक्तियों को राष्ट्रीय क्षमताओं में स्थानीय नवाचारों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में और औद्योगिक विकास को रणनीतिक शक्ति में बदलना होगा।

### महान राष्ट्र तीन मूलभूत सिद्धांतों पर टिके

राजनाथ सिंह ने कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारत की आत्मनिर्भरता, प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमता और सामूहिक संकल्प ही आगामी दशकों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उसकी भूमिका निर्धारित करेंगे। राजनाथ के मुताबिक, इतिहास हमें सिखाता है कि महान राष्ट्र तीन मूलभूत स्तंभों पर टिके होते हैं। आर्थिक शक्ति, प्रौद्योगिकी संबंधी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय सुरक्षा शामिल हैं।

### आर्थिक समृद्धि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती है

रक्षा मंत्री ने कहा कि आर्थिक समृद्धि और प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं। आर्थिक समृद्धि, प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती हैं। जबकि एक सुरक्षित राष्ट्र स्थिरता प्रदान करता है। जिससे उद्योग और नवाचार फलफूल सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षित सीमाओं व मजबूत अर्थव्यवस्था वाले भारत के निर्माण के लिए सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता का बल दिया। राजनाथ ने कहा कि गुजरात आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभा सकता है। क्योंकि राज्य में एक मजबूत औद्योगिक आधार, कुशल कार्यबल और उद्यमशीलता की भावना मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारों में मनाया हरगोविंद साहिब का प्रकाश पर्व

**भोपाल।** राजधानी के विभिन्न गुरुद्वारों में सिख धर्म के छठे गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाश पर्व पर कीर्तन दरबार सजा। सुबह से ही श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचने लगे। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष दीवान सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुखमणि साहिब के सामूहिक पाठ से हुई, जिसके बाद गुरबाणी शब्द-कीर्तन से पूरा गुरुद्वारा भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। महिला श्रद्धालुओं ने अपनी मधुर वाणी में गुरबाणी का गायन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने भाग लेकर गुरु महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### निगम की सेवा से 23 कर्मचारी हुए रिटायर



**भोपाल।** नगर निगम की सेवाओं से मंगलवार को 23 कर्मचारी रिटायर हुए। इस मौके पर निगम मुख्यालय अटल भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त चंचलेश गिरहारे ने रिटायर्ड कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल भेंटकर ससम्मान विदाई दी और उनके दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। निगम सेवा से रिटायर होने वालों में उपयंत्री सुनील कुमार वर्मा, निश्रेणि अब्दुल हाफिज, श्रमिक शगुफ्ता सिद्धिकी, तखत सिंह, इम्तियाज अली, आनंद, चालक अतीकउररहमान, सिपाही, पवन कुमार जैन, सफाई मित्र पप्पू, रामस्नेही, पुष्पा बाई, रेखा बाई, चंद्रा बाई, विमला बाई, सम्पत बाई, शशि किरन, शिवदयाल, कैलाशी बाई, कुंवरलाल, गीता बाई, विनियमित अर्द्धकुशल श्रमिक, सुरेश गौर, भूरा दमवेरिया, जगदीश मेहरा शामिल हैं।

### अटल भवन में जोन-8 की समीक्षा बैठक



**भोपाल।** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने मंगलवार को जोन-8 के तहत जनसुविधा, विकास सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निगम द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जोन-8 के जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बीयू: 105 पदों पर भर्ती के लिए मिली हरी झंडी

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतिश्वविद्यालय में कुल 105 पदों पर भर्ती के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीयू की ओर से विवि में 105 पदों पर भर्ती के लिए विभागीय आदेश के माध्यम से पद स्वीकृत किए थे, जिन पर न्यायालय ने अपना निर्णय देते हुए भर्ती का रास्ता साफ कर दिया है।

### सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित

**भोपाल।** मंडल में जून में रेल सेवा से निवृत्त हुए 1 अधिकारी एवं 43 कर्मचारियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त 44 रेलकर्मियों में 1 राजपत्रित अधिकारी वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम एवं कर्मचारियों में मुख्य टिकट परीक्षक,सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत 43 रेल कर्मचारी शामिल थे।

---

मान्यता है कि सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले भक्तों की पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

# प्राचीन श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर में 48 दिवसीय मंडल पूजा का पूर्णाहूति व महाभंडारे के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आस्था और श्रद्धा के केंद्र प्राचीन श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर में चल रहे 48 दिवसीय मंडल पूजा एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान का मंगलवार को समापन हो गया। इस मौके पर विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ के साथ पूर्णाहुति, महाअभिषेक, विशेष श्रृंगार एवं विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के सुब्रमण्यम, के अनुसार, महाकुंभ अभिषेकम के बाद लगातार 48 दिनों तक प्रतिदिन वैदिक पंडितों द्वारा सभी देवी-देवताओं का अभिषेक, पूजन, हवन, विशेष आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। समापन दिवस पर गणपति पूजा, कलश स्थापना, शिव पूजा, नवग्रह पूजा एवं श्री नागेश्वरी अम्मन की विशेष पूजा-अर्चना के बाद वैदिक रीति-रिवाजों से हवन किया गया।



48 दिवसीय मंडल पूजा एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का समापन।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर क्षेत्र के सबसे प्राचीन एवं चमत्कारिक मंदिरों में से एक है, ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से मां नागेश्वरी अम्मन के दरबार में प्रार्थना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर बी. एस. मूर्ति, पी. राजू, शंकर स्वामी, पेरियास्वामी, सुब्रमण्यम, विजय कुमार, कार्तिक अय्यर, राकेश कुमार, पन्नू स्वामी, मुकेश, अनीता, पी. लक्ष्मी सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।



मंडल पूजा एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान में मौजूद महिला श्रद्धालु।

---

10 नंबर मार्केट के हाल: टूटी जालियां, लटकते तार, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# ट्रांसफार्मर के नीचे दोपहिया वाहनों की पार्किंग, बारिश में बढ़ा करंट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नए शहर के मुख्य व्यवसायिक केंद्र 10 नंबर मार्केट में ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे दोपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। यहां सड़क किनारे बनाई गई पार्किंग के कारण दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों को मजबूरी में अपनी गाड़ियां ट्रांसफार्मर के नीचे पार्क करनी पड़ रही हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ट्रांसफार्मर के पास फूलों की दुकानें और कचरा कैफे समेत चाय की 20 से ज्यादा दुकानें हैं जहां शाम के समय सैकड़ों की संख्या में लोग चाय पीने आते हैं। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ट्रांसफार्मर के चारों ओर लगी सुरक्षा जालियां कई जगह से टूटी हुई हैं और एक तार भी जमीन की ओर लटका हुआ है, जिससे खतरा और बढ़ गया है।



10 नंबर मार्केट में डीपी के आसपास से गायब जालियां।

## दुकानदार बोले-तार पिघलने से लगी थी ट्रांसफॉर्मर में आग

कुछ दिन पहले ही ट्रांसफार्मर के तार पिघलने से आग लग चुकी थी। इससे पहले भी यहां छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्किंग की व्यवस्था नहीं बदली गई। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने नगर निगम और बिजली विभाग से कई बार मांग की है कि ट्रांसफार्मर से सुरक्षित दूरी पर दोपहिया पार्किंग बनाई जाए। उनका आरोप है कि शिकायतों के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**फिर जांच करा लेंगे...**

समय समय पर ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत की जाती है। बारिश से पहले दोबारा से इसकी जांच कराई जाएगी।
**रवींद्र अग्रवाल, एई, सब स्टेशन ई-4, अरेरा**

---

दो दिन में सुधार नहीं करने पर होगी चालानी कार्रवाई

## गौरी शंकर परिसर के रहवासी और समिति को निगम ने थमाया नोटिस

**एक फ्लैट की लापरवाही से पड़ोसी परेशान, सीवेज रिसाव से दूसरे फ्लैट में पहुंच रही गंदगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौरीशंकर परिसर स्थित कौशल आवासीय परिसर में एक फ्लैट की खराब सीवेज लाइन से रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ननि ने संबंधित फ्लैट मालिक और आवासीय परिसर प्रबंधन को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं होने पर नगर निगम अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। ननि के सीवेज प्रकोष्ठ, जोन क्रमांक 18 और 19 द्वारा जारी नोटिस में बताया गया है कि कौशल आवासीय परिसर के एल-5, फ्लैट क्रमांक 404 की सीवेज लाइन खराब होने के कारण गंदा पानी नीचे स्थित फ्लैट क्रमांक 304 में रिस रहा है। शिकायतों के परीक्षण के बाद निगम ने संबंधित फ्लैट स्वामी को मरम्मत कराने और उत्पन्न हो रहे अपशिष्ट के उचित निपटान के निर्देश दिए हैं।

---

शहर की 21 बावड़ियों और 53 कुओं का हुआ जीर्णोद्धार
कलियासोत बांध पर हुआ जिला स्तरीय समापन समारोह

## जल ही जीवन का संदेश देकर संपन्न हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान...



गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मौजूद महापौर एवं विधायक।

**103 दिन चला जल संरक्षण का महाअभियान, जल बचाने की मुहिम को मिली नई दिशा**

**200 डम्पर गाद और 300 डम्पर कचरा निकला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' का जिला स्तरीय समापन समारोह मंगलवार को कलियासोत बांध के 13 शटर क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर मालती राय और निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि 19 मार्च 2026 से शुरू हुआ ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अब तक का सबसे लंबी अवधि का अभियान रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की रही है, ताकि समाज में जल बचाने की संस्कृति विकसित हो सके।

**नगर निगम अमले को दिए आवश्यक निर्देश**

महापौर राय ने बताया कि नगर निगम ने अभियान के तहत शहर की 21 प्राचीन एवं ऐतिहासिक बावड़ियों तथा 53 कुओं की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया। इस दौरान विभिन्न जल संरचनाओं से 200 डम्पर गाद और मिट्टी तथा 300 डम्पर कचरा निकाला गया। उन्होंने कहा कि निगम लगातार शहरवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। इसी के तहत शहरभर में जल गुणवत्ता की जांच के लिए पानी के नमूने एकत्रित कर परीक्षण कराया जा रहा है। महापौर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर में 5 हजार पौधे लगाए गए हैं तथा आगामी दिनों में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक

उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए, शासन के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने भोपाल नगर निगम द्वारा शहर के तालाबों, विशेषकर भोजताल के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए निगम प्रशासन को बधाई दी।

---

## एमसीयू में तनाव प्रबंधन पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के विषय विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

**इमोशनल एक्सपर्ट ने कहा आजकल हम प्रकृति से दूर हो गए हैं, इसलिए सबसे पहले हमें अपने आपको बदलना है**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट, डिजिटल वेलबीइंग, डी-एडिक्शन और वेल्यू बेस्ड एजुकेशन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नालंदा पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में विवि के शिक्षकों, अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर लेखक एवं इमोशनल एक्सपर्ट हितेश टुटेजा ने अपने व्याख्यान में कहा कि आजकल हम प्रकृति से दूर हो गए हैं। इसलिए सबसे पहले हमें अपने आपको बदलना है। शिक्षक के रुप में हमें बच्चों से इमोशनली कनेक्ट होना है। हमें जो भी कार्य करना है, खुश होकर करना है। हमें अपने आपको अंदर से जानने एवं पहचानने की जरुरत है।

कार्यक्रम में ईश्वरीय विवि से ममता दीदी, नारायण भी उपस्थित रहे। इस आयोजन में एमसीयू की कुलसचिव प्रो. डॉ. पी. शशिकला, वित्त नियंत्रक राजेश सिंह सहित कई अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

---

शिक्षक अपनी मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर पढ़ाएंगे

## सरकारी कॉलेजों में आज से नया सत्र शुरू नए छात्रों का इंडक्शन से होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में नया शैक्षणिक सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। लेकिन सत्र के पहले ही दिन नए विद्यार्थियों का सामना काली पट्टी बांधे शिक्षकों से होगा। शिक्षक सांकेतिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराएंगे। प्राध्यापक अपनी लंबित मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, अध्ययन पद्धति, उपलब्ध सुविधाओं और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य और काउंसलिंग को लेकर भी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### मांगों को लेकर आंदोलन

प्राध्यापक संघ ने कहा है कि आंदोलन पूरी तरह सांकेतिक रहेगा। शिक्षक शिक्षण कार्य का बहिष्कार नहीं करेंगे और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने देंगे। सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए वे केवल काली पट्टी बांधकर अपनी सेवाएं देंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए कई बार ज्ञापन और मांगपत्र सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। कुछ मांगें करीब 20 वर्षों से लंबित हैं, जिनका समाधान अब तक नहीं हो सका है।

### 30 जून तक 2 लाख 93 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 30 जून तक 5,48,778 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 4,68,539 विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 2, 93, 257 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। पिछले वर्ष कि तुलना में इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। प्रवेश में 42.03 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 30 जून तक 2,06,482 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 2,93,257 हो गई है।

---

वर्ष 2030 तक उद्यानिकी फसलों का क्षेत्र 30 लाख हेक्टेयर तक बढ़ेगा

## देश में पहली बार 12 उद्यानिकी फसलों को मिला जीआई टैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र ने इतिहास बनाते हुए एक साथ 12 उद्यानिकी फसलों के लिए जीआई टैग हासिल करने में सफलता हासिल की है।

यह पहली बार हुआ है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जीआई टैग मिला है। इनमें गुना का धनिया, नरसिंहपुर बरमान घाट का बेंगन, बैतूल गजरिया आम, खरगौरी की लाल मिर्च, मांडू की खुरसानी इमली, जबलपुर का मटर, सिवनी का सीताफल, मालवी आलू और गराडू, नरसिंहपुर गुड़, जबलपुर सिंघाड़ा, आलीराजपुर का नूरजहां आम, बुरहानपुर का केला, इंदौरी जीरावन, रतलाम सैलाना बालम ककड़ी और छतरपुर का पान शामिल है। इसके अलावा उज्जैन की इमली, मालवा का सफेद प्याज, झाबुआ का दाल पानिया, मंदसौर का देशी जीरा, बुरहानपुर की जलेबी, अशोक नगर की खिरनी को जीआई टैग दिलवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। कृषक कल्याण वर्ष में यह एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से अपनी आय को दोगुना करने के लिए उद्यानिकी फसलों की खेती से जुड़ने का आह्वान किया है। फिलहाल, 28 लाख हेक्टेयर में उद्यानिकी फसलों की खेती हो रही है। वर्ष 2030 तक 30 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

---

फायर ब्रिगेड विभाग ने फायर मॉक ड्रिल में दिया सुरक्षा का संदेश

व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना आयोजन का खास उद्देश्य

## आपात स्थिति में क्या करें ? स्टूडेंट्स ने फायर मॉक ड्रिल में सीखे सुरक्षित निकासी के एक से बढ़कर एक तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार को फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्कूल स्टाफ को आग से जुड़ी सुरक्षा प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सुरक्षित निकासी का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

कार्यक्रम में फायर ब्रिगेड की टीम ने एसएन शर्मा के निर्देशन में आग लगने की संभावित परिस्थितियों, प्राथमिक बचाव उपायों तथा अग्निशमक यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। टीम ने छात्रों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने, निकासी मार्गों का सही उपयोग करने और संकट की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखने का सन्देश दिया।



सेंट मेरी कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन



सेंट मेरी कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन

विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मारिया जगताप ने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से न केवल सुरक्षा-संस्कृति को मजबूती मिलती है, बल्कि छात्रों तथा स्टाफ का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्कूल प्रबंधन ने भविष्य में भी नियमित अंतराल पर ऐसी मॉक ड्रिल एवं सुरक्षा कार्यशालाओं को आयोजित करने का आश्वासन दिया ताकि किसी आपातकाल की स्थिति में शीघ्र एवं संरचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# थोक पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द की तैयारी पूरी, एक-दो दिन में फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोनी पटाखा सेंटर में लगी भीषण आग के बाद जिला प्रशासन ने थोक पटाखा कारोबारियों की एनओसी रद्द करने की तैयारी कर ली है। जिसके लिए तत्कालीन बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय की रिपोर्ट के आधार पर एडीएम सुमित पांडे ने एनओसी रद्द करने का प्रस्ताव कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को पेश कर दिया है, जिस पर एक दो दिन में फैसला हो सकता है। थोक पटाखों दुकानों की एनओसी रद्द होने के बाद पटाखा दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई पीईएसओ (पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन) करेगा। जिसके बाद पटाखा कारोबारी पटाखों की बिक्री नहीं कर सकेंगे। इसके साथ दुकानों में रखे पटाखों के स्टॉक को भी यहां से हटा दिया जाएगा। अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि पटाखा मार्केट की 15 दुकानों में से केवल 7 के पास वैध लाइसेंस हैं। सात दुकानों के लाइसेंस वर्ष 2025 से रिन्यू नहीं हुए, जबकि एक दुकान बंद है।

**खास बातें**

- पीईएसओ सस्पेंड करेगा पटाखा दुकानों के लाइसेंस
- नई जगह पर पटाखा बाजार शिफ्ट करने का रास्ता होगा साफ



पटाखा बाजार का फाइल फोटो।

## शर्तों के उल्लंघन पर होगा एक्शन

पिछले साल तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पटाखा बाजार को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया था। उसी दौरान छह माह के संचालन के लिए एनओसी जारी कर दी गई। इसके विरोध में सात कारोबारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। अदालत ने शिफ्टिंग आदेश पर राहत देते हुए लाइसेंस की शर्तों के हिसाब से परमिशन दी थी। जिसके बाद शर्तों का उल्लंघन किया गया है।

### नई जगह की होगी तलाश

पटाखा दुकानों की एनओसी रद्द करने के बाद सभी पटाखा दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने नई जमीन तलाश की जाएगी। इस बार ऐसी जगह देखी जाएगी, जहां आसपास कोई रहवासी क्षेत्र न हो। जिला प्रशासन इस पूरे मामले की रिपोर्ट जबलपुर हाईकोर्ट में भी पेश करेगा। रिपोर्ट के साथ हाल में हुई आगजनी के वीडियो और फोटो भी पेश किए जाएंगे।

---

**गांधी नगर के नायरा पेट्रोल पंप पर धोखाधड़ी**

सब इंस्पेक्टर ने की नापतौल विभाग को शिकायत, मामला गंभीर, जांच शुरू

# 37 लीटर क्षमता वाले कार के फ्यूल टैंक में समा गया 41 लीटर पेट्रोल!

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

राजधानी में पेट्रोल पंप पर धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांधीनगर स्थित एक नायरा पेट्रोल पंप पर एक वाहन में उसकी निर्धारित क्षमता से अधिक पेट्रोल भरने का आरोप लगा है। शिकायत करने वाले कोई आम ग्राहक नहीं, बल्कि पुलिस विभाग में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर हैं। उनका दावा है कि 37 लीटर क्षमता वाली कार की फ्यूल टैंक में पेट्रोल पंप की मशीन ने 41 लीटर पेट्रोल भरना दर्शाया। मामला सामने आते ही नापतौल विभाग ने संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राजा भोज विमानतल पर पदस्थ सब-इंस्पेक्टर सौरभ भदौरिया अपनी कार में पेट्रोल भरवाने के लिए गांधीनगर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पहुंचे थे। उन्होंने वाहन का टैंक फुल कराने के लिए कहा। पेट्रोल भरने के बाद जब बिल निकला तो उसमें 41 लीटर पेट्रोल डाले जाने का उल्लेख था। बिल देखने के बाद एसआई भदौरिया ने आपत्ति जताई, क्योंकि उनकी कार के फ्यूल टैंक की क्षमता लगभग 37 लीटर बताई जा रही है। शिकायत का सबसे बड़ा आधार यही है कि वाहन निर्माता कंपनी द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक पेट्रोल मशीन में दर्ज कैसे हो गया। एसआई भदौरिया का कहना है कि यदि वाहन की टंकी की अधिकतम क्षमता 37 लीटर है तो 41 लीटर पेट्रोल भरने का दावा कई सवाल खड़े करता है। मामले ने पेट्रोल पंपों पर संभावित कम तौल और मीटर गड़बड़ी की आशंकाओं को फिर चर्चा में ला दिया है।




शिकायतकर्ता एसआई और पेट्रोल पंप की पर्चियां।

### नापतौल विभाग ने मामले में शुरू की कार्रवाई

शिकायत मिलने के बाद नापतौल विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पेट्रोल पंप की मशीनों, मीटरिंग सिस्टम और रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी या कम तेल देना प्रमाणित होती है तो संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पंप प्रबंधन से मांगा जवाब

बिल देखने के बाद सब-इंस्पेक्टर ने मौके पर ही पेट्रोल पंपकर्मियों और प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने पूरे मामले की लिखित शिकायत नापतौल विभाग को सौंप दी और जांच की मांग की। यह पहला मौका नहीं है जब संबंधित पेट्रोल पंप विवादों में आया हो। कुछ समय पहले एयरपोर्ट क्षेत्र स्थित एक नायरा पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को सीमित मात्रा में ही पेट्रोल देने का मामला सामने आया था।

### पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन ने ये कहा

इस मामले में मप्र पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन ने कहा कि किसी वाहन की टंकी की क्षमता का आंकलन केवल वाहन की बुकलेट के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि वाहन निर्माता कंपनियां बुकलेट में टंकी की क्षमता अनुमानित रूप में दर्ज करती हैं। इसके अलावा वाहन की फ्यूल टंकी न तो कैलिब्रेटेड होती है और न ही सर्टिफाइड, इसलिए केवल बुकलेट में दर्ज क्षमता के आधार पर पेट्रोल की मात्रा को लेकर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। वाहन मालिक को पेट्रोल की मात्रा को लेकर संदेह होने पर सूचना पटल पर प्रदर्शित क्षेत्रीय एरिया मैनेजर से संपर्क कर सकता है या नापतौल विभाग के अधिकारी को बुलाकर पेट्रोल पंप पर उपलब्ध 5 लीटर के प्रमाणित मेजर से पेट्रोल की जांच कराई जा सकती है। इससे उपभोक्ता अपनी शंका का समाधान कर सकता है। अजय सिंह ने कहा कि पेट्रोल पंपों पर नापतौल विभाग द्वारा प्रमाणित माप उपकरण उपलब्ध रहते हैं और किसी भी विवाद की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनकी जांच कराई जानी चाहिए।

### शिकायतकर्ता को विभाग ने बुलाया

नापतौल विभाग के अधिकारी नसीमुद्दीन ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद विभाग की टीम सुबह मौके पर पहुंची थी, लेकिन उस समय न तो संबंधित वाहन मौजूद था और न ही शिकायतकर्ता। अधिकारी ने कहा कि मौके पर दोनों के न होने के कारण जांच आगे नहीं बढ़ाई जा सकी। उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान ऐसी स्थिति सामने आई, जिससे प्रतीत होता है कि संबंधित पक्षों के बीच समझौता हो गया हो सकता है। हालांकि, अपराह्न में शिकायतकर्ता ने फोन कर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। इस पर स्पष्ट किया गया कि शिकायत के आधार पर टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन जांच पूरी नहीं हो सकी। विभाग ने शिकायत कर्ता को निर्देश दिया है कि वह बुधवार को मौके पर रहे, ताकि उनकी मौजूदगी में पेट्रोल पंप की मशीनों की जांच की जा सके और शिकायत का निपटारा नियमानुसार किया जा सके।

---

एक दर्जन डंपरों पर नहीं की कार्रवाई

## जमीन समतल करने की अनुमति पर खोदी खदान, 2 पोकलेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रातताल स्थित रोजीवे गांव में जमीन समतल करने की परमिशन लेकर जमीन मालिक हरचरण ने वहां दो पोकलेन और एक दर्जन डंपरों से मिट्टी बेचने का काम शुरु कर दिया, जिसके लिए करीब तीस फीट गहरा गड्ढा तक कर दिया गया। सूचना पर पहुंची हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया की टीम ने दो पोकलेन मशीनों को जब्त कर लिया है, जबकि वहां खड़े 12 डंपरों को जब्त नहीं किया गया है।

नायब तहसीलदार शुभम जैन ने बताया कि रोजीवे गांव में किसान हरिचरण ने खनिज विभाग से ऊंची नीची जमीन को प्लेन करने की परमिशन ली थी, लेकिन वहां पोकलेन मशीनें लगाकर अवैध उत्खनन का काम शुरु कर दिया गया। मौके पर जांच करने पर वहां अवैध उत्खनन मिला, जिसके बाद मौके से दो पोकलेन मशीनों को जब्त कर लिया गया है, हालांकि एक दर्जन डंपर खाली होने से उन्हें जब्त नहीं किया गया है। एसडीएम का कहना है कि अवैध खनन को लेकर खनिज विभाग जुर्माना प्रस्तावित करेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल में पकड़ाई शराब भट्टी, 20 क्विंटल लहान जब्त

बैरसिया क्षेत्र के मनीखेड़ी स्थित रतुआ पठार के जंगल में आबकारी विभाग ने 20 क्विंटल महुआ लहान और 25 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। माफिया जंगल में शराब भट्टी लगाकर शराब बना रहे थे, हालांकि टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। जिसकी वजह से टीम को शराब माफिया नहीं मिले। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि जंगल से करीब बीस क्विंटल महुआ लहान और 25 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब बरामद की। जब्त सामग्री की कीमत दो लाख रुपए आंकी गई है। टीम ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

---

### स्कूल शिक्षा विभाग ने किए 8500 से अधिक लोक सेवकों के तबादले

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वैच्छिक और प्रशासकीय तबादलों की सूची मंगलवार को जारी कर दी है। बताया जा रहा है कि इसमें करीब 7500 स्वैच्छिक और लगभग 1 हजार स्थानांतरण किए गए हैं। इसमें शिक्षक, प्राचार्य, सहायक संचालक, व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक सहित तृतीय श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। बता दें कि विभाग द्वारा शिक्षकों के विरोध को देखते हुए स्थानांतरण आदेश जारी करने से पहले हाई कोर्ट में कैविएट दायर कर दी है।

### देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**भोपाल।** देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में एटीएस द्वारा भोपाल से मो. फराज, सहारनपुर से नईम अब्दुल्ला, अलवर से शाकिर मेव, मधुबनी से गिरफ्तार किए गए आरोपी इजहार उल हक की न्यायिक हिरासत की अवधि विशेष अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ.मुकेश मलिक ने 14 दिन के लिए आगे बढ़ा दी है। आरोपी पूर्व से ही न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

---

निगम का पक्ष रखने में नाकाम

## भोजवेट लैंड की 50 मीटर परिधि के सीमांकन पंचनामे में 2 एई को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जवेट लैण्ड क्षेत्र के 50 मीटर दायरे में अतिक्रमण/अनाधिकृत निर्माण हटाने की प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में संबंधित पक्षों द्वारा पुनःसीमांकन कराने की मांग पर की जा रही कार्यवाही में राजस्व अमले द्वारा तैयार किये गये पंचनामे में उल्लेखित तथ्य झील संरक्षण में उपलब्ध रिकॉर्ड के विपरीत होने पर भी कोई आपत्ति दर्ज न कराकर पंचनामे पर हस्ताक्षर करने वाले निगम के 2 सहायक यंत्री प्रदीप कुमार जड़िया तथा आदित्य खरे को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार मंगलवार को निगम आयुक्त ने उक्त प्रकरण में भोजवेट लैण्ड क्षेत्र के 50 मीटर की परिधि में आने वाले अतिक्रमण/अनाधिकृत निर्माण के संबंध में की गई कार्यवाही का आंकलन भी किया गया। समीक्षा में पाया गया कि पूर्व में 4 जून को अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई थी, परंतु संबंधित पक्ष द्वारा समक्ष में पुनः सीमांकन की मांग की गई थी, जिसके संबंध में गत 18 जून को राजस्व अमले के साथ-साथ निगम की ओर से प्रदीप कुमार जड़यि सहायक यंत्री भवन अनुज्ञा शाखा तथा आदित्य खरे तत्कालीन सहायक यंत्री झील संरक्षण प्रकोष्ठ मौजूद थे। उक्त दोनों सहायक यंत्रियों द्वारा पंचनामे पर हस्ताक्षर भी किए गए, जबकि पंचनामे में जो तथ्य उल्लेखित थे वे झील संरक्षण के उपलब्ध रिकार्डों के विपरीत थे, परंतु दोनों सहायक यंत्रियों द्वारा इस पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई और न ही निगम का पक्ष रखा।

---

कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में 196 लोगों ने पेश की शिकायत

## ईपीएस में आठ बच्चों को स्कूल से निकाला शिक्षकों का पालकों पर अभद्रता का आरोप

- *जनसुनवाई में बढ़ी शिकायत करने वालों की संख्या*
- *27 मई से शिक्षा विभाग कर रहा समझौते का प्रयास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को हो रही कलेक्टोरेट की जनसुनवाई रस्मी बनती जा रही है। यहां प्रत्येक मंगलवार को दो सौ के आसपास आवेदन अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं, लेकिन इनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आवेदक प्रत्येक जनसुनवाई में आवेदन पेश कर रहे हैं, जिससे रिपीट आवेदनों की तादाद बढ़ती जा रही है। मंगलवार को अब्बास नगर स्थित ईस्टर्न पब्लिक स्कूल से निकाले गए 8 बच्चों का मामला फिर पहुंचा। बच्चों के पालकों ने कहा कि स्कूल से निकाले गए बच्चों को स्कूल नहीं जाने दिया जा रहा, इधर स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने भी पालकों द्वारा की जा रही अभद्रता को लेकर शिकायत दर्ज कराई।

### 196 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की लगाई गुहार

*अभिभावकों का कहना है कि 27 मई से शिक्षा विभाग दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास करता रहा और स्कूल प्रबंधन ने किसी भी छात्र को ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) जारी नहीं करने का भरोसा दिया था। इसके बावजूद 12 जून को अचानक कई छात्रों को टीसी जारी कर दी गई। साथ ही 15 जून को कई बच्चों को स्कूल में प्रवेश और वाहन सुविधा से वंचित करने का भी आरोप लगाया गया। एसडीएम बैरागढ़ रवीश श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है।*

### मोहर्रम में बनाया इमामबाड़े पर विवाद

*करोंद स्थित गैस राहत क्वार्टर की महिलाओं ने एक महिला पर इमामबाड़े के नाम पर सार्वजनिक स्थान और रास्ते पर अतिक्रमण करने की शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं का कहना है कि हमारा विरोध किसी धर्म से नहीं, बल्कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जे से है। उन्होंने विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और झूठे मुकदमे दर्ज कराने के आरोप भी लगाए।*

### बेटी ने माता-पिता से की धोखाधड़ी

*अभिलाष इंगले और रत्ना इंगले ने अपनी बेटी सविता सूर्यवंशी और दामाद विनोद सूर्यवंशी पर धोखाधड़ी, पैसे हड़पने और मारपीट का आरोप लगाया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मामले की जांच एसडीएम को सौंपी है।*

---

## छोटे तालाब से मरी मछलियां निकालीं, हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के झील संरक्षण प्रकोष्ठ और स्वास्थ्य अमले ने मंगलवार को छोटे तालाब किनारे मरी मछलियों के ढेर हटाए। सुबह बडे स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा तालाब किनारे बड़ी संख्या में गंदगी आदि के ढेर भी हटाए गए। हालांकि मंगलवार को तीसरे दिन भी मछलियां मरीं।

---

### युवक कांग्रेस की बैठक में हंगामा, ग्वालियर जिला कार्यकारिणी रद्द

**भोपाल।** मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक मंगलवार को उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई, जब रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। बैठक में एक पक्ष जिला अध्यक्ष को रिक्त पदों पर सीधे नियुक्तियां करने का अधिकार देने के पक्ष में था, जबकि दूसरा पक्ष इन पदों पर नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनाव कराने की मांग पर अड़ा रहा। दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और कुछ देर के लिए बैठक का माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। सूत्रों के मुताबिक, संगठन में खाली पड़े पदों को भरने के तरीके को लेकर लंबे समय से मतभेद चल रहे हैं। बैठक में भी यही विवाद खुलकर सामने आ गया। हालांकि, वरिष्ठ नेताओं ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर बैठक को आगे बढ़ाया। इधर, ग्वालियर में जिला कार्यकारिणी को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस संगठन ने बड़ा फैसला लेते हुए घोषित जिला कार्यकारिणी को निरस्त कर दिया है। संगठन महामंत्री संजय कामले ने इस संबंध में आदेश जारी किया। सूत्रों के अनुसार, जिला कार्यकारिणी के गठन में संगठनात्मक प्रक्रिया और प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठाए गए थे। बढ़ते विरोध और संगठन के भीतर असंतोष को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने पूरी कार्यकारिणी को रद्द करने का निर्णय लिया है।

---

पांच किस्तों में होगा एरियर का भुगतान

## निगम कर्मचारियों को बड़ी सौगात महंगाई भत्ते में 5 फीसदी की बढ़ोतरी अब 257 फीसदी डीए मिलेगा

- *निगमकर्मियों की आय में होगी बढ़ोतरी*
- *252 प्रतिशत की दर से प्रदान किया जा रहा महंगाई भत्ता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम भोपाल के अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। राज्य शासन के निर्णय के बाद नगर निगम प्रशासन ने कर्मचारियों को बढ़ी हुई दर से महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी कर दिए हैं। अब निगम के सातवें वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों को 257 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता (डीए) मिलेगा। इससे निगम के हजारों कर्मचारियों की आय में बढ़ोतरी होगी।

नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को वर्तमान में 252 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा था। राज्य शासन के वित्त विभाग ने इसमें 5 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। बढ़ी हुई दरें 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील होंगी।

### पांच किश्तों में भुगतान

*आदेश के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से देय एरियर की राशि का भुगतान पांच समान किस्तों में किया जाएगा। यह राशि मई से अक्टूबर 2026 तक कर्मचारियों के वेतन के साथ प्रदान की जाएगी। वहीं 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच सेवानिवृत्त या दिवंगत हो चुके कर्मचारियों अथवा उनके नामांकित परिजनों को एरियर का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। निगम प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों और शाखा प्रभारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। महंगाई भत्ते में वृद्धि के निर्णय को कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे बढ़ती महंगाई के बीच कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।*

**फैक्ट फाइल**

- *महंगाई भत्ता 252 फीसदी से बढ़कर 257 हुआ*
- *बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2025 से लागू*
- *एरियर का भुगतान पांच किस्तों में होगा*
- *सेवानिवृत कर्मचारियों को एरियर एकमुश्त मिलेगा*
- *हजारों निगम कर्मचारी होंगे लाभान्वित*

---

देश भर से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एक्शन में विभाग

# ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए रेलवे बोर्ड सख्त अब लगातार 10 दिन लेट हुईं तो देना होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समर सीजन में इस बार देशभर में चलने वाली ट्रेनें एक से 9 घंटे तक लेट हुई। समर सीजन के बाद भी अभी ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर देशभर से लगातार यात्रियों द्वारा शिकायतें की जा रही हैं। इन शिकायतों के बाद अब रेलवे ट्रेनों को समय पर चलाने को लेकर सख्त हो गया है। रेलवे बोर्ड ने इस मामले में कुछ जोनों को फटकार लगाते हुए, ट्रेन को समय पर चलाने के आदेश दिए हैं। इस समर सीजन में जोन से संचालित होने वाली निकलने वाली लगातार लेट हो रही हैं।

- *इस समर सीजन में जोन से संचालित ट्रेने हो रही थीं लगातार लेट*




### जीएम व डीआरएम को देना होगा जबाव

*रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अब अगर कोई ट्रेन लगातार दस दिनों तक लेट होती है। तो इस पर जोन के जीएम व डीआरएम को अपनी रिपोर्ट देनी होगी। इसमें ट्रेन के देरी से चलने के कारण स्पष्ट कराना होगा।*

### मंडल से गुजरने वाली यह ट्रेन चलती हैं देरी से

*भोपाल रेल मंडल से निकलने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें पिछले कुछ दिनों से लगातार देरी से चल रही हैं। इसी तरह मुंबई से दिल्ली की ओर जाने वाली अधिकांश देरी से चल रही हैं। इसके अलावा पंजाब से आने वाली भी अधिकांश दिनों लेट चलती हैं। इसके अलावा समर सीजन में चलाने वाली स्पेशल ट्रेन भी रोजना देरी से गतव्य स्टेशन तक पहुंचती हैं।*

### मंगलवार को भी करीब दस घंटे तक की देरी से पहुंची ट्रेन

*ट्रेनों की लेटलतीफी की सिलसिला जारी है। इसी के तहत मंगलवार को भोपाल आने वाली कई ट्रेनें देरी से पहुंची। इसमें जहां 35 मिनट से लेकर करीब दस घंटे तक की देरी से ट्रेन भोपाल पहुंची। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।*

- *01080 गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 9:49 घंटे*
- *01415 पुणे - गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 4:03 घंटे लेट आई*
- *22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 1:46 घंटे लेट आई*
- *11072 कामायनी एक्सप्रेस 0:52 मिनट देरी से आई*
- *18238 छतीसगढ़ एक्स. 0.37 मिनट लेट आई*
- *12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस 0:43 मिनट लेट आई*

# सच के प्रति अडिग प्रतिबद्धता बना मंटो का रंगमंचीय सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोजपुर क्लब में मंगलवार शाम घनश्याम तिवारी के निर्देशन में नाटक 42 साल, 8 महीने, 7 दिन के मंचन ने दर्शकों को एक लेखक के वैचारिक द्वंद्व, सामाजिक टकराव और सच के प्रति उसकी अडिग प्रतिबद्धता से रूबरू कराया। अख़्तर अली की लिखी इस प्रस्तुति में मंटो की लेखकीय यात्रा को मंच पर उतारा गया। मंटो और उनकी पत्नी सफ़िया के बीच होने वाले संवाद नाटक की आत्मा बने, जिनके माध्यम से एक लेखक के संघर्ष, और कटु यथार्थ को लिखने की कीमत को प्रभावशाली ढंग से सामने लाया गया।

**भोजपुर क्लब में नाटक 42 साल, 8 महीने, 7 दिन का मंचन**


नाटक का मंचन करते कलाकार।

### सच, साहित्य और अभिव्यक्ति की आजादी को दर्शाता नाटक

मंटो की चर्चित कहानियों और जीवन प्रसंगों के संदर्भों से सजी यह प्रस्तुति दर्शकों को उस सवाल से भी रूबरू कराती है कि समाज जिन सच्चाइयों से नज़रें चुराता है, उन्हें शब्द देने का साहस आखिर कौन करता है। यह नाटक सच, साहित्य और अभिव्यक्ति की आज़ादी के पक्ष में एक सशक्त रंगमंचीय हस्तक्षेप बनकर उभरा।


नाटक का एक दृश्य यह भी।


नाटक के दौरान गुस्से में कलाकार।

---

### 156 प्रकार की बुनाई और 12 श्रेणियों में साड़ियों का होगा अनूठा संकलन

# शाटिका ग्रंथ में सहेजी जाएगी साड़ियों की विरासत और बुनाई की दुनिया...



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत की साड़ी परंपरा, उसकी बुनाई, बनावट और सांस्कृतिक विरासत को एक ही ग्रंथ में समेटने का प्रयास अब पुस्तक के रूप में सामने आने वाला है। भारतीय ही नहीं बल्कि दक्षिण एशियाई देशों की साड़ियों की विविधता, इतिहास और तकनीकी विशेषताओं को समर्पित यह अनूठी पुस्तक 'शाटिका ग्रन्थ' साड़ी प्रेमियों, शोधकर्ताओं और फैशन जगत के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी। पुस्तक की लेखिका डॉ अन्का शर्मा ने बताया कि वर्ष 2017 से मैं इस पुस्तक पर कार्य कर रही हूं, क्योंकि मेरी मां को साड़ियों के प्रति विशेष लगाव और जानकारी थी और उन्हीं से यह विशेषता मेरे भीतर आई, और अब मैं साड़ी को स्पर्श करके ही बता सकती हूं कि वह किस फैब्रिक की, किस लूम पर बनी और किस प्रकार के कार्य से सुसज्जित है।



### शुद्ध सोने और चांदी के तारों से बुनी हुई साड़ी भी होंगी शामिल

डॉ. अन्का ने बताया कि मेरे इस संग्रह में शुद्ध सोने और चांदी के तारों से बुनी हुई साड़ियां भी शामिल हैं, जिनकी ड्यूरेबिलिटी और ऐजिंग कई दशकों तक है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक एवं शिल्प विरासत के रुप में भारत विश्व के लगभग 95% हैंडलूम उत्पादों की आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देता है और इसी विरासत को मैं पुस्तक के रुप में गढ़ना चाहती हूं। जिससे महिलाओं की साड़ियों के प्रति अज्ञानता दूर होती है। डॉ. शर्मा ने बताया कि पुस्तक में केवल भारत ही नहीं बल्कि नेपाल, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका,पाकिस्तान में बनने वाली साड़ियों को भी शामिल किया है। यहां तक कि कई ऐसी साड़ियों, जो भारत में उपलब्ध नहीं थीं, उन्हें विशेष रूप से भारत से बाहर से आयात कराया गया और उसमें मॉडल्स का फोटोशूट करवाकर पुस्तक में शामिल किया।

### इसी वर्ष अक्टूबर में होगा पुस्तक का विमोचन

*शालिनी ने कहा कि करीब 250 पृष्ठों की इस पुस्तक में प्रिंटिंग, एम्ब्रॉयडरी, बिफोर एंड आफ्टर वीविंग, हैंड वॉवन सहित कुल 156 प्रकार की बुनाई और तकनीकों को 12 अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और इतने सालों की मेहनत से बनी साड़ियों पर आधारित इस पुस्तक का लोकार्पण इसी वर्ष अक्टूबर से पहले किया जाएगा और यह अपने प्रकार की एक अनूठी एवं संदर्भात्मक पुस्तक होगी।*


पुस्तक की परिकल्पना पर चर्चा करती हुई शालिनी गुप्ता और डॉ. अन्का शर्मा।

### संस्कृत के शब्द 'शाटिका' का अर्थ है 'साड़ी'

*शाटिका ग्रंथ की हेड शालिनी गुप्ता ने कहा कि संस्कृत के शब्द 'शाटिका' का अर्थ है, 'साड़ी' और इस ग्रुप का बनाने का उद्देश्य ही महिलाओं में साड़ियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर के हैंडलूम उत्पादों को प्रोत्साहित करना है। इस वजह से जब अन्का शर्मा के साड़ियों पर की गई रिसर्च के बारे में हमें पता चला तो मैंने इस पुस्तक की परिकल्पना और प्रकाशन की जिम्मेदारी ली, साथ ही इस पुस्तक के लिए महिलाओं का फोटोशूट भी कराया, जिसके अंतर्गत विश्वभर के प्रसिद्ध, नामचीन साथ ही विलुप्ती के कगार पर पहुंच चुकी हैंडलूम साड़ियों में करीब 35 से 45 महिलाओं को विभिन्न प्रकार की साड़ियां पहने हुए प्रदर्शित किया जाएगा और प्रत्येक साड़ी से जुड़ी संपूर्ण जानकारी, उसकी बुनाई, निर्माण प्रक्रिया और विशेषताओं का विवरण जो ऑनलाइन भी मौजूद नहीं है, दिया जाएगा।*

---

### गांधी भवन में भारत की भाषाई विरासत पर केंद्रित संगोष्ठी

# भारत की भाषाई विविधता विश्व में अद्वितीय, आज भी 1150 से अधिक भाषाएं जीवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत आज भी दुनिया के सबसे समृद्ध भाषाई देशों में से एक है। देश में आज भी 1,150 से अधिक भाषाएं और बोलियां जीवित हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता, ज्ञान परंपरा और सामाजिक इतिहास की जीवंत पहचान हैं.... उपरोक्त कथन हम, सब ओर गांधी भवन की संयुक्त पहल पर मंगलवार को गांधी भवन, में आयोजित संगोष्ठी में प्रख्यात भाषाविद् एवं साहित्यकार डॉ. गणेश देवी ने कहे।

भारत की भाषाई विरासत, उसके संरक्षण और भविष्य पर केंद्रित इस संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि वह किसी समाज के इतिहास, दर्शन, लोकज्ञान, जीवन-दृष्टि और सांस्कृतिक अनुभवों की संवाहक भी होती है। इसलिए भाषाओं का संरक्षण केवल साहित्यिक दायित्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है।


गांधी भवन में व्याख्यान सुनते श्रोता। इनसेट : डॉ. गणेश देवी

### भाषाई इतिहास को विभिन्न कालखंडों में समझाया

डॉ. गणेश देवी ने भारत के भाषाई इतिहास को विभिन्न कालखंडों में समझाते हुए संस्कृत के प्रभाव वाले काल, फारसी के प्रभाव वाले दौर तथा आधुनिक समय में अंग्रेजी के प्रभाव वाले काल की व्यापक व्याख्या की। जिसमें उन्होंने भारतीय भाषाओं की अपनी मौलिकता, जीवंतता और सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने की बात कही।

### भारत की भाषाई विविधता ही सबसे बड़ी सांस्कृतिक पूंजी

डॉ. गणेश देवी ने युवाओं से भारतीय भाषाओं एवं लोकभाषाओं के अध्ययन, दस्तावेजीकरण और संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उनका कहना था कि भारत की भाषाई विविधता उसकी सबसे बड़ी सांस्कृतिक पूंजी है, जिसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

### मातृभाषाओं तथा भारतीय भाषाओं को मिले सम्मानजनक स्थान

*डॉ. देवी ने कहा कि भारतीय भाषाओं का भविष्य तभी सुरक्षित रह सकता है, जब शिक्षा, प्रशासन, न्याय, विज्ञान और तकनीकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मातृभाषाओं तथा भारतीय भाषाओं को सम्मानजनक स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाषाई विविधता लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है और किसी भाषा का लुप्त होना केवल शब्दों का खो जाना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण सांस्कृतिक संसार का समाप्त हो जाना है।*

---

## मानव संग्रहालय में सुलेमान हेरेंज को भावभीनी विदाई



**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में सुलेमान हेरेंज, कार्यालय अधीक्षक के सेवानिवृत्त होने पर शैलकला भवन में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संग्रहालय के निदेशक सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके समर्पित, ईमानदार और अनुकरणीय सेवाकाल को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही यहां मौजूद कर्मचारियों ने उनसे जुड़े कई किस्से भी साझा किए तो कुछ लोग अपने अनुभव सुनाते सुनाते भावविभोर भी हो गए।

- समर्पित ईमानदार अनुकरणीय सेवाकाल को किया याद

## रंगरेज के मंच पर सजी कला की बहुरंगी शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में मंगलवार की शाम रेलवे आवासीय कॉलोनी में रंगरेज़ कल्चरल एंड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक कला के विविध रंगों से सराबोर रही। संगीत, कविता, चित्रकला और रंगमंच से जुड़े कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच मिला। आयोजन में नाट्य मंचन, चित्र प्रदर्शनी, रंग-संगीत, काव्य गोष्ठी और संवाद सत्रों ने दर्शकों को बांधे रखा। रंगरेज़ नाट्य समूह ने अपनी नई प्रस्तुति हम भारत के लोग के साथ चर्चित नाटक डकैत चूहे और तो बदल देंगे का प्रभावशाली मंचन किया।

- संगीत, कविता, चित्रकला और रंगमंचीय प्रस्तुति



### अनिल टेकाम के चित्रों और जीत के सुरों ने मोहा मन

*गोंड चित्रकार अनिल टेकाम की चित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही, तो वहीं जीत अहिरवार ने तालवाद्य की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन जीत लिया। कला और अभिव्यक्ति के इस उत्सव ने रंगरेज ब्लैक बॉक्स स्टूडियो थिएटर को सृजन और संवाद के जीवंत मंच में बदल दिया।*

### आईसेक्ट पब्लिकेशन में चर्चा

## माटी के लड्डू, नाट्योन्मेष और पारमिता पुस्तकें हुई लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईसेक्ट पब्लिकेशन एवं स्कोप ग्लोबल स्किल विवि द्वारा पुस्तक लोकार्पण एवं चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुधा दुबे की बाल साहित्य पर केंद्रित पुस्तक माटी के लड्डू तथा डॉ. साधना शुक्ला का एंकार्की संग्रह नाट्योन्मेष तथा पारमिता काव्य संग्रह इन तीनों पुस्तकों का प्रकाशन आकर्षक कलेवर के साथ आई सेक्ट ब्लिकेशन ने किया। लेखिका साधना शुक्ला ने बताया कि वह अपने अधिकतर एकांकी का नाट्य मंचन कर चुकी हैं।



### अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच का आयोजन

## सावन के गीतों, गजलों और कविताओं से सजी चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच की मध्य प्रदेश इकाई की जून मास की काव्य चौपाल की बैठक संतोष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में महाकाली सोसाइटी के हॉल में आयोजित की गई। कार्यक्रम में 16 कवियों द्वारा सावन, बारिश के गीतों ,कविताओं और ग़ज़लों के रस में डूबते-उतराते बेहद खुशगवार माहौल ने बारिश का स्वागत किया। कुशल संचालन आरती शर्मा ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद कवयित्रियां-कवि।

### महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विवि का 6वां दीक्षांत समारोह

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा में भारतीयता का होगा नवोदय: राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और जीवन मूल्यों को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में भारतीयता का समावेश विकसित भारत की सुदृढ़ आधारशिला है।

भारतीय संस्कृति, संस्कार और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन से आत्मनिभज्ञ, संस्कारित और विकसित भारत का निर्माण होगा। राज्यपाल पटेल मंगलवार को उज्जैन की कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विवि के 6वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।


दीक्षांत समारोह को संबोधित करते राज्यपाल पटेल।

### भोपाल आईं एक्ट्रेस पूनम पांडे से बातचीत

## लॉकअप सीजन 2 में रितेश देशमुख और फराह खान की मौजूदगी ने शो में लगा दी है आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




रियलिटी शो लॉकअप सीजन 1 की चर्चित कंटेस्टेंट और अपने बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे इन दिनों म्यूजिक वीडियो तेरी अदाओं पे मैं वारी वारी की शूटिंग के सिलसिले में भोपाल में हैं।

इस दौरान उन्होंने हरिभूमि से विशेष बातचीत में अपने आगामी प्रोजेक्ट्स और लॉकअप सीजन 2 को लेकर अपनी राय साझा की। पूनम पांडे ने कहा, मैं लॉकअप सीजन 1 का हिस्सा रह चुकी हूं और अब जब सीजन 2 शुरू हो चुका है, तो सच कहूं तो रितेश देशमुख और फराह खान मुझे इस शो में बेहद शानदार और दमदार नजर आ रहे हैं।

### जल्द ही दर्शकों को दिखेगा पूनम पांडे का नया अंदाज

*अपने नए म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए पूनम ने कहा, हम भोपाल में एक बेहद खूबसूरत और धमाकेदार गाने की शूटिंग कर रहे हैं, जिसके लिए मैं यहां आई हूं। इस गाने में दर्शकों को मेरा एक बिल्कुल अलग और नया अंदाज देखने को मिलेगा।*

### भोपाल और उसके आसपास की लोकेशंस पर फिल्माया गीत

उन्होंने बताया कि गाने की शूटिंग भोपाल और उसके आसपास की खूबसूरत लोकेशंस पर की जाएगी, जिसमें भोपाल और उसके आस पास की लोकेशन देखने को मिलेगी।

### अंतरराष्ट्रीय क्षुद्र ग्रह दिवस पर साइंस सेंटर में दिखा विज्ञान और रोमांच का अनूठा संगम

# डायनासोर के विलुप्त होने से ग्रह की सुरक्षा तक प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करोड़ों वर्ष पहले पृथ्वी पर डायनासोरों के विलुप्त होने का कारण बने क्षुद्रग्रहों की रहस्यमयी दुनिया और भविष्य में पृथ्वी को संभावित अंतरिक्षीय खतरों से सुरक्षित रखने के वैज्ञानिक प्रयासों से विद्यार्थियों और आगंतुकों को रूबरू कराने के उद्देश्य से में अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 2026 के अवसर पर विविध विज्ञान लोकप्रियकरण गतिविधियों का आयोजन साइंस सेंटर में किया गया।


क्षुद्रगृहों के बारे में बच्चों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

### 'क्रेटर प्रभाव प्रदर्शन' ने किया ध्यान आकर्षित

वहीं अपना शानदार क्षुद्रग्रह बनाइए गतिविधि में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए विभिन्न आकार और स्वरूप के क्षुद्रग्रहों के मॉडल तैयार किए तथा उनकी संरचना और सतही विशेषताओं को समझा। वहीं 'क्रेटर प्रभाव प्रदर्शन' ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया।


उल्कापिंडों की जानकारी प्राप्त करते बच्चे।

### क्षुद्रग्रहों की उत्पत्ति, पृथ्वी पर प्रभाव दर्शाती प्रदर्शनी

कार्यक्रम का आकर्षण 'अंतरिक्षीय पिंड एवं मानव अस्तित्वः डायनासोर के विलुप्त होने से ग्रह सुरक्षा तक' प्रदर्शनी रही, जिसमें क्षुद्रग्रहों की उत्पत्ति, उनकी संरचना, पृथ्वी पर उनके प्रभाव तथा संभावित टक्करों से बचने चल रहे वअभियानों की जानकारी रोचक प्रादर्शों के माध्यम से प्रस्तुत की गई।



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह


**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

## माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे



बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं। इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग



मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।

### किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## खबर संक्षेप



### पीएसए चैलेंजर: क्वार्टर फाइनल में शमीना, सेमवाल

**मुंबई।** भारत की शमीना रियाज और ओम सेमवाल ने एचसीएल-एसआरएफआई पीएसए चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शमीना ने दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष वरीय हेली वार्ड जबकि सेमवाल ने ब्राजील के तीसरे वरीय डिएगो गोबी को हराया। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाली शमीना ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए हेली को 8-11, 11-9, 11-9, 11-9 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीय अकारी मिडोरिकावा से होगा। बाइस साल के सेमवाल ने डिएगो को 6-11, 11-6, 11-9, 9-11, 11-9 से हराकर मिस्र के आठवें वरीय जियाद इब्राहिम के साथ मुकाबला तय किया। इब्राहिम ने भारत के पांचवें वरीय सूरज कुमार चंद को सीधे गेम में 11-4, 11-6, 11-5 से हराया। तन्वी खन्ना ने पूजा आरती रघु को सीधे गम में 11-5, 11-6, 11-6 से हराया।

### आज से जागरेब रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट



**जागरेब।** विश्व चैंपियन डी गुकेश 1 जुलाई से शुरू हो रहे जागरेब रैपिड एंव ब्लिट्ज टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों का सामना करेंगे। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है जो शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाने का सबसे बड़ा मंच है। ग्रैंड शतरंज टूर के तहत इस साल की यह तीसरी प्रतियोगिता होगी और इसके बाद तीन और प्रतियोगिताएं होनी हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय स्टार प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में रैपिड शतरंज के नौ दौर जबकि ब्लिट्ज शतरंज के 18 दौर खेले जाएंगे। रैपिड में हर जीत के लिए दो अंक और ड्रॉ के लिए एक अंक मिलेगा जबकि ब्लिट्ज में जीत के लिए एक अंक और ड्रॉ के लिए आधा अंक दिया जाएगा।

### पंड्या ने बनाया सीओई को स्थायी ट्रेनिंग सेंटर



**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने अपने करियर के बाकी समय के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को अपना स्थायी ट्रेनिंग केंद्र बनाने के मकसद से बेंगलुरु में रहने का फैसला किया है और वह ऐसा करने वाले भारत के पहले प्रमुख मौजूदा क्रिकेटर बन गए हैं। पंड्या का यह कदम इसलिए सभी का ध्यान खींच रहा है क्योंकि भारत के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी आम तौर पर चोट से उबरने रिहैबिलिटेशन), फिटनेस परीक्षण या राष्ट्रीय शिविर के लिए ही सीओई जाते हैं।

# सबसे बड़ा उलटफेर, पैराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को किया बाहर

एजेंसी ▶▶ फॉक्सबोरो

जोस कैनाले ने पहले ही सडन डेथ पेनल्टी किक पर गोल किया और ऑरलैंडो गिल ने शूटआउट में दो महत्वपूर्ण बचाव किए, जिससे पैराग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को 4-3 से हराकर मौजूदा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। राउंड ऑफ 32 का यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा था। पराग्वे ने 42वें मिनट में जूलियो एनसिसो के हेडर से किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन चार बार के चैंपियन जर्मनी के लिए काई हावर्ट्ज ने 52वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया।

गिल ने बाद में अपनी जीत की राज का खुलासा करते हुए कहा, 'हमने प्रत्येक खिलाड़ी और प्रत्येक छोटी सी छोटी चीज का भी विश्लेषण किया था और यही वजह थी कि मैं सिर्फ दो पेनल्टी चूक पाया। यह जीत पराग्वे के लोगों को समर्पित है।'





### हम एकजुट हैं : कैनाले

कैनाले ने कहा, 'हमें कम करके आंका गया लेकिन हमें खुद पर भरोसा था। हम एक और मैच खेलने के हकदार थे। हमारी टीम की खासियत यह है कि हम एकजुट हैं। हम आज के मैच में अपनी असली ताकत दिखाने के लिए प्रतिबद्ध थे।'

### पैराग्वे ने 24 साल बाद लिया बदला

जर्मनी ने 2002 में अंतिम 16 के उस मैच में पराग्वे को 1-0 से हराया था। पराग्वे ने इस तरह से 24 साल बाद उसका बदला चुकता कर दिया। पराग्वे इससे पहले पांच बार विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में हिस्सा ले चुका था, लेकिन एक भी गोल करने में असफल रहा था। इनमें से वह केवल एक बार ही आगे बढ़ पाया था, जब उसने विश्व कप 2010 में अंतिम 16 में जापान को पेनल्टी शूटआउट में हराया था।





### पराग्वे ने जर्मनी को हराकर किया हैरान

*फीफा रैंकिंग में 34वें स्थान पर मौजूद पराग्वे की जीत पर बहुत कम सट्टा लगा था लेकिन उसने 12वें स्थान पर काबिज जर्मनी को हराकर दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों को हैरान कर दिया। पराग्वे की टीम अब शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में मंगलवार को फ्रांस और स्वीडन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।*

## नॉकआउट में तीसरी बार हारा जापान

*ह्यूस्टन। जापान को पहले भी विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में हार से दिल टूटने का अनुभव है और हर बार की तरह इस बार भी उसने अगली बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। जापान को पहले हाफ में बढ़त बनाने के बावजूद पांच बार के चैंपियन ब्राजील से इंजरी टाइम के गोल के कारण 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम एक बार फिर से आखिर तक डटी रही, लेकिन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यह लगातार तीसरी बार है जब जापान नॉकआउट राउंड में बढ़त बनाने के बावजूद हार गया। जापान इससे पहले चार अवसरों पर नॉकआउट में जीत हासिल नहीं कर पाया लेकिन उसके कोच हाजिमे मोरियासु ने अगले विश्व कप में इससे बेहतर प्रदर्शन करने को अपना लक्ष्य बनाया है। 'चार साल पहले जापान ने शुरुआती बढ़त बनाई थी लेकिन आखिर में राउंड ऑफ 16 में क्रोएशिया से पेनल्टी शूटआउट में हार गया था। वहीं नहीं 2018 में भी अंतिम 16 में उसे इसी तरह की हार का सामना करना पड़ा था जब वह दूसरे हाफ में बेल्जियम से 2-0 से आगे था लेकिन स्टॉपेज टाइम के गोल के कारण 3-2 से हार गया था।*

## शूटआउट में मोरक्को का जलवा
### नीदरलैंड को हराकर अंतिम 16 में एंट्री



डियोप बने संकटमोचक सैबारी ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ ग्वाडालूप

इस्सा डियोप ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी का गोल किया जबकि इस्माइल सैबारी ने पेनल्टी शूटआउट में निर्णायक गोल दागा, जिससे मोरक्को ने नीदरलैंड को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले निर्धारित और अतिरिक्त समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट में भी चार राउंड के बाद स्कोर 2-2 से बराबर था। मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनू ने क्रिसेंसियो समरविले के शॉट को अपने बाएं हाथ से रोक दिया। इसके बाद सैबारी ने गोलकीपर बार्ट वर्बुगेन के दूसरी ओर गोल लगाने पर निचले बाएं कोने में विजयी गोल दाग दिया। इस मिडफील्डर ने अपनी शर्ट उतार दी और खुशी से चिल्लाने लगा। इसके बाद उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया और वह जीत का जश्न मनाने लगे। पेनल्टी शूटआउट के दूसरे राउंड में जब मोरक्को 1-0 से पीछे चल रहा था, तब वर्बुगेन ने सोफियान रहीमी के शॉट को रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोलकीपर गेंद को पकड़ नहीं पाए और अपने पैर के पिछले हिस्से से उसे गोल लाइन के पार धकेल दिया। मोरक्को शनिवार को ह्यूस्टन में राउंड ऑफ 16 में कनाडा का सामना करेगा।

## जीत के बाद बेकाबू हुए मोरक्को के फैंस

एजेंसी ▶▶ द हेग

मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फुटबॉल विश्व कप से बाहर कर दिया, जिसके बाद द हेग में फुटबॉल प्रशंसकों की पुलिस से झड़प हुई जबकि कासाब्लांका में जश्न मनाया गया। नीदरलैंड में मोरक्को के लोगों की काफी बड़ी आबादी है और जीत के बाद मोरक्को फुटबॉल टीम के प्रशंसक जश्न के मूड में थे लेकिन इस दौरान छिटपुट झड़पें भी हुईं। द हेग में पुलिस ने बताया कि शिल्डर्सविज्क हलाके में जबरदस्त आतिशबाजी की गई।

## लुकाकू की फिटनेस पर सस्पेंस

एजेंसी ▶▶ सिएटल

बेल्जियम के लिए सेनेगल के खिलाफ बुधवार को होने वाले विश्व कप फुटबॉल के राउंड ऑफ 32 मैच से पहले स्टार स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। अपने देश की



तरफ से सर्वाधिक गोल करने वाले 33 वर्षीय लुकाकू पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए विश्व कप से पहले मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इटली के अपने क्लब नेपोली की तरफ से पिछले सत्र में केवल सात मैच ही खेल पाए थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत शुरुआत पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶ चेस्टर ली स्ट्रीट

वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित पदार्पण और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगी। आयरलैंड के खिलाफ संजू सैमसन की दोहरी विफलता उन्हें बाहर बैठाने और सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका देने का कारण हो सकता है। अभिषेक को बेलफास्ट में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में 20 गेंद में 49 रन की पारी के कारण फिर मौका मिल सकता है।

इशान किशन भी आयरलैंड के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और 1 तथा 12 रन पर आउट हो गए। इसलिए, प्रबंधन सूर्यवंशी को शामिल करने के लिए उन्हें भी बाहर कर सकता है लेकिन वे इस बात पर विचार करेंगे कि ऐसे कदम का बाहर किए गए बल्लेबाज के मनोबल पर क्या असर पड़ सकता है।



### सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को मौका

आयरलैंड के खिलाफ सूर्यांश शेडगे और प्रिंस यादव को पदार्पण का मौका दिया, जिससे सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा। हालांकि सिर्फ सूर्यवंशी को टीम में शामिल करने से भारत की बल्लेबाजी की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो जाएगा क्योंकि इन समस्याओं के कई पहलू हैं। तेज गेंदबाजों की अनुकूल बेलफास्ट की पिच पर कोई भी भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिख रहा था।

### टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, सूर्यांश शेडगे, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, इशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार रात 10 बजे से

# जोकोविच ने की अभियान की रोमांचक शुरुआत, यिबिंग वू को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶ लंदन

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपने 21वें विंबलडन अभियान की रोमांचक शुरुआत करते हुए चीन के यिबिंग वू को 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अच्छी सर्विस की और खराब प्रदर्शन भी नहीं किया, हालांकि वह वू को सेंटर कोर्ट के माहौल का आनंद लेने से रोक नहीं सके। पहले सेट में दुनिया के 102वें रैंक वाले चीनी खिलाड़ी ने 15 विनर्स लगाए, हालांकि उतनी ही संख्या में अनफोर्स्ड गलतियां भी कीं।

### दूसरे सेट की शुरुआत में निर्णायक मोड़

दूसरे सेट की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया। अगर जोकोविच अपने शुरुआती ब्रेक अवसरों में से एक को भुना लेते, तो वह आसानी से निर्विरोध और अपेक्षाकृत सरल जीत की ओर बढ़ सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और वू का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया, जबकि दर्शक जोर-शोर से उनका नाम पुकारते रहे।



### जोकोविच ने तीसरा सेट अपने नाम किया

जोकोविच ने संघर्ष करते हुए तीसरा सेट अपने नाम किया और फिर चौथे सेट में अहम मौकों पर पूरी तरह नियंत्रण बनाकर विंबलडन के पहले दौर में अपना रिकॉर्ड 21-0 कर लिया। उन्होंने चौथे सेट में छह ब्रेक प्वाइंट बचाए, जिनमें 2-3 के स्कोर पर 0/40 से जुड़े तीन मौके भी शामिल थे। आखिरकार उन्होंने तीन घंटे और 11 मिनट में जीत हासिल की।

### वू ने मुझ पर काफी दबाव बनाया : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, वू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बहुत बड़ी सराहना मिलनी चाहिए। उन्होंने मुझ पर काफी दबाव बनाया। शायद मुझे चौथा सेट हार जाना चाहिए था। ऐसे मैच कुछ ही पॉइंट्स से तय होते हैं। सौभाग्य से मेरे पास 20 साल का अनुभव है जिससे मैं ऐसी परिस्थितियों को संभाल पाता हूं।

### जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होगी स्पर्धा

# एशियन गेम्स : टीम इंडिया का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद हरमनप्रीत कौर को जापान में होने वाले इस साल के एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा।

महिला चयन समिति ने जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की है।

### भारत ने 2023 में जीता था स्वर्ण पदक

भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी। उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं दोनों की क्रिकेट प्रतियोगिता टी20 प्रारूप में खेली जाती है।



### यास्तिका बाहर कमलिनी को मौका

स्मृति मंधाना टीम की उप कप्तान बनी रहेंगी। विश्व कप के लिए टीम में शामिल विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया बाहर होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनकी जगह कमलिनी को टीम में शामिल किया गया है। विश्व कप के बीच में टखने की चोट के कारण बाहर होने वाली श्रेयंका पाटिल को फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। वह तय समय तक फिट होने पर ही अंतिम टीम में जगह बनाएंगी।

### टीम इंडिया 2028 में ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई

भारतीय टीम ने ग्रुप चरण से बाहर होने के बावजूद इस प्रतियोगिता में एशियाई टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के कारण 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्रीचरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

## आईसीसी रैंकिंग : टी20 में श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर-1 बॉलर, बेल-एक्लेस्टोन की स्थिति मजबूत

एजेंसी ▶▶ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर श्रीचरणी वर्ल्ड नंबर 1 टी20 अंतराष्ट्रीय गेंदबाज बनी हुई हैं। हालांकि, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन बेल ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद टॉप पर पहुंचने की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

श्रीचरणी ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में 14 विकेट हासिल किए। भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट से अभियान समाप्त हो गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में खेल रही हैं। ऐसे में श्री चरणी की बढ़त पर खतरा बना हुआ है।



### एक्लेस्टन पहुंचीं तीसरे नंबर पर

एक्लेस्टन टूर्नामेंट में अब तक आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि इंग्लैंड की ही तेज गेंदबाज बेल ने और भी बड़ी छलांग लगाई और तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर आ गई हैं। साउथ अफ्रीकी स्पिनर नोनकुलुलेको म्लाबा को एक स्थान का फायदा मिला है। अब वह पांचवें पायदान पर हैं, जबकि पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर नाशरा संधू एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर आ गई।

### बल्लेबाजी में शीर्ष पर जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद इस फॉर्मेट की नंबर-1 बल्लेबाज बनी हुई हैं। साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गई, जबकि श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू ग्रुप स्टेज के दौरान आयरलैंड के खिलाफ नाबाद शतक लगाने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गईं।

### 31वीं यूरो एशिया इंटरनेशनल डब्लूएफएसकेओ ओपन कराटे चैम्पियनशिप

# कैंपियन स्कूल के 12 साल के कुशाग्र भट्ट ने जीते 2 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कैम्पियन स्कूल अरेरा कॉलोनी के सेकेण्डरी सेक्शन की कक्षा नवमीं में अध्ययनरत कुशाग्र भट्ट ने हाल ही में प्रियदर्शिनी स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, मूलुंड वेस्ट मुंबई में आयोजित 31वीं यूरो एशिया इंटरनेशनल डब्लूएफएसकेओ ओपन कराटे चैम्पियनशिप 2026 में प्रतियोगिता की कुमाइते और काता कैटेगरी में 12 वर्ष के व्यक्तिगत बॉयज लेवल में दो स्वर्ण पदकों पर अपना कब्जा जमाया। कुशाग्र के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 'सार्टिफिकेट ऑफ मेरिट' भी प्रदान किया गया। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड फुनाकोशी शोतोकान कराटे ऑरगनाईजेशन द्वारा आयोजित की गई थी। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्व के अलग अलग 27 देशों जापान, श्रीलंका, यूएई, मलेशिया, भारत, जिमबाब्वे, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल, रशिया, अमेरिका, साऊथ अफ्रिका आदि देशों के सैंकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एस.जे., उप प्राचार्य फादर फेबियानुस खलखो एस.जे. एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी ने कुशाग्र की इस अंतरराष्ट्रीय स्वर्णिम सफलता पर प्रसंन्नता व्यक्त करने के साथ ही बधाई दी व उसके आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन की कामना की।

### उड़ीसा प्रीमियर लीग थ्रोबाल चैम्पियनशिप

# जगन्नाथपुरी में मप्र के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





जगन्नाथपुरी (उड़ीसा) में 19 से 22 जून तक उड़ीसा थ्रोबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में उड़ीसा प्रीमियर लीग चैम्पियनशिप में देश-भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें मध्य प्रदेश के सबसे अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मध्य प्रदेश के कमल कुशवाहा जो कि श्रीखेत्र टीम के कप्तान थे, टीम पुरुष वर्ग में विजेता रही। मप्र के खिलाड़ियों ने जिस-जिस टीमों से खेले सबने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, उनकी टीम उप विजेता तथा तृतीय स्थान अर्जित किया। मप्र टीम के खिलाड़ी भोपाल लौटने पर शुक्रवार को प्रदेश के खेल एवं युवक कल्याण मंत्री तथा थ्रोबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वास कैलाश सारंग से उनके निवास पर भेट की। मंत्री सारंग ने म.प्र. के थ्रोबाल खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भोपाल में भी थ्रोबाल खेल की प्रीमियर लीग या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किए जाने की सहमति दी।

### साधारण सभा की बैठक में हुआ निर्वाचन

# भोपाल के विवेक स्वामी अध्यक्ष, इंदौर के राहुल व्यास बने मप्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश अमेच्योर कुराश एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक का आयोजन रविवार को इंदौर के एक होटल में किया गया। इस निर्वाचन के पर्यवेक्षक के रूप में द इंडियन कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कपूर उपस्थित थे। नवीन निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर विवेक स्वामी, महासचिव पद पर राहुल व्यास, उपाध्यक्ष पद पर डॉ अमित पोरवाल, गोपाल पालीवाल, बिट्टू शर्मा, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र रघुवंशी कोषाध्यक्ष पद पर कैलाश बाथम, संयुक्त सचिव पद पर विक्रम सिंह दांगी, हरीश टेलर, वैशाली तिवारी, महेश पुरोहित, ब्रजेश धुरेंटे, निर्वाचित हुए। सदस्य पद पर अमित रावल, आदि निर्वाचित हुए। इस अवसर पर सभी ज़िले के सचिव जिनमे, विभोर बबेले, जतिन प्रजापत, श्री फाल्के, राहुल ठाकुर, राखी राजपूत, प्रशांत कुशवाह, कपिल खरे, अजय कुंभकार आदि उपस्थित थे, सभी निर्वाचित पदाधिकारीयो को उपस्थित सदस्यों ने हार्दिक बधाई शुभकामनाएं प्रेक्षित की ओर सभी के उज्ज्वल भविष्य के कामना की।

**भोपाल**

### नीट पेपर लीक के विरोध में आयोजन

# कांग्रेस-एनएसयूआई का 'छात्रों की गूंज' अभियान शुरू





**पहले दिन दिवंगत विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि, शिक्षा व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीट यूजी-2026 पेपर लीक प्रकरण को लेकर कांग्रेस और एनएसयूआई ने मंगलवार से "छात्रों की गूंज" अभियान की शुरुआत की। अभियान के पहले दिन भोपाल के आंबेडकर पार्क (सेकंड स्टॉप) पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पेपर लीक प्रकरण के बाद जान गंवाने वाले विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की मांग उठाई गई।

सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल परीक्षा प्रणाली की विफलता नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों पर सीधा आघात हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित किए बिना युवाओं का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और न्याय की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी।

एआईसीसी कॉर्डिनेटर एवं अभियान समन्वयक डॉ. अंशुल त्रिवेदी ने कहा कि "छात्रों की गूंज" अभियान देशभर के विद्यार्थियों की आवाज को बुलंद करने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार सामने आ रही परीक्षा संबंधी अनियमितताओं ने छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त परीक्षा व्यवस्था की मांग की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार का संकल्प लिया। अभियान के तहत आगामी दिनों में संवाद कार्यक्रम, पर्चा वितरण, जनजागरण अभियान और संगठनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# रतलाम विवाद पहुंचा भोपाल, निष्कासित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय में जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**'कार्यकर्ता से पार्टी है, पार्टी से कार्यकर्ता नहीं' का नारा, जीतू पटवारी से मिलने पहुंचे कार्यकर्ता**

मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक फैसलों को लेकर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। रतलाम जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक के बाद निष्कासित किए गए कार्यकर्ता मंगलवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर अपनी नाराजगी जताने की कोशिश की। विशेष बात यह रही कि निष्कासित कार्यकर्ता प्रतीकात्मक विरोध के तौर पर लोडिंग ऑटो में सवार होकर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने "कार्यकर्ता से पार्टी है, पार्टी से कार्यकर्ता नहीं" का संदेश देते हुए संगठन के फैसले पर नाराजगी जताई। कार्यकर्ताओं का कहना था कि रतलाम में जिला कार्यकारिणी की बैठक के बाद उन्हें निष्कासित कर दिया गया, जबकि उन्हें अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिला।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930